
# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 26 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 100 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

सरकारी ऑफिस में पेन ड्राइव के इस्तेमाल पर लगी रोक

# झारखंड में राष्ट्रीय खेल दिवस की जोरदार तैयारी

## 29 से 31 अगस्त तक फिटनेस और खेल गतिविधियों की धूम, 'एक घंटा मैदान में-एक घंटा खेल के नाम' थीम पर होंगे कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी की आकांक्षा के बीच इस बार राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) पूरे देश में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसे फिट इंडिया मूवमेंट से जोड़ते हुए नागरिकों और खिलाड़ियों से अपील की है कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल और व्यायाम को समय दें। तीन दिवसीय कार्यक्रम 29 से 31 अगस्त तक देशभर में आयोजित होंगे। इसी क्रम में झारखंड भी उत्साह और जोश के साथ इस आयोजन की तैयारियों में जुटा है। राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस बार का आयोजन विशेष महत्व रखता है क्योंकि भारत खेलों के जरिए अपनी वैश्विक पहचान को और मजबूत करना चाहता है। झारखंड, जिसे लंबे समय से 'हॉकी की नर्सरी' कहा जाता है, इस बार आयोजन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार और खेल मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से राजधानी रांची सहित राज्यभर में खेल और फिटनेस गतिविधियों का खाका तैयार कर लिया गया है। खेल विभाग, हॉकी झारखंड और विभिन्न खेल संगठनों की सक्रिय भागीदारी के साथ इस बार का आयोजन सिर्फ खिलाड़ियों तक सीमित न रहकर आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

**रांची बनेगा खेलों का केंद्र**

राजधानी रांची के खेलगांव, बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में फिटनेस कार्निवल, योग शिविर, रन फॉर फिटनेस, वाद-विवाद प्रतियोगिता,



संगोष्ठी और प्रदर्शनी मैच आयोजित होंगे। विशेष रूप से महिला, पुरुष, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के लिए अलग-अलग हॉकी टूर्नामेंट की योजना बनाई गई है। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा, "हमारे लिए मेजर ध्यानचंद सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी जयंती को यादगार बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। झारखंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम न सिर्फ खिलाड़ियों को बल्कि आम नागरिकों को भी खेल से जोड़ेंगे।" वहीं, हॉकी झारखंड के पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि रांची इन तीन दिनों में खेलों का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि खेल दिवस सिर्फ औपचारिकता न रहकर एक उत्सव बने। इसके लिए स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पंचायत स्तर तक गतिविधियां सुनिश्चित की गई हैं।"

**तीनदिवसीयकार्यक्रमकीरूपरेखा**

**29 अगस्त (उद्घाटन दिवस):** मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राजधानी रांची में भव्य उद्घाटन समारोह होगा। बिरसा मुंडा स्टेडियम में फिट इंडिया रन, योग और फिटनेस एक्टिविटी तथा स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसी दिन हॉकी प्रतियोगिताओं के साथ 'खेल विमर्श' और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

30 अगस्त (प्रतियोगिता दिवस): दूसरे दिन महिला और जूनियर हॉकी मैचों के साथ स्कूल और कॉलेज स्तर पर एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल और इंडोर खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसी दिन फिट इंडिया कार्निवल और स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे।

**31 अगस्त (समापन दिवस):** अंतिम दिन पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच आकर्षण का केंद्र होगा। इसके साथ ही फिटनेस पर आधारित प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण और 'फिट इंडिया संकल्प समारोह' आयोजित होगा। समापन समारोह में उत्कृष्ट खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

जीवनशैली में खेलों की संस्कृति स्थापित करने पर जोर

झारखंड सरकार का स्पष्ट संदेश है कि खेल केवल मैदान तक सीमित न रहकर जीवनशैली का हिस्सा बने। केंद्र सरकार का उद्देश्य भी यही है कि 2036 ओलंपिक की तैयारी केवल खेल सुविधाओं तक सीमित न रहकर आम नागरिकों की दिनचर्या और जीवन में खेलों की संस्कृति स्थापित करे। 29 से 31 अगस्त तक झारखंड में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों से यह उम्मीद की जा रही है कि राष्ट्रीय खेल दिवस सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जन उत्सव के रूप में सामने आएगा। राज्य सरकार, खेल संगठनों और नागरिकों की साझा भागीदारी से यह आयोजन झारखंड को राष्ट्रीय खेल आंदोलन में अग्रणी राज्य के रूप में पहचान दिलाएगा।

## किसानों को समय पर उचित दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में कृषि, गव्य, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, भू-संरक्षण और पशुपालन विभाग की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के किसानों को ससमय और उचित दर पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने लक्ष्य और उपलब्धि का तुलनात्मक आंकड़ा देखा। बताया गया कि मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन आपूर्ति का लक्ष्य 9300 था, जिसके विरुद्ध अब तक 5120 की आपूर्ति की गई है। इसी तरह जलाशयों में 4 लाख ग्रासकार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन का लक्ष्य है। 370 मत्स्य पालकों को फीड और



जाल उपलब्ध कराने की योजना के तहत क्रमशः 259-259 मत्स्य पालकों तक आपूर्ति की जा चुकी है। उपायुक्त ने मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण, अनुसंधान योजना, फीड बेस्ड फिशरीज और केज कल्चर विस्तार योजना की भी अद्यतन जानकारी ली। गव्य और पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कामधेनु डेयरी फार्मिंग, दुधारू गाय वितरण, प्रगतिशील डेयरी कृषक सहायता योजना और चारा विकास योजना पर चर्चा की। पशुपालन विभाग से बकरा विकास योजना, सूकर पालन, बैकयार्ड कुक्कुट पालन, बतख चूजा वितरण व पशु टीकाकरण की प्रगति रिपोर्ट ली। साथ ही निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और लक्ष्यों की पूर्ति हर हाल में की जाए। कृषि विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीज वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर और निर्धारित दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## होटल के कमरे में प्रेमी ने प्रेमिका को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम**। बिहार के रोहतास जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। सासाराम नगर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में सोमवार को एक युवक ने पहले अपनी प्रेमिका को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान बॉलिया निवासी जैकी कुमार उर्फ लड्डू के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से उसका शव बरामद किया है। कमरे से एक देशी कट्टा और कारतूस का खोखा भी मिला है। सूचना मिलते ही सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। दोनों को गोली लगी है और घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पीड़िता की मां के अनुसार उनकी बेटी सासाराम के एक मॉल में काम करती थी। सोमवार दोपहर वे उसे बाजार छोड़कर लौटी थीं, लेकिन कुछ ही देर बाद होटल में गोली चलने की खबर मिली। मां का आरोप है कि युवक उनकी बेटी पर शादी का दबाव बना रहा था। अंतर्जातीय होने के कारण लड़की विवाह के लिए तैयार नहीं थी। इसी बात को लेकर युवक ने यह खौफनाक कदम उठाया। उन्होंने कहा, "बेटी की शादी कहीं और तय हो गई थी। युवक लगातार दबाव बना रहा था। आज बाजार में बेटी को छोड़ा था, थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि उसे गोली मार दी गई है।" फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

## मेदिनीनगर में सेक्स रैकेट का खुलासा सात महिलाएं और चार पुरुष गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेदिनीनगर पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में संचालित हो रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। टाउन थाना क्षेत्र के सद्दीक मंजिल चौक के पास छापेमारी में सात महिलाओं और चार पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि इस पूरे रैकेट की मास्टरमाइंड महिला सुनीता देवी है, जो पिछले दो वर्षों से देह व्यापार का गिरोह संचालित कर रही थी। उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया है। वहीं अन्य आरोपितों के खिलाफ भी जांच जारी है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मास्टरमाइंड महिला सुनीता देवी पहले





मजदूरी करती थी। धीरे-धीरे उसने देह व्यापार का धंधा शुरू किया और आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा, प्रताड़ित और जरूरतमंद महिलाओं को फंसाकर उन्हें भी इस अवैध धंधे में शामिल किया। रुपयों का लालच और जीवन यापन की मजबूरी इन महिलाओं को रैकेट का हिस्सा बनने पर विवश कर देती थी।

**लगातार सक्रिय है पुलिस**

टाउन थाना प्रभारी ने कहा कि जिले में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी तेज कर दी गई है। यह कार्रवाई एक बार फिर दिखाती है कि पुलिस की सजगता और तत्परता से शहर में अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री ने 1,400 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं की राष्ट्र को समर्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अहमदाबाद**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण किया। इन परियोजनाओं से उत्तर गुजरात के महेसाणा, पाटण, बनासकांठा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और रोजगार सृजन को नई ऊंचाई देंगी। उद्घाटित योजनाओं में 537 करोड़ रुपये की लागत से बनी महेसाणा–पालनपुर रेल लाइन (65 किमी) का दोहरीकरण, 347 करोड़ रुपये की लागत से कलोल–कड़ी–कटोसन रोड रेल लाइन (37 किमी) का गेज कन्वर्जन और 520 करोड़ रुपये की लागत से बेचराजी–रणुंज रेल लाइन (40 किमी) का गेज कन्वर्जन शामिल है। इन परियोजनाओं से उत्तर गुजरात को ब्रॉडगेज लाइन के माध्यम



से सहज, सुरक्षित और निर्बाध संपर्क मिलेगा। अहमदाबाद–दिल्ली मार्ग पर भी तेज गति से ट्रेनों का संचालन संभव होगा, जिससे यात्री और मालगाड़ियों दोनों की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बेचराजी–रणुंज रेल लाइन का गेज कन्वर्जन राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के अनुरूप है। इससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और गुजरात की लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रैंकिंग में सुधार होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कटोसन रोड–साबरमती के बीच नई यात्री ट्रेन सेवा तथा बेचराजी से कार-लोडेड मालगाड़ी सेवा का भी शुभारंभ किया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरितालिका तीज पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरितालिका तीज के अवसर पर बिहारवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि हरितालिका तीज का पर्व सुहागिन स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु और सुखद दांपत्य जीवन की कामना के लिए उपवास रखकर पूजा-अर्चना करती हैं। यह पर्व हमारे समाज की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि ऐसे पर्व समाज में आपसी सद्भाव और पारिवारिक सौहार्द को मजबूत बनाते हैं।

## हाइवा की टक्कर से युवक की मौत





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सा-सड़सी गांव के समीप सड़क पार करने के दौरान हाइवा की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी पूर्व वार्ड सदस्य कैलाश राम के 25 वर्षीय पुत्र पंकज राम उर्फ आशीष राम के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक पंकज राम शौच के लिए पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी क्रम में अज्ञात की टक्कर से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के विरोध में ग्रामीण और परिजनों ने एनएच - 139 को जाम कर दिया। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पर पहुंची थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि आशीष ओडिशा में ट्रक चलाता था। रक्षाबंधन पर घर आया था। दो भाइयों में सबसे बड़ा था। 2 साल पहली ही उसकी शादी हुई थी। एक साल की बेटी भी है। कुछ दिनों से पत्नी से विवाद चल रहा था। इस वजह से पत्नी मायके में रहती है। घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए बिहार के तीन शिक्षकों का चयन, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट योगदान के लिए हर वर्ष दिए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की घोषणा हो गई है। वर्ष 2025 के लिए देशभर से 45 शिक्षकों का चयन किया गया है, जिनमें बिहार के तीन शिक्षक भी शामिल हैं। इन शिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित करेंगी।

बिहार शिक्षा विभाग ने इस वर्ष छह शिक्षकों के नाम केंद्र को भेजे थे, जिनमें से तीन का चयन हुआ है। इनमें किशनगंज की प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि, सुपौल के गर्ल्स हाई स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार और सैनिक स्कूल नालंदा के शिक्षक डॉ. प्रमोद कुमार शामिल हैं।





**कुमारी निधि – प्राथमिक शिक्षा में नवाचार की मिसाल**

सीमावर्ती जिले किशनगंज में कुमारी निधि ने बच्चों की उपस्थिति और सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं और खेल-आधारित शिक्षण तकनीक अपनाई। उनकी पहल से विद्यालय में नामांकन दर और शैक्षणिक परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

**दिलीप कुमार – बेटियों की शिक्षा के पैरोकार**

सुपौल स्थित गर्ल्स हाई स्कूल में शिक्षक दिलीप कुमार ने छात्राओं की शिक्षा के साथ उनकी सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देते हुए स्मार्ट क्लासरूम और ई-लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराई। उनके प्रयासों से विद्यालय की छात्राओं ने राज्यस्तरीय परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

**डॉ. प्रमोद कुमार – सैनिक स्कूल नालंदा में नवाचार**

डॉ. प्रमोद कुमार ने सैनिक स्कूल नालंदा में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक बल्कि सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन से विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

## जिला मत्स्य पदाधिकारी एक लाख घूस लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया**। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के अनुदान की राशि जारी करने के एवज में रिश्वत मांगना जिला मत्स्य पदाधिकारी को भारी पड़ गया। पश्चिम चंपारण के जिला मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन को सोमवार को निगरानी विभाग की टीम ने एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मामला बैरिया प्रखंड के पखनाहा बाजार निवासी मुराद अनवर से जुड़ा है। उनकी मां मत्स्य पालन का कार्य करती हैं और प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत उन्हें 25 लाख रुपये की योजना पर 10 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत था। आरोप है कि इस अनुदान की राशि जारी करने के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी ने 10 प्रतिशत यानी एक लाख रुपये की घूस मांगी। पीड़ित मुराद अनवर



ने इस बाबत निगरानी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की पुष्टि के बाद विजिलेंस ने जाल बिछाया और सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे पीयूष रंजन को एक लाख रुपये लेते रंगेहाथ धर दबोचा। शिकायतकर्ता मुराद अनवर ने कहा, "कुल 25 लाख का काम था, जिसमें मेरा अनुदान 10 लाख रुपये था। इसका दस प्रतिशत यानी एक लाख रुपये की मांग की गई थी। शिकायत करने पर आज अधिकारी को रंगेहाथ पकड़ा गया है।" गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम आरोपी अधिकारी को पूछताछ के लिए पटना ले गई। निगरानी विभाग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि पदाधिकारी रिश्वत न देने पर शिकायतकर्ता को किसी मामले में फंसाने की धमकी भी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सोयवा नदी में डूबने से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। अस्थावां थाना क्षेत्र के मनोरमपुर गांव में रविवार की शाम उस समय कोहराम मच गया, जब 69 वर्षीय किसान सुरेंद्र प्रसाद की नदी में डूबकर मौत हो गई। खेत की ओर जाते समय सोयवा नदी पार करते हुए तेज बहाव में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे बह गए।

परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र प्रसाद रोज की तरह खेत की देखरेख के लिए निकले थे। खेत तक पहुँचने के लिए सोयवा नदी पार करनी पड़ती है। रविवार को वे अकेले ही नदी पार करने लगे, लेकिन बीच धारा में फिसलकर गहरे पानी में समा गए।

ग्रामीणों ने उन्हें बहते देखा तो शोर मचाया और तुरंत नदी में कूदकर बचाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार



### रेल की सीटी से गूंजेगी सियासत, गठबंधन में सीटों की खींचतान; कहलगांव-पीरपैंती पर जदयू की नजर

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर जिले की राजनीति में रेल ठहराव का मुद्दा अचानक चुनावी रंग ले चुका है। कहलगांव और पीरपैंती दोनों विधानसभा सीटें फिलहाल भाजपा के पास हैं, लेकिन गठबंधन की सहयोगी जदयू अब इन्हीं सीटों पर अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है।

विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर मालदा एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल और दानापुर-साहेबगंज इंटरसिटी का ठहराव पीरपैंती और शिवनारायणपुर स्टेशनों पर कराने की मांग की है। यह मांग जनता के हित में तो है ही, लेकिन राजनीतिक संदेश और भी गहरा है ।

कहलगांव और पीरपैंती को भाजपा की फिलहाल सुरक्षित गढ़ हो गया है, मगर जदयू अब यहां विकास और सुविधा के मुद्दे उठाकर जनता से सीधे जुड़ने की कोशिश कर रही है। गठबंधन के भीतर यह साफ संकेत है कि आने वाले चुनाव में जदयू चाहेगी कि ये सीटें भाजपा की बजाय उसके खाते में जाएं।

विजय कुमार सिंह का पत्र सिर्फ जनहित की पहल नहीं, बल्कि राजनीतिक चाल भी माना जा रहा है। पार्टी यह जताना चाह रही है कि जनता के असली सवाल उठाने वाली ताकत वही है।

दरअसल, यही वह आधार है जिस पर जदयू इन सीटों पर दावेदारी ठोक सकती है। रेल ठहराव का मुद्दा उठते ही कांग्रेस और राजद भी चौकन्ने हो गए हैं, क्योंकि जदयू अगर इन सीटों पर मजबूत हुई तो विपक्ष को यहां मौका मिलना मुश्किल हो जाएगा।

हालांकि, रेल मंत्रालय की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन इतना तय है कि यह मामला सुविधा से कहीं ज्यादा राजनीतिक है। कहलगांव और पीरपैंती को लेकर गठबंधन के भीतर सीटों की खींचतान अब और तेज हो सकती है।

### बिहार में झमाझम बारिश, कई स्कूल बंद! मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय है, जिसके चलते रविवार को पटना सहित कई जिलों में झमाझम बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया. इस बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई, लेकिन मौसम विभाग ने भारी बारिश और वज्रपात की आशंका को देखते हुए कई जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है. वहीं बारिश की वजह से पटना के कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है.

पटना सहित कई जिलों में बारिश: रविवार को पटना, कैमूर, वैशाली, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, शिवहर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गयाजी, शेखपुरा, बेगूसराय और मधुबनी जैसे जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई. राजधानी पटना में दोपहर तक 1.8 मिमी बारिश हुई, जबकि रोहतास में बीते 24 घंटों में 81.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई.

मौसम विभाग का अलर्ट: मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने सोमवार के लिए कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है. अरवल, भोजपुर, बक्सर, कैमूर और रोहतास जैसे जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा, प्रदेश के दक्षिण और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की आशंका है. लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

प्रमुख स्थानों पर बारिश का आंकड़ा: बिहार के विभिन्न हिस्सों में बारिश ने अलग-अलग प्रभाव दिखाया। गयाजी के फतेहपुर में 77.0 मिमी, बक्सर के राजपुर में 64.0 मिमी, पटना के बेलछी में 56.2 मिमी और रोहतास के नौहट्टा में 48.4 मिमी बारिश दर्ज की गई. अन्य स्थानों जैसे भोजपुर के चरपोखरी, गयाजी के मानपुर और खगड़िया के बालतारा में भी अच्छी खासी बारिश हुई. तापमान में बदलाव: बारिश के साथ तापमान में भी बदलाव देखा गया. पटना का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा. गयाजी में अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री और न्यूनतम 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

# राहुल, प्रियंका और तेजस्वी के मिथिलांचल आने से पूर्व गरमाई राजनीति

## इस विशेष जगह पर कार्यक्रम की नहीं मिली अनुमति



**मधुबनी, एजेंसी।** बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। इस चरण में उनके साथ प्रियंका गांधी के भी पहुंचने की संभावना है।

कांग्रेस के नेता व पूर्व एमएलसी प्रेमचन्द्र मिश्र ने आज प्रेसवार्ता करके बताया कि मिथिला हाट में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी वोटर अधिकार यात्रा के दौरान अतिपिछड़ा वर्ग की बैठक और अन्य कार्यक्रम करने वाले थे। इसके लिए अनुमति मांगी गई थी, परंतु मिथिला हाट प्रबंधन ने बुकिंग नहीं दी।

मिथिला हाट प्रबंधन के गोविंद झा का इस संबंध में कहना है कि कार्यक्रम को लेकर जो रेट कोटेशन दिया गया था, उसका भुगतान समय पर नहीं किया गया। रेट को कम करवाने के लिए चारों ओर से पैरवी होती रही, मगर भुगतान नहीं किया गया। इसलिए मना कर दिया गया।

मिथिला हाट में दूसरे कार्यक्रम की पहले से बुकिंग भी है। पूर्व एमएलसी प्रेमचंद्र मिश्रा ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी भी दी कि बुधवार को राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी, बिहार विधान सभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल होंगे। वे सुपौल से चलने के बाद एनएच 27 से होकर वाहन से फुलपरास पहुंचेंगे। वहां सिजौलिया में 1:30 में ओबीसी की बैठक में शामिल होंगे। वहीं लंच की व्यवस्था है। उसके बाद उनका काफिला झंझारपुर के मोहना चौक पर 4:00 बजे पहुंचेगा।

मोहना चौक से वे अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। चौक से होते हुए राम चौक रेलवे गुमटी-कन्हौली होते हुए वे कन्हौली एनएच पर पहुंचेंगे। उसके बाद वे वाहन से सरसोपाही होते हुए सकरी पहुंच कर सभा को संबोधित करेंगे। मिथिला हाट में बैंक्वेट हाल नहीं मिलने के कारण मिथिला हाट जाने का प्रोग्राम स्थगित हो गया है।

# पटना में बच्चों संग नदी में कूदी महिला, बेटी का मिला शव, मां की तलाश जारी



**मोकामा, एजेंसी।** परिवार की आर्थिक तंगी और पागल पति से परेशान एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दी।

इस घटना में महिला और उसकी बेटी डूब गई, जबकि एक युवक ने महिला के बेटे को नदी से निकालकर जिंदा बचा लिया। यह घटना मोकामा टाल क्षेत्र के चकसम्या ग्रामीण पुल पर हुई है। महिला सम्यागढ़ गांव की रहने वाली थी।

बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे कुंदन महतो की पत्नी मनीषा देवी (40 वर्ष) अपने दो बच्चों, मिस्टी कुमारी (7 वर्ष) और कार्तिक कुमार (4 वर्ष) के साथ घर से निकल गई।

ई-रिक्शा पर बैठकर थोड़ी दूर चकसम्या पुल पर पहुंचकर बच्चों समेत महिला उतर गई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला एक झोला कपड़ा भी साथ लाई थी। पुल पर पहुंचकर मनीषा देवी ने झोला को रख दिया और बेटे कार्तिक को गोद में लेकर बाड़ी नदी में फेंक दिया।

अपनी मां की इस क्रूरता को देख पुत्री मिस्टी ने विरोध किया। मनीषा देवी ने पुत्री को भी पकड़कर नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी।

इस पूरे घटनाक्रम को देख रहा एक युवक भी नदी में कूद पड़ा और कार्तिक को सुरक्षित बचा लिया। घटनास्थल से एक झोला कपड़ा और एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। घटना की खबर सुनकर मौके पर सम्यागढ़ पुलिस पहुंचकर कैम्प कर रही है।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी उमड़ पड़ी है। घटना के बाद स्थानीय गोताखोरों की टीम ने मिस्टी कुमारी की लाश बरामद कर ली है। महिला की तलाश की जा रही है। मनीषा देवी का पति कुंदन महतो पूरी तरह पागल बताया जाता है।

मजदूर ससुर कमलेश महतो मनीषा देवी और उसके दोनों बच्चों की परवरिश कर रहे थे। पागल पति और आर्थिक तंगी से परेशान होकर मनीषा देवी ने यह खौफनाक कदम उठाया है।

इस घटना के बाद मृतिका के घर कोहराम मच गया है। ग्रामीण महिलाएं स्वजनों को ढाढस बंधा रही हैं। सम्या पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरु कर दी है। मौके पर मनीषा के मायका से भी स्वजन पहुंच गए हैं। बेटा कार्तिक दिव्यांग है।

पहले भी दो बार खुदकुशी का प्रयास कर चुकी थी मनीषा

आर्थिक तंगी से जूझ रही मनीषा देवी पहले भी जान देने का प्रयास कर चुकी थी। बीते शुक्रवार को भी दोनों बच्चों समेत मनीषा घर से निकलकर खुदकुशी करने जा रही थी। पड़ोसियों ने देखा तो पकड़कर घर पहुंचा दिया।

छह माह पहले भी मनीषा फंदे से झूल गई थी। उस समय भी पड़ोसियों ने जान बचा ली थी। तीसरे प्रयास में मां और बेटी की जान चली गई।

ग्रामीणों ने बताया कि आर्थिक तंगी को लेकर स्वजनों से मनीषा का हमेशा झगड़ा होता रहता था। शनिवार को मनीषा बच्चों को नानी घर जाने का झूठा आश्वासन देकर घर से निकल गई।

# पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर ट्रक ड्राइवर ने की आत्महत्या, परिजनों ने बताई चौंकाने वाली सच्चाई

**शेरघाटी (गया), एजेंसी।** शहर के कृष्णा पूरी मोहल्ला में शनिवार को डेरा लेकर रह रहे ट्रक ड्राइवर ने कथित तौर पर पत्नी के प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक की पहचान रौशन गंज थाना क्षेत्र के कजराटांड़ गांव निवासी जितेंद्र चौधरी उम्र लगभग 35 वर्ष पिता रामदेव चौधरी के रूप में की गई है।

मृतक की पत्नी ने बताया कि रात में खाना खा कर सोए थे। देर रात बोले कि उल्टी जैसा लग रहा है, फिर उल्टी होने लगी। रात होने के वजह से दवा की खोज की, लेकिन नहीं मिली। काफी उल्टी करने के बाद सुस्त हो गए। इसी क्रम में उनकी मौत हो गई।

इधर जितेंद्र के घर वालों ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवरी करता था और खुशहाल जीवन जी रहा था, लेकिन जब इस लड़की से शादी की तो शेरघाटी में डेरा लेकर रहने लगा। परिजनों ने बताया कि शादी से पहले मृतक की पत्नी एक बेवा थी और उसके दो बच्चे पहले से थे।

उन्होंने बताया कि शादी के बाद कुछ दिन तक ठीक रहा, फिर दोनों के बीच कहा सुनी और एक दूसरे पर गाली गलौज का मामला सामने आ रहा था। कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन की बात बताई जाती है। मृतक के स्वजनों ने बताया कि यह सब बात वह घर में बता रहा था, लेकिन मामला पति पत्नी का था इसलिए गंभीरता से नहीं लिया गया। उसकी पत्नी चौका बर्तन करने लगी थी, जिसका वह विरोध करता था।

स्वजनों का आरोप है कि उसे जहर खाने से मौत हुई है। अब जहर खुद खाया या उसकी पत्नी ने खिलाया, यह जांच का विषय है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस दोनों बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

प्रथम दृष्टया यह आत्म हत्या का मामला प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। इधर पत्नी और बच्चे विलाप कर रहे हैं। वहीं मृतक के घर में जितेंद्र की मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

# पप्पू यादव ने सार्वजनिक मंच से तेजस्वी को कहा जननायक सियासी हलचल तेज



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बहाने बिहार की राजनीति में नए समीकरण बनाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जो कल तक तेजस्वी को अनुभवहीन, परिवारवादी जैसी उपमाओं से विभूषित कर रहे थे अचानक वे अब तेजस्वी यादव से रिश्ते सुधारने में लग गए हैं।

पप्पू यादव ने सार्वजनिक मंच से तेजस्वी को जननायक की संज्ञा देते हुए उनकी नेतृत्व क्षमता और युवाओं में पकड़ की सराहना की है। पप्पू यादव के इस कदम को राजनीतिक हलकों में चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

विश्लेषकों का मानना है कि पप्पू यादव का यह यह रुख न केवल व्यक्तिगत रिश्तों को बेहतर बनाने के प्रयास हैं, बल्कि 2025 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर राजनीतिक जमीन मजबूत करने की रणनीति भी है। जानकार मानते हैं पप्पू यादव का तेजस्वी के करीब आना विपक्षी एकजुटता को और मजबूत कर सकता है।

पप्पू यादव सदैव तेजस्वी यादव का विरोध करते रहे हैं। 2015 के चुनाव के बाद उन्होंने तेजस्वी को अनुभवहीन नेता बताया था। 2029 लोकसभा चुनाव के बाद तेजस्वी पर नेतृत्व की नाकामी का आरोप लगाया। नीतीश कुमार के 2017 में जब राजद अलग हुए तो पप्पू यादव ने कहा था कि तेजस्वी ने ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन नहीं किया।

यहां बता दें कि 2024 लोकसभा चुनाव में जब पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे तेजस्वी यादव ने उनका विरोध करते हुए जनसभा में कहा था दो गठबंधन चुनाव लड़ रहे हैं। हमें नहीं वोट करना है तो दूसरे गठबंधन को वोट कर दें।

### पटना की सड़कों पर उतरे हजारों किसान, सरकार पर लगाया जमीन हथियाने का आरोप

पटना, एजेंसी। भूमि अधिग्रहण और किसानों की समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तरह हजारों की संख्या में किसान आज पटना की सड़कों पर निकले. संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में 11 किसान संगठनों ने बुद्ध स्मृति पार्क से मार्च निकाला. प्रदर्शन कर रहे किसान मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले लेकिन पुलिस ने उन्हें डाक बांग्ला चौराहा पर रोक दिया. भूमि अधिग्रहण के खिलाफ गुस्सा: संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन कर किसानों का आरोप है कि राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन को जबरन हथियाना चाहती है. कई जिलों में अधिग्रहण प्रक्रिया चल रही है लेकिन मुआवजे की दर बेहद कम तय की गई है. किसानों का कहना है कि जमीन उनकी जीवनरेखा है, जिसके सहारे वे अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं. यदि जमीन छिन जाएगी तो उनके पास रोज़गार का कोई साधन नहीं बचेगा.

# सीआरपीएफ जवान के परिवार वाले शव का कर रहे इंतजार

## ड्यूटी के दौरान खुद को मारी थी गोली

**गया, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में सीआरपीएफ बटालियन में तैनात गया के रहने वाले शशि भूषण ने अपने ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौत हो गई थी. आज उनका शव गया लाया जा रहा है. परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है.

जानकारी के अनुसार, शशि भूषण गया के आमस प्रखंड के बड़की चिलमी गांव के रहने वाले भुवनेश्वर प्रसाद के पुत्र थे. शशि भूषण के खुद को गोली मारकर आत्महत्या की खबर जब बड़की चिलमी गांव में परिजनों को पहुंची, तो चित्कार मच गया. मौत की खबर सुनकर पिता, पत्नी और दो भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ है. गांव में भी मातम पसरा हुआ है.

19 अगस्त को ड्यूटी के लिए रवाना हुए थे: खुदकुशी करने वाले सीआरपीएफ जवान शशि भूषण के बड़े भाई रवि भूषण ने बताया कि, वह छुट्टी पर गांव आए हुए थे. 19 अगस्त को वापस छत्तीसगढ़ के सुकमा रवाना हुए थे. वहां 22 अगस्त को अपने बटालियन में योगदान दिया था. इस बीच 23 अगस्त को ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौत हो गई. घटना की जानकारी छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा हम लोगों को दी गई है.

शशि भूषण 2014 में सीआरपीएफ में बहाल हुए थे. 6 वर्ष पूर्व शादी हुई थी और एक बच्ची श्रेया कुमारी है. घटना की जानकारी के बाद पत्नी शोभा कुमारी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है. किस कारण से शशि भूषण ने यह कदम उठाया यह अभी पता नहीं चल सका है. शशि भूषण के पार्थिव शरीर का इंतजार किया जा रहा है.

वहीं, ग्रामीणों के अनुसार शशि भूषण काफी मिलनसार छवि वाले थे. गांव में जब भी छुट्टी पर आते थे, तो पूरे गांव में लोगों से मिलते थे. उनके इस कदम से पूरा गांव सदमे में है. इस घटना की जानकारी के बाद जदयू नेता पूर्व मंत्री डॉ विनोद यादव शोक व्यक्त किया है.

कारणों का पता लगाया जा रहा: इस घटना की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने की थी. वैसे पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं. आखिर शशि भूषण ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी तहकीकात की जा रही है.

# नीतीश कुमार फिर हुए एक्टिव, एक दिन स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक दिन का स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद आज सुबह से एक्टिव हैं. मुख्यमंत्री एक के बाद एक कई कार्यक्रमों में सोमवार को शामिल हुए. पटना के विभिन्न इलाकों में सीएम का कार्यक्रम हुआ. मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया तो वहीं बीपी मंडल की जयंती समारोह में भी शामिल हुए.

कल कई कार्यक्रमों को किया गया था रद्द: दरअसल, रविवार को मुख्यमंत्री को कई कार्यक्रम में शामिल होना था, तैयारी भी हो गई थी लेकिन अचानक कार्यक्रम रद्द कर दिया गया. सीएम हाउस ने अपरिहार्य कारण से कार्यक्रम रद्द होने की बात कही. हालांकि चर्चा यह होने लगी कि मुख्यमंत्री अस्वस्थ हो गए हैं और इसी कारण कार्यक्रम रद्द हुआ है. लेकिन आज सुबह से ही मुख्यमंत्री व्यस्त दिख रहे हैं.



बीपी मंडल की जयंती में हुए शामिल: सबसे पहले मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल होने के लिए देश रत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ चौराहा स्थित प्रतिमा के पास पहुंचे और बीपी मंडल को याद किया. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद थे.

कई योजनाओं का किया शिलान्यास: इसके बाद मुख्यमंत्री पटेल गोलंबर से इको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक भूमिगत नाला और चार लेन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. 196.80 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होना है. बिहार सरकार के कई मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल हुए.

इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री 328.52 करोड़ की लागत से पटना शहरी क्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के आधुनिकीकरण और बिजली तारों को चरमबद्ध तरीके से भूमिगत करने की परियोजना का कार्य आरंभ किया. पटना के डाक बंगला पर इसके लिए विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव सहित कई मंत्री इस कार्यक्रम में भी मौजूद रहे.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना साइंस कॉलेज के न्यूटन हॉस्टल के पास आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें कई योजनाओं का शिलान्यास भी किया. इसके बाद जेपी गंगा पथ के पास मुख्यमंत्री शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए. 387.40 करोड़ की लागत से दीघा से गांधी मैदान तक की योजनाओं का शिलान्यास किया है. इसी तरह करोड़ों रुपए की कई योजनाओं का तोहफा पटना को दिया है. चुनावी साल में मुख्यमंत्री एक दिन के विश्राम के बाद फिर से एक्टिव मोड में आज दिख रहे हैं.

## कैरियर काउंसेलिंग से विद्यार्थियों का बढ़ता है आत्मविश्वास

**धनबाद, एजेंसी।** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा ने यशोमति श्रीविद्या निकेतन झरिया में कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए रविवार को निःशुल्क कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम में किरोड़ी मल कॉलेज दिल्ली से आये सहायक प्राध्यापक दीपक मिश्रा ने 'कॉमर्स में कैरियर के विकल्प' विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कॉमर्स में उपलब्ध विभिन्न कोर्स जैसे बीकॉम, बीबीए, सीए, सीएस, सीएमए, एमबीए आदि के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा व रोजगार की दिशा में कई सुझाव दिये। मुख्य अतिथि यशोमति के संयुक्त सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि काउंसेलिंग से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे विद्यार्थी बड़े सपने देखने और उसे साकार करने की हिम्मत जुटा पाते हैं। मायुमं के शाखा अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि मायुमं सदैव समाजहित और युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। मंच की ओर से प्रो दीपक मिश्रा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मायुमं के शाखा अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेश बंसल, राजीव सनवतिया, विवेक लिल्हा, कार्यक्रम संयोजक दिनेश शर्मा, महिला महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल आदि थे।

## राजस्तरीय वॉलीबॉल में डीएवी कथारा ने मारी बाजी

**धनबाद, एजेंसी।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में आयोजित 'खेलो डीएवी बढ़ो डीएवी' राज्य स्तरीय डीएवी वॉलीबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गयी। समापन समारोह में क्लस्टर हेड एनएन श्रीवास्तव एआरओ सह प्राचार्य डीएवी कोयलानगर झारखंड जोन सी, पर्यवेक्षक एके सिंह प्राचार्य डीएवी सिंदरी, आर शर्मा प्राचार्य डीएवी बरोरा व टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने विजेता और उपविजेता टीमों को पदकों से सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में झारखंड के 24 डीएवी स्कूल के आठ समूह के 14 वर्ष से कम उम्र, 17 वर्ष से कम उम्र और 19 वर्ष से कम उम्र के 241 लड़के और 157 लड़कियों ने भाग लिया। 14 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी भंडारकोला उपविजेता रहा। 14 वर्ष से कम उम्र के बालिका वर्ग में डीएवी गोकुलपुर पाकुड़ विजेता और लोदना उपविजेता रहा। 17 वर्ष से कम उम्र के बालिका वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी कुसुंडा उपविजेता रहा। 17 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी जामाडोबा उपविजेता रहा। वहीं 19 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी एन आई टी आदित्यपुर उपविजेता रहा। ये विजेता टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगी।

## झरिया पुलिस ने बाइक चोरी में तीन युवकों को किया गिरफ्तार, बाइक बरामद

**धनबाद, एजेंसी।** झरिया पुलिस ने बाइक चोरी मामले में रविवार को बलियापुर में छापेमारी कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने चोरी गयी बाइक भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान चोरी की कई वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर रही है। सूत्रों की मानें तो चोरों ने अपने कई अन्य साथियों के भी नाम का खुलासा किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार झरिया, तिसरा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर रही है। गुरुवार को झरिया थाना क्षेत्र के धर्मशाला रोड स्थित मोहम्मद वाजिद ने अपनी बाइक खड़ी की थी। अपराधी बाइक चोरी कर फरार हो गये थे। झरिया पुलिस ने मातृ सदन अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा, तो आरोपी बाइक चोरी कर भागते दिखे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बलियापुर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को चोरी की बाइक सहित धर दबोचा।

## पलामू में जिस्मफरोशी धंधे का भंडाफोड़, संचालिका समेत 13 लोग हिरासत में

**धनबाद, एजेंसी।** पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के सदिक मंजिल चौक के पास पुलिस ने कल रविवार को सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 9 महिलाओं और 4 पुरुषों को हिरासत में लिया है। सेक्स रैकेट की संचालिका सुनीता देवी समेत चैनपुर के राजू कुमार चौधरी, पनेरीबांध के आकाश कुमार, बारेसाढ़ के रुस्तम तिग्गा व कानपुर के अमित कुमार और अन्य महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सदिक चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा है। इसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। एसडीपीओ व शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने कल रविवार की देर शाम करीब 8 बजे मंजिल चौक के पास छापेमारी की। इस के दौरान संचालिका सहित 13 लोगों को हिरासत में लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि संचालिका सहित 13 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है। इस तरह का गंदा माहौल बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस छापामारी के बाद से इस धंधे में शामिल लोगों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह का धंधा काफी दिनों से चल रहा था।

### दुमका में डबल मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा,

# दामाद ने ही की थी सास-ससुर की हत्या

**दुमका, एजेंसी।** पुलिस ने दुमका जिले में चार दिन पूर्व वृद्ध दंपति की हत्या का खुलासा किया है। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि दामाद ने ही पैसों के लालच में आकर सास ससुर को मौत के घाट उतारा था।

दरअसल, चार दिन पूर्व दुमका जिले के चोरकट्टा गांव निवासी वृद्ध दंपति नवगोपाल साहा और पत्नी विभू साहा का खून से सना शव उनके घर से बरामद हुआ था। शव को सबसे पहले वृद्ध दंपति के बेटे अजय साहा ने देखा था। अजय अपने ससुराल गोड्डा गया हुआ था लेकिन जब वह वापस घर लौटा तो उसने देखा कि उसके मां- बाप का शव खून से सना पड़ा हैं। जिसके बाद पीड़ित अजय साहा ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। मृतक घर में किराने की दुकान चलाते थे और हाल में उन्होंने कुछ जमीन बेची थी, जिससे उन्हें अच्छी खासी राशि प्राप्त हुई थी।

एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि जब पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की तो मृतक का मोबाइल गायब था। जब उसके मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकल गई तो आखिर कॉल उसके छोटे दामाद सुबल साहा से मिली। दरअसल दामाद सुबल साहा, पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले का निवासी है और वह सास - ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल भी हुआ था।

जब पुलिस ने उससे पूछा कि ससुर को कहां से फोन किया था तो उसने कहा कि उसने बीरभूम से कॉल किया था। उसने पुलिस को यह भी बताया कि



वह काफी समय से दुमका नहीं आया है। जिसके बाद दुमका पुलिस ने जांच में पाया कि दामाद ने ससुराल यानी चोरकट्टा गांव के बाहर से ही फोन किया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को शक के आधार पर हिरासत में लिया और उससे सख्ती से पूछताछ की। जिसके बाद आरोपी दामाद ने पुलिस के सामने हत्या का राज उगल दिया।

आरोपी दामाद ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि 19 अगस्त की रात में उसने हत्याकांड को अंजाम दिया था। हत्या के बाद आरोपी सास की सोने की चेन, अंगूठी और अन्य आभूषण लेकर भी फरार हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने आरोपी के घर से सोने की देवर बरामद किए हैं। इतना ही नहीं आरोपी ने ससुर का मोबाइल तालाब में फेंक दिया था ताकि किसी के हाथ सबूत हाथ नहीं लग सके। पुलिस ने आरोपी दामाद की निशानदेही पर तालाब से मोबाइल और हत्या के समय प्रयुक्त शर्ट को भी बरामद किया है।

मृतक नवगोपाल साहा की दो बेटी और एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी दुमका में ही हुई है। जब छोटे दामाद को पता चला कि ससुर ने बड़े दामाद को घर बनाने के लिए पैसों की मदद की है तो छोटा दामाद सुबल साहा भी ससुराल पहुंच गया और उसने ससुर से ट्रक के नये पहिये खरीदने के लिए पैसों की मांग की। लेकिन जब ससुर ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया तो दामाद गुस्से से लाल हो गया और ईंट से ससुर पर हमला कर दिया। जिससे ससुर की मौत हो गई। जब सास दौड़कर पति को बचाने पहुंची तो दामाद ने उसकी भी हत्या कर दी।

## रिम्स कैंटीन मामला : चाय पीने के बाद छात्रा आइसीयू में भर्ती, स्थिति नाजुक

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के रिम्स के कैंटीन में चाय पीने के बाद गंभीर हुई पीजी छात्रा की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। छात्रा को रिम्स के क्रिटिकल आइसीयू में वेंटिलेटर पर रखकर इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार पहले से स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि डॉक्टरों की टीम छात्रा को बचाने में लगी हुई है। कल शनिवार को मेडिसिन के विभागाध्यक्ष सहित कई डॉक्टरों ने छात्रा की स्थिति को देखा।

इस पूरे घटनाक्रम में रिम्स प्रबंधन द्वारा गठित टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम ने घटना के दिन और उस वक्त मौजूद सहपाठियों से लिखित जानकारी मांगी है। इसके बाद टीम कैंटीन संचालक को बुलाकर पूरी जानकारी लेगी। इसके अलावा कर्मचारियों को बुलाकर भी पूछताछ की जायेगी।

मालूम हो 21 अगस्त, गुरुवार की रात करीब 11 बजे कैंटीन से चाय मंगाकर पीने के बाद अचानक छात्रा की तबीयत बिगड़ गयी थी। छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां क्रिटिकल आइसीयू में वेंटिलेटर पर फिलहाल छात्रा का इलाज चल रहा है। दो दिन बाद भी छात्रा की स्थिति में बहुत अधिक सुधार नहीं आया है।

इस घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने यह निर्णय लिया कि रिम्स परिसर में कैंटीन का संचालन चयनित एजेंसी ही कर पायेंगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा निविदा के माध्यम से संचालकों का चयन किया जायेगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। वहीं, कैंटीन संचालकों का रिम्स से करार किया जायेगा, जिसका पालन करना होगा। कैंटीन पर नजर रखने के लिए कमेटी का गठन किया जायेगा, जो समय-समय पर औचक निरीक्षण करेगी।

वर्तमान में कैंटीन का संचालन पूर्व के अधिकारियों से अनुमति लेकर संचालित की जा रही थी। ऑर्थोपेडिक वार्ड के पास और पेइंग बिल्डिंग में संचालित कैंटीन को प्रबंधन ने नोटिस भी जारी किया था। यह बताया गया था कि निविदा की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## जमशेदपुर एमजीएम में चौथे तल्ले में मरीज कूदा, मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में एक मरीज की मौत ने पूरे अस्पताल परिसर में सनसनी फैला दी। चक्रधरपुर के कुरुलिया गांव निवासी 50 वर्षीय रघुनाथ मुंडा ने अस्पताल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। रघुनाथ को 21 अगस्त को दस्त और पेट दर्द की शिकायत पर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। अगले दिन उनकी स्थिति में सुधार दिखने पर उन्हें मेडिसिन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था, जहां वह बेड नंबर 518 पर भर्ती थे।

रात में रघुनाथ सो नहीं पाए। उनके बगल के मरीज विष्णु पदो ने बताया कि देर रात अचानक वह बिस्तर से उठकर बाहर चले गए। उस समय उनकी पत्नी दामंती मुंडा नीचे चली गई थीं। जब दामंती वापस लौटीं तो उन्होंने पति को बेड पर न पाकर खोजबीन शुरू की। इसी



दौरान अस्पताल के सफाईकर्मियों ने उन्हें चौथी मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर और बालकनी के बीच अचेत अवस्था में पड़ा देखा।

घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने तुरंत एमजीएम थाना पुलिस को सूचित किया। अधीक्षक डॉ. आरके मंधान भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रघुनाथ को तुरंत इमरजेंसी विभाग में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल में मौजूद मरीज और उनके परिजन दहशत में आ गए।

## चाईबासा के किसान रमेश कोड़ा इमारती पौधे लगाने को कर रहे प्रेरित

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** मेरे पास खेती के लिए 5.5 एकड़ जमीन है। जिसे मैंने तीन हिस्सों में बांटा है। आधा एकड़ जमीन में नर्सरी बनाई। जिसमें महोगनी, सागवान, शीशम, गगनश्री, गम्हार जैसे कीमती लकड़ी के पौधों के अलावा काजू, जामुन, आम, बकेन, गुलमोहर, चतनी आदि का 20 हजार पौधे हैं। नर्सरी के कारण क्षेत्र के लोगों में मेरी पहचान बनी। वन विभाग ने भी संपर्क किया। इस वर्ष डेढ़ लाख पौधों की नर्सरी तैयार की। मुझे खेती-बाड़ी से ज्यादा नर्सरी से आमदनी हुई।

**लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम से करते हैं खेती :** एक एकड़ जमीन में सब्जी का खेती करता हूं। उसमें लौकी, मटर, बैंगन, करेला, मिर्च और तरबूज लगाता हूं। इनकी खेती लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम से करता हूं। इसके अलावा बची 4 एकड़ जमीन में आम का बागान लगाया। पिछले आठ सालों में कृषि क्षेत्रों से जुड़ा हूं। अब मैं किसानों को



खेती के साथ नर्सरी को लेकर भी प्रेरित कर रहा हूं। किसानों को भविष्य के लिए कीमती लकड़ी वाले पौधे उपलब्ध कराता हूं। ताकि बगान में किनारे-किनारे पौधों को लगाएं और उसे तैयार करें। उससे उन्हें भविष्य में अच्छी आमदनी मिलेगी। एक तरह से उन्हें पैसों का पेड़ लगवाता हूं,ताकि 12-15 साल बाद उन्हें फायदा मिले। क्योंकि यही उनकी भविष्य निधि है।

**रमेश की प्रेरणा से कई किसान लगा रहे आम बगान :** आम बागबानी से प्रेरित होकर पंचायत के करीबन 15-20 किसानों ने बागबानी में हाथ आजमाया है। पुसालोटा गांव निवासी किसान रांदो बोयपाई ने आम बागवानी और नर्सरी शुरू की। छह हजार पौधों की नर्सरी और आम बागबानी से अच्छी आमदनी वे प्राप्त कर रहे। इसी तरह बाईपी गांव निवासी जोन कायम ने दो एकड़ जमीन पर बागबानी शुरू की। निश्चय ही आने वालेसमय में उसका लाभ उन्हें मिलेगा। उनकी आमदनी बढ़ेगी। आम बागबानी को सिर्फ पदाधिकारी ही नहीं किसान भी देखने पहुंचते हैं।

**आम बागबानी का गुजरात से लिया प्रशिक्षण :** मैंने आम बागवानी के लिए गुजरात से प्रशिक्षण लिया है। जिससे मुझे बागबानी में फायदा हुआ। जबकि खेती बाड़ी को लेकर उद्यान विभाग रांची और आत्मा से प्रशिक्षण लेते रहता हूं। वहीं आत्मा से किसान मित्र भी हूं। चाईबासा और मनोहरपुर के किसान हमसे बराबर संपर्क में रहते हैं बागवानी से जुड़े टिप्स लेते हैं।

**कौन हैं रमेश कोड़ा :** चक्रधरपुर प्रखंड, सिलफोड़ी पंचायत के पुसालोटा गांव निवासी रमेश कोड़ा नर्सरी और आम बागवानी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन किया है। पत्नी पार्वती पुरती मैट्रिक तक पढ़ाई की है। वह भी खेती बाड़ी में पति का सहयोग करती हैं। रमेश कोड़ा की 13 वर्षीय बेटी हरि क्यूरी कोड़ा छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती हैं। एक बेटा 3 वर्षीय नील एंड्रीक कोड़ा है। बेटी छुट्टी में घर लौटने पर खेती-बाड़ी में हाथ बंटाती है।

## यह कैसा न्याय... बढ़ते गए काम, कम कर दी गई सुविधाएं, बैंक मित्रों ने शोषण के खिलाफ आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी




**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा-जयनगर रोड स्थित गीताजंलि मैरिज हाल में रविवार को बैंक मित्र फेडरेशन आफ इंडिया का राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए बैंक मित्र शामिल हुए।

इसमें बैंक मित्र और बैंक के बीच शामिल निजी कंपनियों को हटाने, बैंक मित्र के घट रहे कमीशन को फिर से बढ़ाए जाने और उचित मानदेय सरकार द्वारा तय किए जाने को लेकर आवाज उठाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि उनके काम बढ़ते जा रहे हैं, जबकि मानदेय व कमीशन घटता जा रहा है। इस शोषण के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले सत्र में मुख्य अतिथि विधायक डा. नीरा यादव शामिल हुईं। अधिवेशन में बैंक मित्रों ने बताया कि वे लोग वित्तीय समावेशन में भूमिका निभा रहे हैं और केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद जन धन योजना के तहत घर-घर जाकर बैंक खाता खोलवाया था।

शुरुआती दिनों में मानदेय व कमीशन भी अच्छा मिल रहा था। वर्तमान समय में उनके द्वारा 45 प्रकार की सुविधाएं व बैंकिंग सुविधा देने के बाद भी उनका कमीशन कम हो रहा है। डा. नीरा ने उनकी मांगों का समर्थन किया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा कि पिछले सात-आठ सालों से बैंकों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है, बीमा संबंधी लक्ष्य बैंक मित्रों के माथे थोप दिया जाता है और हमेशा आइडी बंद कर देने की धमकी देकर कार्य कराया जाता है। वही संगठन मंत्री अजय कुमार बरनवाल ने कहा कि गांव- गांव और घर-घर तक बैंकिंग सुविधा का लाभ वर्षों से लोगों को देते आ रहे हैं, लेकिन महंगाई बढ़ने के साथ उनका कमीशन घट रहा है।

अब उनकी समस्याओं को लेकर सरकार को रणनीति बनानी होगी, नहीं तो आने वाले समय में उनका आंदोलन और धारदार होगा। मौके पर लीलावती प्रजापति, अवधेश सक्सेना, स्वेतांषु गुप्ता, राजु खतरकर, रंजीत कुमार पांडे, धर्मेंद्रु शेखर मुखर्जी समेत अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## कांके नगड़ी में ग्रामीणों के साथ झड़प में तीन पुलिसकर्मी घायल

**रांची, एजेंसी।** कांके प्रखंड के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 के विरोध में आज दिन भर पुलिस और आक्रोशित ग्रामीणों के बीच झड़प जारी रही। रिम्स-2 की प्रस्तावित ज़मीन पर धान की रोपाई कर रहे हज़ारों ग्रामीणों को रोकने के लिए पुलिस को कई बार बल प्रयोग करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े।



ग्रामीण रांची के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि ग्रामीणों ने सरकारी काम में बाधा डाली और जमीन पर कंटीले तारों से की गई बाड़ को काट दिया। इस क्रम में ग्रामीणों की हिंसा में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जबकि सिल्ली के डीएसपी और रांची के एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) को भी चोटें आई हैं। ग्रामीण एसपी ने कहा कि आज की घटना में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। पूरी घटना की वीडियोग्राफी कराई गई है और उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूरे इलाके में निषेधाज्ञा (पहले आईपीसी की धारा 144) लागू थी, इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने इसका उल्लंघन किया है, जिनकी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने बताया कि रिम्स 2 की प्रस्तावित जमीन पर आज विभिन्न संगठनों ने धनरोपण का आह्वान किया था, इसलिए पुलिस प्रशासन ने भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने की पूरी तैयारी कर ली थी। उन्होंने बताया कि कुछ देर के लिए आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड और कांके पिठोरिया मार्ग को जाम कर दिया था, लेकिन बाद में जाम हटा लिया गया और अब स्थिति सामान्य है।

# पलामू में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़:संचालिका समेत महिलाएं और ग्राहक दबोचे गए, 13 गिरफ्तार

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले में रविवार की रात पुलिस ने एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा किया। शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित एक घर में चल रहे इस अवैध धंधे का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने संचालिका समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान कई महिलाएं और पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। पुलिस फिलहाल सभी से पूछताछ कर रही है और मामले की तहकीकात में जुटी है।

इस मामले की शुरुआत तब हुई जब एसपी रीष्मा रमेशन को इलाके में सेक्स रैकेट संचालित होने की गुप्त सूचना मिली। सूचना की पुष्टि के बाद उन्होंने छापेमारी का आदेश दिया। इसके बाद डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योतिलाल रजवार और अन्य पुलिस जवान भी शामिल थे। रविवार देर रात पुलिस ने सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित संदिग्ध घर को घेर लिया और अचानक छापेमारी की।



पुलिस की जांच में सामने आया कि इस रैकेट की मुख्य संचालिका सुनीता थी। वह अपने ही घर से इस अवैध धंधे को चला रही थी। बताया जाता है कि सुनीता ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों की महिलाओं को इसमें शामिल करती थी ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें बुलाती थी। छापेमारी के दौरान घर के अलग-अलग कमरों से महिलाएं और पुरुष रंगे हाथ पकड़े गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद सभी को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार किए गए 13 लोगों में से चार ग्राहक बताए जा रहे हैं। इनमें कानपुर निवासी अमित कुमार, चैनपुर के आकाश कुमार चंद्र, रामजी कुमार चौधरी और लातेहार के रुस्तम तिग्गा शामिल हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके संपर्क कैसे बने और रैकेट का नेटवर्क किन-किन जगहों तक फैला हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

## पूर्वी टुंडी में डायरिया से महिला की मौत, 20 ग्रामीण इलाजरत

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के कई क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। रविवार को भोगता टोला निवासी बुंदिया भोक्ता (65 वर्ष) की एसएनएमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गयी, वहीं कई नये मरीज मिले। इससे पहले भी एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इधर, रविवार को लटानी पंचायत के सिंगरायडीह, रघुनाथपुर पंचायत के घोषालडीह, भोगता टोला व गोपीनाथडीह में डायरिया के नये मरीज मिले। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घोषालडीह गांव में दो व सिंगरायडीह गांव में चार नये मरीज पाये गये। बीमारी की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम रविवार की सुबह लगभग सात बजे स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रभारी डॉ विकास राणा के नेतृत्व में सिंगरायडीह गांव पहुंची। डॉ विकास राणा ने गांव की सहिया के साथ मिलकर विभिन्न घरों में पीड़ित मरीजों की जांच की। आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के बाद सभी को अस्पताल भेज दिया गया। इधर, दूसरे दिन भी सिविल सर्जन टुंडी पहुंचे और इलाज व व्यवस्था की निगरानी की। ज्ञात हो कि नये मरीज मिलने से प्रखंड में डायरिया ग्रस्त मरीजों की संख्या 20 के पार पहुंच चुकी है।रविवार को मरीजों की जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी को एसएनएमएमसीएच व टुंडी सीएचसी भेज दिया।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर एजेंडावार विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

उप विकास आयुक्त द्वारा समीक्षा के क्रम में हर घर जल, झार जल पंचायत, ग्रे वॉटर मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, जल जीवन मिशन के तहत हो रहे जलापूर्ति की गहन समीक्षा की। योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे आमजनों को पेयजल सुनिश्चित की जा सके। पिविटीजी टोलों में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

पंचायतों में प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए उपलब्ध कराए गए ट्राय साइकिल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया गया कि प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए ट्राय साइकिल का संचालन पंचायती राज विभाग की सहायता से प्रारंभ किया जाए, जिससे दैनिक रूप से कचरा उठाव का कार्य प्रभावी ढंग से प्रारंभ हो सके। इसे लेकर ठोस कार्यप्रणाली बनाने एवं इसके संचालन और रख-रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित प्लास्टिक पृथक्करण केंद्रों को पूरी तरह क्रियाशील बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया ताकि पंचायतों एवं ग्रामों को प्लास्टिक मुक्त घोषित करने की दिशा में ठोस पहल की जा सके।

उप विकास आयुक्त ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया।

बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता पर बल देते हुए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति को और अधिक सशक्त बनाने का निर्देश देते हुए कहा गया कि सप्ताह में एक बार स्वच्छता के मानकों पर विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को जागरूक करना सुनिश्चित किया जाए।

इस बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समन्वयक, एई, जेई, जल सहिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## असंगठित मजदूर मोर्चा के सम्मेलन को ले बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह** । प्रखण्ड के गादी श्रीरामपुर पंचायत के महुआ टांड़ में असंगठित मजदूर मोर्चा चतरो शाखा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कॉ किशोर राय ने की। बैठक असंगठित मजदूर मोर्चा के द्वितीय केन्द्रीय सम्मेलन को लेकर बैठक हुई जो 01 सितम्बर को सरायढेला में होना है।

बैठक में मोर्चा के जिलाध्यक्ष के अलावा जिला सचिव का कन्हाय पाण्डेय, भाकपा माले के गिरिडीह प्रखण्ड सचिव कॉमरेड मसूदन कोल्ह, सनातन साहु, पवन यादव, लखन कोल्ह, भीम कोल्ह, गुलाब कोल्ह, राजू दास, विजय दास, डीलचंद कोल्ह, मोहन कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, टूना कोल्ह, महिला सदस्य कॉमरेड मुलिया देवी, टेटू कोल्ह उपस्थित थे।

# लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर डीआरडीए के निदेशक ने जतायी नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर निदेशक डीआरडीए ने नाराजगी जताई, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय सभागार में निदेशक डीआरडीए रंथू महतो ने मनरेगा, पीएम आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में कार्यों में कोताही बरतने वाले कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें और लोगों को इसका लाभ दें।

बैठक के दौरान निदेशक ने बारी-बारी से सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की तथा मनरेगा के सभी आयामों में प्रगति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआरडीए निदेशक ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में



पूरी पारदर्शिता बरतें, ताकि सुनियोजित ढंग से योजनाओं को पूरा किया जाए और लोगों को उसका लाभ मिले। बैठक के क्रम में अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24-25 में दिए गए लक्ष्य, स्वीकृति, प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय किस्त भुगतान, फेल्यर पेमेंट, हाउस कंप्लीशन, जियो टैगिंग आदि के संबंध में जानकारी ली। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत किए जा रहे कार्यों के लक्ष्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना तथा बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

## डेंटल चेक अप कैंप का आयोजन

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के प्लेटिनम जयंती वर्ष के अवसर पर गिरिडीह शाखा इकाई ने बड्र्स गार्डन स्कूल राजगंज धनबाद में डेंटल चेकअप कैंप लगाया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि यह बस अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का प्लेटिनम जुबली वर्ष है। इस अवसर पर समाजिक दायित्व निर्वाहन कार्यक्रम के तहत कैंप का आयोजन किया। कैंप में 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स का डेंटल चेकअप किया गया। ज्ञात हो कि इस स्कूल में पूरे झारखंड के एनसीसी कैडेट्स का कैंप लगा हुआ है। कैंप में डॉक्टर बीके झा, डॉक्टर सुष्मिता बरनवाल, डॉ मोहित कुमार डॉक्टर एस के तर्व तथा डॉक्टर सचिन कुमार के द्वारा कैडेट्स का दातों का जांच किया गया तथा डेंटल हाइजीन के लिए उचित सलाह दिया।

# अपर समाहर्ता ने की पीएमएफएमइ योजना की समीक्षा

## कर्मियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज अपर समाहर्ता विजय सिंह बीरूआ ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएमएफएमइ योजना की समीक्षा की। इस दौरान अपर समाहर्ता ने एजेंडवार विभिन्न बिंदुओं की बारी-बारी समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने अधिकतम युवाओं को रोजगार से जोड़ने और तय लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही पीएम एफएमइ योजना के तहत जिला उद्यमी समन्वयक,एल डीएम /जीएम डी





आई सी को निर्देश दिया कि जिले के सभी बैंकरों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्य को तय समय पर पूरा किया जाय। इसके अलावा उन्होंने पात्र आवेदनों को बैंकों में भेजने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और योजनाओं की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए। साथ ही मुद्रा लोन से युवाओं को लाभ देने पर जोर दिया गया। बैठक में उद्योग महाप्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार बाल श्रम को समाप्त करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसके लिए पलायन परिवार को यहीं पर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने या अगर वे बाहर जा भी रहे हैं तो उनके लिए कई प्रकार के योजनाओं का लाभ उन्हें मिल पाए, इसके लिए पोर्टल पर पंजीयन करा कर उन्हें लाभ हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उक्त बातें

उपायुक्त समीरा एस ने कही। वे सोमवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ व बाल कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में समाहरणालय भवन में प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में बेहद कारगर साबित होगी। उपायुक्त ने बाल कल्याण संघ की सराहना की।

मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने कहा कि बाल श्रम को खत्म करना झारखंड सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित माहौल व शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए प्रशासन, पुलिस, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक संस्थाओं सहित सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर काम करना होगा।

बाल कल्याण संघ के संस्थापक व एटीएसईसी इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि बाल श्रम को समाप्त करने के लिए केवल कानून व नीतियां काफी नहीं हैं। इसके लिए समुदाय को जागरूक करना, परिवारों को स्थायी आजीविका से जोड़ना व बच्चों को पढ़ाई से जोड़ना बेहद जरूरी है। यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि हर स्तर पर जवाबदेही तय करने का ठोस माध्यम बनेगी। हमारा लक्ष्य है कि झारखंड का हर बच्चा सुरक्षित वातावरण में पढ़े व सम्मानजनक जीवन जी सके। कार्यक्रम की शुरूआत श्रम अधीक्षक पुनीत कुमार मिंज के स्वागत भाषण से हुई। मिंज ने कहा कि राज्य सरकार बाल श्रम उन्मूलन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इसी का परिणाम है कि झारखंड में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रवासी परिवारों को पंचायत व प्रज्ञा केंद्रों पर पंजीकरण कराने के बाद रोजगार के लिए बाहर जाने पर सरकार हर कदम पर उनका साथ दे रही है। विभिन्न परिस्थितियों में ऐसे परिवारों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वे सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसी तरह बाल श्रम उन्मूलन के लिए भी सरकार कई स्तरों पर कार्य कर रही है। नियमित निरीक्षण और रेस्क्यू अभियान के माध्यम से बाल श्रमिक बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल

सरकारी दायित्व नहीं बल्कि समाज के सभी वर्गों की साझा जिम्मेदारी है कि बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिले व उन्हें बाल श्रम से मुक्त वातावरण प्राप्त हो। कार्यक्रम में सभी जिलों से आय हुए पदाधिकारियों से ऋऋ के माध्यम से सुझाव प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में जिले के एसी कुंदन कुमार, डीएसपी यशोधरा सहित कई लोगों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों से आए अधिकारी, सरकारी विभागों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं व बाल अधिकारों से जुड़े विशेषज्ञों सहित 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आर. रॉनिटा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौराने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस की बैठक में निकाय चुनाव पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** कांग्रेस पार्टी की बैठक सोमवार को नया परिसदन भवन में नगर अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष चयन हेतु आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने किया। श्री सिंह ने बताया कि यह बैठक निकट भविष्य में नगर निकाय के चुनाव होंगे। पार्टी इन क्षेत्रों में अपना संगठन को आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में बड़की सरैया नगर पंचायत,धनवार नगर पंचायत और नगर निगम गिरिडीह का अध्यक्ष और वार्ड अध्यक्ष के अध्यक्ष पद हेतु संबंधित क्षेत्र के कार्यकताओं, पदाधिकारियों नेताओं से राय ली गई। जिसमें सर्वसम्मति से बड़की सरैया नगर पंचायत के लिए विजय कुमार मंडल, धनवार नगर पंचायत के लिए शिव शंकर चौधरी और नगर निगम गिरिडीह के लिए राजा अंसारी के नाम पर हुई। साथ ही साथ इन नगर



निकाय क्षेत्रों में वार्ड अध्यक्षों का भी नाम प्रस्ताव में आया है जिसे प्रदेश को प्रेषित किया जायेगा। प्रदेश से अनुमोदन के बाद इन नामों की अधिकारिक घोषणा की जायेगी। बैठक में नगर निकाय पर्यवेक्षक इकबाल अंसारी, प्रदेश सचिव अजय सिन्हा, ओबीसी के पूर्व जिला अध्यक्ष मदन लाल विश्वकर्मा, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, जिला प्रवक्ता योगेश्वर महथा,प्रखंड अध्यक्ष निरंजन तिवारी, राजेश तुरी,राहुल सिंह ,मथुरा ,मुरली मंडल, कृष्णा सिंह, पंकज सागर,गुलाम मुस्तफा, सिकंदर अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

**चतरा।** चतरा में आजसू पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जिले के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों और शहीदों के सपनों को पूरा करने में पार्टी नाकाम रही है।

## मवेशी चोरी में प्रयुक्त वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मवेशी चोरी की घटनाओं पर अब पुलिस की कड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी कड़ी में आज पचम्बा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर सोनू कुमार सहित पुलिस टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान पुलिस ने मवेशी चोरी में प्रयुक्त एक चारपहिया वाहन को जब्त कर लिया। साथ ही वाहन चालक जकीउद्दीन को मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मवेशी कारोबारियों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे भी चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए अभियान जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत लाभुकों को दिया गया ट्रैक्टर

## खरीफ कार्यशाला का आयोजन, किसानों को दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** भूमि संरक्षण कार्यालय, खूंटी के तहत आज कृषि यंत्रीकरण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत गुलाब महिला मंडल, तोरपा को अनुदान पर छोटा ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया। वहीं मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत शांति महिला मंडल, कर्रा एवं डोएँगर नाला जल छाजन समिति, रनियां को अनुदान पर बड़ा ट्रैक्टर दिया गया।लाभान्वित होने के पश्चात लाभुकों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे खेती समेत अन्य कृषि कार्य आसानी से कर पाएंगे।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से लाभुकों को बधाई देते हुए ट्रैक्टर की चाभी सौंपी गई।

इसी क्रम में जिला कृषि कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें किसानों एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों की उचित देखभाल, अतिवृष्टि से खाली पड़े खेतों में वैकल्पिक फसलों की बुआई एवं कृषि से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने धान फसल को बचाने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वहीं, जिला उद्यान पदाधिकारी ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और मत्स्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, उप परियोजना निदेशक आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।


**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएच/2/1/जनरल.दिनांक:22.08.2025** वरिष्ठ मंडल अभियंता, 2, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम सं. ( 1 ) सं. 129_2025-26; कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र में एईएन/डीकेएई के अधीन एसएसई/पी.वे/जीआरएई अनुभाग में पी.वे रखरखाव कार्य; **अनुमानित लागत:** रु. 1,41,98,149.81; **बयाना राशि:** रु. 2,21,000.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य; **पूर्णता अवधि:** 10 (दस) माह। **क्रम सं. (2); सं. 141_2025-26; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन सीनियर डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में हावड़ा डिवीजन सीटीआर (एस) -15.043 किलोमीटर निम्नलिखित स्थानों में- डानकुनि स्टेशन: अप 2एनडी लूप 0.148-0.870=0.722 किलोमीटर; डानकुनि: डाउन फ्लाईओवर लाइन 0.100-3.390=3.290 किमी; डानकुनि यार्ड: डीएन 2एनडी लूप 0.150-0.900=0.750 किमी; आरडी1 0.088-1.049=0.961 किमी: आरडी2 0-0.826=0.826 किमी; आरडी3 0-0.885=0.885 किमी; आरडी4 0-0.999=0.999 किमी; अनलोडिंग लाइन 1 0-1.253=1.253 किमी; अनलोडिंग लाइन 2 0-1.240=1.240 किमी: अनलोडिंग लाइन 3 0-1.064=1.064 किमी; डीडी लाइन 0-1.144=1.144 किमी. बाली-शक्तिगढ़: जौग्राम डाउन लूप 64.079-64.613=0.534 किमी.; चेराग्राम अप लूप 52.750-53.508=0.758 किमी.; डाउन लूप 52.814-53.431=0.617 किमी. एर्नाकुलम टाउन, डानकुनि और चतरा स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में-4.022 टीकेएम स्थानों में:- शक्तिगढ़-बर्धमान जंक्शन: बर्द्धमान जंक्शन डीजल शेड लाइन 5 0-0.218 = 0.218 किमी.; डीजल शेड लाइन 6 0-0.160=0.160 किमी; डीजल शेड लाइन 7 0-0.218=0.218 किमी; डीजल शेड लाइन 8 0-0.289=0.289 किमी; घोर लाइन 0-0.299 =0.299 किमी; डी कैंट लाइन 10-0.165=0.165 किमी; डी कैंट लाइन 20-0.164=0.164 किमी; बर्धमान जंक्शन - खाना जंक्शन खाना जंक्शन अप बैक शंट लाइन 1 0-0.300=0.300 किमी; अप बैक शंट लाइन 2 0-0.504=0.504 किमी; अप बैक शंट लाइन 3.0-0.592=0.592 किमी; अप बैक शंट लाइन 4 0-0.370=0.370 किमी; यूपी बैक शंट लाइन 5 0-0.401=0.401 किमी; यूपी बैक शंट लाइन 60-0.098=0.098 किमी; यूपी बैक शंट लाइन 7 0-0.244=0.244 किमी; अनुमानित लागत: रु. 2,69,31,892.50; बयाना राशि: रु. 2,84,700.00; निविदा प्रपत्र की लागत: शून्य; समापन अवधि: 12 (बारह) महीने। निविदा की अंतिम तिथि एवं समय: 15/09/2025, 14:00 बजे। **अनुमानित लागत:** रु. 2,69,31,892.50; **बयाना राशि:** रु. 2,84,700.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 15/09/2025, 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित हो जाती है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद कोई भी प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्यदिवस पर खोली जाएँगी। **निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-259/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-87, 88, 89 एवं 91/25-26 (खुला) दिनांक: 22.08.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्न-लिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1. केस सं. ओ-एसी-टी-87-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/3/एएसएन के तहत आसनसोल मंडल में एटी वेल्डिंग भागों की आपूर्ति और एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.1,49,70,589.30; **बयाना राशि:** रु.2,24,900.00; **क्रम सं. 2. केस सं. ओ-एसी-टी-88-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/2/आसनसोल के तहत आसनसोल मंडल में एटी वेल्डिंग भागों की आपूर्ति और एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.1,24,03,088.47; **बयाना राशि:** रु. 2,12,000.00; **क्रम सं. 3. केस सं.: ओ-एसी-टी-89-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक कार्यों के साथ-साथ सहायक नवीनीकरण और बफर लाइन को जोड़ने सहित टीएसआर(पी), टीआरआर (पी), टीडब्ल्यूएसईजे और टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) के ट्रैक नवीनीकरण के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.5,45,33,700.86; **बयाना राशि:** रु. 4,22,700.00; **क्रम सं. 4. केस सं.: ओ-एसी-टी-91-25-26; कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक कार्य के साथ ठेकेदार की अपनी पीक्यूआरएस मशीन सेट द्वारा सीटीआर(पी) 14.701 टीकेएम के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.4,60,07,606.90; **बयाना राशि:** रु.3,80,000.00; **कार्यों की पूर्णता अवधि:** क्रम सं. 1 से 3 के लिए 12 महीने एवं क्रम सं. 4 के लिए 18 महीने; **समापन तिथि एवं समय:** 17.09.2025 को 12.00 बजे। पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(ASN-163/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# हेमंत राज में बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर : भाकपा

## कम्युनिस्ट पार्टी मुखर होकर करेगी आंदोलन : रूचिर तिवारी





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का राज्य सम्मेलन रांची में झंडोत्तोलन के साथ शुरू हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन राज्य के पर्यवेक्षक नागेन्द्र नाथ ओझा व राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं झारखंड के प्रभारी राम कृष्ण पांडा ने किया। पार्टी का झंडोत्तोलन वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला सचिव सह डालटनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज देश के अंदर केंद्र सरकार एवं झारखंड राज्य के अंदर रोजगार देने में झारखंड सरकार फेलियर साबित हो रही है। झारखंड राज्य के अंदर एक भी बहाली हेमंत सरकार के द्वारा बिना विवादित नहीं हुआ। जिसका जीता जागता उदाहरण शिक्षक बहाली प्रक्रिया है। जिसे स्थापित कर दिया गया। वहीं सरकार में कंपनी के माध्यम से कांटेक्ट पर अस्पताल के अंदर विश्वविद्यालय के अंदर बिजली विभाग में अन्य क्षेत्रों में 8 से 10 बहाली किया जाता है। उन्हें 6 -6 महीना का वेतन भी रोककर नौजवानों के श्रम का शोषण किया जा रहा है। गैरमजरूआ जमीन को पूर्वरत करने के नाम पर आई झारखंड की हेमंत सरकार आज रघुवर दास की भाषा बोल रही है। ऐसी स्थिति में पार्टी को एक मजबूत आंदोलन करने की जरूरत है। आज पलामू जिला सहित झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है।

इस पर अलार लगाने के बजाय झारखंड सरकार पूजा सिंघल व छवि रंजन जैसे अधिकारियों को पद पर सुशोभित कर बढ़ावा दे रही है। ऐसी स्थिति में एक मजबूत कम्युनिस्ट आंदोलन की जरूरत है। सम्मेलन में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, जितेंद्र सिंह, सुरेश ठाकुर, चंद्रशेखर तिवारी, उमेश सिंह चेरो, करीमन पासवान, राजेंद्र बेटा, गिरजा राम, जनेश्वर राम हरी राम लखन राम, बिनोद भूइंया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** श्याम मंदिर प्रांगण में चतुर्थ जिला स्तरीय योगासना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न स्कूलों और क्लबों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने अलग-अलग आसनों के माध्यम से दर्शकों के ध्यान को अपने ओर आकर्षित किया। गिरिडीह जिला योगासना स्पोर्ट संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिका और महिला पुरुष के बीच कराया गया था।

प्रतियोगिता में कार्मेल स्कूल बीएसएम स्कूल ,बीएनएस डीएवी, मोंगिया स्कूल,श्री गुरुनानक विद्यालय, सीसीएल डीएभी, किरण पब्लिक स्कूल, होली क्रॉस, द बैलेंस पाथ एकेडमी ,कमला नेहरू मध्य विधायक, दिया पब्लिक,आचार्य पब्लिक स्कूल,श्री ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल,योद्धा एकादमी, जीडी बगेड़िया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के अलावा और कई क्लब और स्कूल कॉलेज के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

# राजस्व महा-अभियान : अब तक 1584 शिविर, आये 50 हजार से अधिक आवेदन

## नौ दिनों में हुआ 35.36 फीसदी जमाबंदी पंजी की प्रति का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से चलाए जा रहे राजस्व महा-अभियान (16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025) के तहत राज्य के ग्रामीण परिवारों को जमाबंदी पंजी की प्रति उपलब्ध कराने तथा पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन लेने का कार्य सभी जिले में तीव्र गति से चल रहा है। 19 अगस्त से 24 अगस्त की अवधि में सभी 38 जिलों में 1584 शिविर लगाए गए। शिविर में कुल 50 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें जमाबंदी में सुधार के आवेदनों की संख्या सर्वाधिक 38340 है। ऑफलाइन जमाबंदी को ऑनलाइन करने के आवेदनों की संख्या 7246, उत्तराधिकार नामांतरण के आवेदनों की संख्या 1465 एवं बंटवारा नामांतरण के आवेदनों की संख्या 1368 है। पिछले छह दिन में सर्वाधिक आवेदन अररिया में आए हैं। यहां आवेदनों की संख्या 5654 है। दूसरे नंबर पर खगड़िया है। यहां आवेदनों की संख्या 3131 है। तीसरे नंबर पर सुपौल है। यहां आवेदनों की संख्या 2754 है। इनके अतिरिक्त अन्य जिलों में भी अच्छी संख्या में आवेदन आए हैं। 16 अगस्त से 24 अगस्त की अवधि में सभी 38 जिलों में टीमों द्वारा 35.36 प्रतिशत जमाबंदी पंजी की प्रति का सफलतापूर्वक वितरण किया गया है। राज्य में कुल जमाबंदी की संख्या 3 करोड़ 60 लाख के करीब है। इसके मुकाबले एक करोड़ 27 लाख 26 हजार से अधिक जमाबंदी की प्रति का वितरण सभी जिलों में किया गया है। इस अवधि में कई जिलों ने वितरण में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। वैशाली (73.54%), अरवल (61.98%) और कैमूर (61.58%) जमाबंदी पंजी के वितरण के मामले में शीर्ष तीन स्थानों पर हैं। इनके अलावा गोपालगंज (61.14%), खगड़िया (60.26%), सीतामढ़ी(59.26%), जहानाबाद (57.12%), अररिया (51.50%), शेखपुरा (51.43%) तथा पूर्णिया (50.69%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में मधुबनी (46.45%), बक्सर (45.94%), भोजपुर (43.92%), मुजफ्फरपुर (41.76%), किशनगंज (39.81%), शिवहर (35.69%), सिवान (35.41%), दरभंगा (33.67%), मधेपुरा (32.91%) और नालंदा (32.38%) भी शीर्ष 20 जिलों में शामिल रहे हैं। पटना, बेगूसराय, गया, कटिहार, सहरसा, समस्तीपुर, सारण समेत अन्य जिलों में भी जमाबंदी की प्रति वितरण की स्थिति संतोषजनक है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि अभियान का लक्ष्य है कि 15 सितम्बर तक राज्य के सभी पात्र परिवारों को उनसे संबंधित जमाबंदी पंजी की प्रति उपलब्ध करा दी जाए। इसके लिए अंचल के माइक्रो प्लान के हिसाब से कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए सभी जिलों में मौजा स्तर पर निर्धारित टीम पहुंच रही है और जमाबंदी की प्रति, आवेदन प्रपत्र और पंफलेट उपलब्ध करा रही है। रैयत उपलब्ध कराई गई जमाबंदी पंजी की प्रति के हिसाब से आवेदन पंचायत में लगने वाले शिविर में जमा करेंगे। शिविर का आयोजन 20 सितंबर तक होगा। शिविर में आवेदन जमा करते मोबाइल पर ओटीपी आयेगा और आवेदन रजिस्टर्ड हो जाएगा। इसके उपरांत आवेदन पर हो रही कार्रवाई की सूचना मिलती रहेगी।

## बीआईटी पटना में स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पटना परिसर में बी.टेक., एमबीए, एम.टेक., बीसीए और बीबीए के नव-प्रवेशित छात्रों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बीआईटी मेसरा मुख्य परिसर से लाइव स्ट्रीमिंग के साथ हुई जिसमें पटना, देवघर, जयपुर और नोएडा कैंपस भी जुड़े. कुलपति प्रो. इन्द्रनील मन्ना ने छात्रों को अनुशासन, उपस्थिति और अकादमिक प्रतिबद्धता को सफल छात्र जीवन की आधारशिला बताया। बीआईटी पटना निदेशक प्रो. आनंद कुमार सिन्हा ने छात्रों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि इस वर्ष संस्थान में बिहार सहित झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, दिल्ली, असम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और गुजरात से छात्र प्रवेश ले चुके हैं जिससे परिसर में बहुआयामी शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण बनेगा।

## बी डी कॉलेज और एमएसटीसी के बीच समझौता, कचरा प्रबंधन होगा पारदर्शी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी डी कॉलेज और भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी (स्टील मंत्रालय के अंतर्गत) के बीच 25 अगस्त 2025 को एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या रत्ना अमृत ने कहा कि इस सहमति पत्र के माध्यम से अब महाविद्यालय में कचरा और ई-कचरा निष्पादन की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी जो पूरी तरह पारदर्शी होगी। यह पहल संस्थागत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। समझौते के दौरान महाविद्यालय की ओर से नामित पदाधिकारी अमित कुमार, वेस्ट और ई-वेस्ट निष्पादन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। वहीं एमएसटीसी की ओर से शाखा प्रबंधक मलय मण्डल और उप निदेशक प्रशांत मालवीय की उपस्थिति रही। इस साझेदारी के माध्यम से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## बी. पी. मंडल की जयंती पर राजकीय समारोह आयोजित, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री एवं प्रमोद चंद्रवंशी ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, मंडल आयोग के अध्यक्ष और सामाजिक न्याय के प्रतीक बी. पी. मंडल की जयंती पर आज राजधानी पटना में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह के दौरान बी. पी. मंडल के सामाजिक न्याय के प्रति योगदान को याद किया गया और उनके विचारों को आज के संदर्भ में भी प्रासंगिक बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल ने सामाजिक विषमता को तोड़ने और वंचित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए जो कार्य किया, वह भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बी. पी. मंडल को एक दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बताया




जिन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों ने देश में सामाजिक समरसता की नई दिशा तय की। भारतीय जनता पार्टी (अति पिछड़ा प्रकोष्ठ) के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बी. पी. मंडल का जीवन समता और सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने की दिशा में मंडल की सोच आज भी मार्गदर्शक बनी हुई है। इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेता, समाजसेवी, छात्र प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में मंडल के जीवन, विचारों और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे लोगों ने काफी सराहा।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से 2317 बच्चों को मिला नया जीवन : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को जीवनदान देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में 'मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना' के तहत 1 अप्रैल 2021 से 14 अगस्त 2025 तक 2317 बच्चों को निःशुल्क हृदय से संबंधित सफल सर्जरी करायी जा चुकी है। इनमें 1484 ओपन हार्ट, 821 डिवाइस क्लोजर और 12 स्टेंटिंग की प्रक्रियाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना ने हजारों परिवारों को नई उम्मीद और बच्चों को नई जिंदगी दी है। इसी कड़ी में 21 अगस्त 2025 को राज्य के विभिन्न जिलों से चिन्हित 21 बाल हृदय रोगियों को सत्य साईं हृदय अस्पताल, अहमदाबाद भेजा गया है। इसके लिए विस्तृत व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उसी दिन दोपहर 2 बजे तक 102 एम्बुलेंस की मदद से पटना एयरपोर्ट तक लाने की व्यवस्था की गई है।

## राजस्व विभाग की सख्त कार्रवाई

### संविदा शर्तों का उल्लंघन करने में 110 विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल भड़काने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में 110 विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। इनमें तथाकथित संघ की अध्यक्ष रौशन आरा और सचिव विभूति कुमार के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। उपरोक्त दोनों के खिलाफ उनके जिले के बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में कार्रवाई की गई है। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बर्खास्त किए गए विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण, कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक ने अनुचित मांगों को लेकर हड़ताल की राह अपनाई और विभागीय कार्य बाधित किया। इनमें से कुछ ने तथाकथित संघों के बैनर तले आंदोलन का आह्वान किया, जबकि कई लोग एकाएक कर्तव्य से अनुपस्थित हो गए। निदेशक जे. प्रियदर्शिनी द्वारा जारी आदेश में विशेष रूप से उल्लेख है कि संघ की अध्यक्ष रौशन आरा ने तथाकथित संघ की अध्यक्ष की हैसियत से 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया। वहीं संघ के सचिव विभूति कुमार उसी दिन से अपने दायित्वों का निर्वहन छोड़कर हड़ताल पर चले गए। विभाग ने माना कि इनका आचरण अनुशासनहीनता और सरकारी आदेश की अवहेलना की श्रेणी में आता है।

विभाग ने स्पष्ट किया कि सभी संविदा विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण, कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक की नियुक्ति संविदा नियमावली 2019 एवं संशोधित नियमावली 2022 के तहत हुई थी। नियमों के मुताबिक यह सेवा किसी भी परिस्थिति में नियमित नियुक्ति में परिवर्तित नहीं होगी।

## वैश्य देव पूजन के बाद मूर्तियों का विसर्जन, निकला भव्य जुलूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वैश्य उत्थान समिति द्वारा भारत में पहली बार पटना सिटी में आयोजित सामूहिक वैश्य देव पूजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन पुलिस में बैंड बाजे सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ विसर्जन यात्रा निकली नगर भ्रमण करते हुए भद्रघाट में 25 वैश्य देव मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत वैश्य समुदाय के गौरवपूर्ण इतिहास एवं वर्तमान जानकर जनमानस का मन बहुत ही आनंदित हुआ। सामूहिक वैश्य देव पूजन प्रतिवर्ष करने का निर्णय



लिया गया। सभी देव जनमानस को सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं रोजगार दें। विसर्जन जुलूस में मुख्य रूप से विकास मौड़ीवाल, लल्लू शर्मा, मनीष कांस्यकार, सर्व प्रकाश, मिथिलेश शर्मा, ज्योति गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, सुनील कुमार चौरसिया, मुन्ना जायसवाल, अजय शाह, शोभा सत्यम, मोहित मौड़ीवाल, पिंटू लाल कसेरा सहित सैकड़ों श्रद्धालु गण शामिल रहे।

## 90 चुनाव हार चुके राहुल गांधी बिहार में भी होंगे फेल : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अब तक 90 बार चुनाव हार चुकी है। लाख तिकड़म कर लें, बिहार में भी राहुल गांधी का फेल होना तय है। श्री सुमन ने कहा कि फेक नैरेटिव और अफवाह के जरिए मीडिया की सुर्खियां बन जा सकती है, जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता है। राहुल गांधी ने अपने दो दशकीय सक्रिय राजनीतिक जीवन में अब तक ऐसा कुछ नहीं किया है जिससे देश की जनता उन पर भरोसा करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लोकसभा



और विभिन्न राज्यों में होने वाले अन्य चुनावों में अब तक 90 बार हार चुकी है। कांग्रेस 2014, 2019 और 2024 को मिलाकर उतनी भी सीटें नहीं जीती जितनी भाजपा ने तीसरी बार अकेले जीती है। बिहार में कांग्रेस 40 और राजद 15 वर्ष तक सरकार में रहा। बिहार का वह सबसे बुरा दौर था। यह वही समय था जब बिहारियों को अपनी पहचान छुपानी पड़ती थी।

## वोटर अधिकार यात्रा को लेकर राजेश राम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में संचालित वोटर अधिकार यात्रा को लेकर अति महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में गांधी मैदान में प्रस्तावित वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न जिलों और विधानसभा के नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक में तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि गांधी मैदान में वोटर अधिकार यात्रा का समापन 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में होगा और यह ऐतिहासिक कार्यक्रम जिसमें





हमारे नेता राहुल गांधी के साथ इंडिया गठबंधन के सभी प्रमुख दलों के नेता शामिल रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर उन्होंने सभी आसपास के जिलों के नेताओं के साथ बैठक कर व्यापक स्तर पर समर्थकों को लेकर आने के लिए और विभिन्न तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी के तरफ से इस व्यापक कार्यक्रम को लेकर सहयोग का भी आश्वासन दिया। बैठक में मंचासीन नेताओं में पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, कपिलदेव प्रसाद यादव, अजय चौधरी, अंबुज किशोर झा, शशांक शेखर सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

## श्री श्याम मंडल ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बने राधेश्याम बंसल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री श्याम मंडल ट्रस्ट, पटना की विशेष बैठक राजधानी के बंदर बगीचा इलाके में हुई। इसमें त्रिवार्षिक चुनाव भी हुआ। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में राधेश्याम बंसल कार्यकारी अध्यक्ष चुन लिए गए जबकि राजेश गुप्ता अध्यक्ष, राजेश सिकारिया सचिव और ध्रुव मुरारका कोषाध्यक्ष चुने गए। इन सभी पदाधिकारी का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। बंसल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खाटू श्याम में श्याम सागर नामक धर्मशाला बनाया गया है जो पांच मंजिला है और जिसमें 100 कमरे



हैं। यहां पर गरीबों को विशेष रियायत पर ठहरने की व्यवस्था है।

## लेडिज विंग पंजाबी बिरादरी ने धूमधाम से मनाई कृष्णाष्टमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लेडिज विंग पंजाबी बिरादरी ने लाला लाजपत राय हाल में कृष्णाष्टमी धूमधाम से मनाई। कृष्ण के जीवन पर आधारित जन्म से लेकर यौवन अवस्था को बहुत ही बखूबी नाटकीय रुप से दिखाया गया। कृष्ण राधा का प्रेम, नृत्य जो कि एक दिव्य प्रेम है, आलौकिक है, आध्यात्मिक है सब पहलुओं को छूते हुए बहुत ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। लेडिज विंग की चेयनपर्सन ने यह प्रोग्राम पहली बार बरादरी में करवाया है। कृष्ण जी की नटखट अदाओं को प्रस्तुत किया गया। लेडिज विंग की अपनी ही



सदस्यों ने बहुत कम समय में ही प्रोग्राम की तैयारी की। माखन चुराना, मटकी फोड़ना और बछड़ों की रस्सी खोल देना यह नटखट अदाएं सब को भा जाती थी। कृष्ण की बांसुरी में इतनी मोहकता थी कि राधा, गोपियां तो क्या सब लोग सूध बुध खो जाते थे। ऐसा मधुर धुन, ऐसा प्रेम, ऐसी दीवानगी एक नृत्य जो महारास के रूप में जाना जाता है उसका बहुत सुन्दर चित्रण हुआ है। रेसु बबली छाबड़ा इस मौके पर पंजाबी बिरादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना जी, वी. पी. धवन जी, लवली जी उपस्थित थे एवं उमा सिंह अध्यक्षा ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर डांस में सीमा पाल, सतविंदर, जैसविन, माधुरी, बबी भल्ला, वायु, नेहा सिंह एवं वैष्णवी ने हिस्सा लिया। अमित ने उन्हें नृत्य की रिहर्सल करवाई। पास्ट चेयरपर्सन वीणा गुप्ता, बीणा सेठ, सविता जैन, नीना छाबड़ा आदि उपस्थित थी। काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। अंत में प्रसाद का वितरण एवं हाउजी भी हुई।

## भाजपा ने लिस्ट से नाम काटे, जनता ने दिल से कांग्रेस को अपनाया : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 17 अगस्त से शुरू हुई कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' ने भाजपा के झूठ और साजिश को बिहार की मिट्टी में दफन कर दिया है। हर जिले में जनता का जोश और उत्साह साफ बता रहा है कि अब बिहार भाजपा की वोट चोरी की राजनीति से तंग आ चुका है और कांग्रेस को ही जनता का असली विकल्प मान रहा है। राजेश राम ने कहा- भाजपा ने सोचा था कि नाम काटकर, लिस्ट से छेड़छाड़ करके लोकतंत्र को बेच डालेगी, लेकिन बिहार की जनता ने दिखा दिया कि लोकतंत्र उनके डीएनए में है। भाजपा



वोट चुराकर चुनाव जीतने के सपने देख रही है, लेकिन जनता ने उनके सपनों को धूल में मिला दिया है। राहुल गांधी के नाम पर जो स्नेह और प्यार जनता ने हर जिले में दिया, वो भाजपा के लिए एक सीधा संदेश है-अब झूठ और चोरी से सत्ता नहीं मिलने वाली। युवाओं का मोटो-रेली स्वागत कांग्रेस की ताकत का प्रतीक बनी।

## 22 जिलों में हो रही ड्रैगन फ्रूट की खेती

### 'ड्रैगन फ्रूट विकास योजना' के तहत इस वर्ष मिलेगा 60 फीसदी का अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए 'ड्रैगन फ्रूट विकास योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के पहले वर्ष अर्थात 2025-26 में ड्रैगन फ्रूट की खेती पर सरकार ने 60 फीसदी का अनुदान देने की घोषणा की है। इस योजना के तहत प्रति हेक्टेयर ड्रैगन फ्रूट की खेती की लागत 6.75 लाख है जिस पर कुल 40 प्रतिशत अर्थात 2.70 लाख प्रति हेक्टेयर अनुदान मिलेगा। यह अनुदान दो चरणों में दिया जाएगा। 2025-26 में मिलने वाले अनुदान का 60 प्रतिशत, यानी 1.62 लाख और 2026-27 में शेष 40 प्रतिशत अनुदान, यानी 1.08 लाख रुपए दिए जाएंगे।

**22 जिलों के लिए है यह योजना**

राज्य के 22 जिलों के किसान इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इन 22 जिलों में अररिया, औरंगाबाद, बेगूसराय, भागलपुर, बक्सर, दरभंगा, गयाजी, जमुई, कैमूर, कटिहार, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नवादा, पूर्णिया, रोहतास, समस्तीपुर, सारण, शेखपुरा, और सीवान शामिल हैं।

**उच्च मूल्य वाली फसल है ड्रैगन फ्रूट**

ड्रैगन फ्रूट एक उच्च मूल्य वाली फसल है जो कम पानी में भी उगाई जा सकती है। बाजार में इसकी अच्छी मांग भी है। किसान एक बार इस फसल को लगाने के बाद लंबे समय तक लाभ कमा सकते हैं। इस तरह से यह योजना किसानों को अधिक से अधिक आर्थिक लाभ कमाने में मदद करेगी।

**'ड्रैगन फ्रूट विकास योजना' बिहार के किसानों के लिए अवसर**

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करेगी, बल्कि राज्य की कृषि विविधता को भी बढ़ावा देगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन दे सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए संबंधित जिले के जिला उद्यान पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## बेंगलूरू एवं पुरी के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहरों के सीजन में यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा रेलवे द्वारा पुरी एवं बेंगलूरु के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए उसे पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 03230/03229 पटना-पुरी-पटना स्पेशल (झाझा-जसीडीह- आसनसोल-दानकुनी-खड़गपुर-कटक-भुवनेश्वर के रास्ते)- गाड़ी संख्या 03230 पटना-पुरी स्पेशल पटना से 28.08.2025 से 25.12.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को कुल 18 फेरे पूजा स्पेशल के रूप में परिचालित की जायेगी। यह स्पेशल पटना से 08.45 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे पुरी पहुंचती है। इसी तरह गाड़ी संख्या 03229 पुरी-पटना स्पेशल पुरी से 29.08.2025 से 26.12.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को कुल 18 फेरे पूजा स्पेशल के रूप में परिचालित की जायेगी। यह स्पेशल पुरी से 14.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.45 बजे पटना पहुंचेगी।

## महतमाईन नदी के उफान से नये इलाकों में फैला बाढ़ का पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** फल्गु की सहायक बरसाती नदी लोकाईन, महतमाईंन, भुतही, धोबा में तेज उफान आने से दनियावां प्रखंड में बाढ़ का प्रकोप गहरा हो गया है। दनियावां के सिंगरियावां पंचायत के जीवनचक-चकरज्जा गांव के बीच चकरिवा खंधा में महतमाईंन नदी का पूर्वी तटबंध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गई। किसानों के मेहनत पर पानी फिर गया। चकरज्जा गांव के दर्जनों घरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से ग्रामीण परेशान हैं। खरभैया पंचायत के सरथुआ पारी खंधा, भुतही कुआं खंधा, ढोभरा में बाढ़ का पानी ओवरफ्लो करने से करीब 100 बीघा में धान की परिपक्व होती खड़ी फसल डूब गई। इस गांव में



शिवपुरी स्थल, कालीस्थान परिसर, पुस्तकालय और रेलवे लाइन अंडरपास में काफी पानी भर गया है। ग्रामीणों को बाहर मुख्य रास्ते पर आवागमन और निकास अवरुद्ध हो गया है। जीवनचक कबीरमठ परिसर, प्राथमिक विद्यालय मद्दारीचक में बाढ़ का चार-पांच फीट पानी जमा है। तोप गांव में लाखों की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाढ़ का पानी घुस जाने से कई मशीनों के खराब होने की आशंका है। किसानों ने प्रखंड को बाढ़ ग्रसित घोषित कर मुआवजे की मांग की है।

## संपादकीय

# पैसों से जुड़े ऑनलाइन खेलों की काली दुनिया

इसमें कोई दोराय नहीं कि इंटरनेट के विस्तार के मौजूदा दौर में शायद ही कोई क्षेत्र बचा है, जिसमें इसकी भूमिका महत्त्वपूर्ण नहीं हो गई हो। मगर जितने व्यापक स्तर पर इसके सकारात्मक उपयोग का दायरा बढ़ा है, उसी के समांतर कुछ ऐसे क्षेत्र भी अपने पांव फैला रहे हैं, जो न केवल सामाजिक ढांचे को और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में लोग मनोवैज्ञानिक रूप से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' यानी धन आधारित ऑनलाइन खेल एक ऐसा ही चलन है, जिसने अब मनोरंजन की सीमा को पार करते हुए पैसे कमाने के लालच से उपजी लत और आर्थिक नुकसान का जटिल स्वरूप ग्रहण कर लिया है। भारी तादाद में लोग इसके जाल में फंस रहे हैं और अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। इसे लेकर पिछले काफी समय से चिंता जताई जा रही है, लेकिन सरकार ने इस पर लगाम लगाने या इसे विनियमित करने के बजाय इसके दूरगामी असर की अनदेखी की। इसके नतीजे अब खुल कर सबके सामने आ रहे हैं और चिंता की वजह बन रहे हैं। इसकी वजह से होने वाले नुकसान का दायरा व्यापक होते जाने के बाद अब जाकर खुद सरकार ने भी माना है कि 'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इस पर लगाम लगाना वक्त की जरूरत है। अनुमान यह लगाया गया है कि धन-आधारित ऑनलाइन खेलों के चक्कर में करीब पैंतालीस करोड़ लोग हर वर्ष लगभग बीस हजार करोड़ रुपए गंवा देते हैं।इसकी लत की वजह से अब तक सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। त्रासद पक्ष यह भी है कि इस लत की वजह से ऑनलाइन खेलों के जरिए लोग पैसे कमाने की भूख में लगातार हारते जाते हैं और बाद में कई लोग आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। इसके नुकसानों को लेकर चिंता पहले भी जताई जाती रही है, अब देर से सही, लेकिन सरकार ने गेमिंग उद्योग के एक हिस्से से मिलने वाले राजस्व के सवाल को फिलहाल पीछे छोड़ते हुए समाज कल्याण को प्राथमिकता देना तय किया है। इस क्रम में ऑनलाइन गेम को विनियमित करने एवं शैक्षिक और सामाजिक आनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को लोकसभा में पारित कर दिया गया है।सही है कि सरकार आज धन आधारित ऑनलाइन गेमिंग को एक बड़ी बुराई बताते हुए इससे बचने की जरूरत बता रही है, मगर अफसोस की बात यह है कि जब ऐसे कथित खेल लोगों के बीच अपनी जगह बना रहे थे, उन्हें समाज से काट रहे थे और इसके बहुस्तरीय नकारात्मक नतीजे सामने आने लगे थे, तब इसके प्रति जताई जाने वाली फिक्र की अनदेखी की गई।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खुद सरकार ने 2023 में पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग पर अट्ठाईस फीसद जीएसटी भी लगाया था।

---

**इलीट लोगों के क्लब लगने वाली कांग्रेस पार्टी एक मॉस आर्गनाइजेशन में बदल जाती है। जवाहरलाल लाल नेहरू ने गांधी जी का जिक्र करते हुए इसमें बताया है कि गांधी जी ने सबसे बड़ा बदलाव जो भारतीय राजनीति में किया वो ये था कि उन्होंने लोगों के मन में जो खौफ था। अंग्रेजी साम्राज्य को लेकर जो डर था। गांधी ने मनोवैज्ञानिक स्तर पर और लोगों के मानस में एक बड़ा बदलाव किया। अंग्रेजों के डर को खत्म कर दिया। उन्होंने लोगों को अभय की बात सिखाई। अभय मतलब जिसको भय नहीं है। जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने देश की संसद में खड़े होकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अभय मुद्रा का बार बार जिक्र किया। शिव की तस्वीर में और कांग्रेस का चुनाव चिह्न अभय मुद्रा है और ये निडर रहने की बात करता है।**

# मुझे तो बस चलते जाना है...पदयात्राओं ने कद बढ़ाया

(अभिनय आकाश)

आज़ादी की लड़ाई से आजादी के बाद तक विभिन्न दलों की लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिश कहीं न कहीं रंग लाती दिखी है। अब राहुल गांधी एक बार फिर से यात्रा पर निकले हैं। मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर, लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया मजरूह सुल्तानपुरी की ये लाइनें वर्तमान राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा लिखी गई किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में उन्होंने एक किस्से का जिक्र किया है जब महात्मा गांधी दिसंबर 1914 के अंत में अवतरित होती है और उसके बाद से देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आता है। इलीट लोगों के क्लब लगने वाली कांग्रेस पार्टी एक मॉस आर्गनाइजेशन में बदल जाती है। जवाहरलाल लाल नेहरू ने गांधी जी का जिक्र करते हुए इसमें बताया है कि गांधी जी ने सबसे बड़ा बदलाव जो भारतीय राजनीति में किया वो ये था कि उन्होंने लोगों के मन में जो खौफ था। अंग्रेजी साम्राज्य को लेकर जो डर था। गांधी ने मनोवैज्ञानिक स्तर पर और लोगों के मानस में एक बड़ा बदलाव किया। अंग्रेजों के डर को खत्म कर दिया। उन्होंने लोगों को अभय की बात सिखाई। अभय मतलब जिसको भय नहीं है। जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने देश की संसद में खड़े होकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अभय मुद्रा का बार बार जिक्र किया। शिव की तस्वीर में और कांग्रेस का चुनाव चिह्न अभय मुद्रा है और ये निडर रहने की बात करता है। इसी दौरान राहुल ने कहा कि इस्लाम में दोनों हाथों से दुआ करना भी एक तरह की अभय मुद्रा है। वैसे तो देश में गौतमबुद्ध, शंकराचार्य, गुरुनानक से लेकर महात्मा गांधी और विनोबा भावे तक की पदयात्रा का अपना स्वर्णिम इतिहास रहा है। महात्मा गांधी जब चला करते थे तो लोग जुड़ते चले जाते थे। वो कारवां इतना बड़ा हुआ करता था कि परिवर्तन की दिशा इस देश को आजादी में ले गई। इससे इतर राजनीतिक दलों के नेताओँ की तरफ से भी पदयात्रा निकाली गई। यात्राएं इस देश की भीतर बहुत हुईं हैं और हर यात्रा का कोई न कोई प्रतिफल उस राजनीतिक दल या नेता के भीतर जरूर आया है। देश में अब तक कई सियासी यात्राएं हुई है, उनमें से कुछ ने राष्ट्रीय या राज्य सियासत पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। लोगों ने उनसे संवाद बनाया। उनके अपने सरोकार लोगों से जुड़े और एक संवाद की स्थिति ने सत्ता तक भी पहुंचाया है।

**अब राहुल गांधी एक बार फिर से यात्रा पर निकले:** आज़ादी की लड़ाई से आजादी के बाद तक विभिन्न दलों की लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिश कहीं न कहीं रंग लाती दिखी है। अब राहुल गांधी एक बार फिर से यात्रा पर निकले हैं। अब राहुल गांधी वोट चोरी के सवाल को खड़ा करके बिहार के सासाराम से निकले हैं। 17 अगस्त शुरू हुई यह यात्रा 16 दिनों में बिहार के 20 से ज़्यादा ज़िलों से होकर गुज़रेगी। राहुल इस दौरान 1300 किमी की दूरी तय करेंगे। राहुल की वोट अधिकार यात्रा उनकी अब तक की पांचवी बड़ी यात्रा होगी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली। बर्फ और ठंड में टी शर्ट में उनका खड़े होना एक पहचान बन गई थी। उसके बाद उन्होंने मणिपुर से लेकर मुंबई तक और उसका नतीजा लोकसभा के चुनाव में दिखा। कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। बीजेपी की सीटें कम हुईं। लेकिन अब राहुल गांधी के लिए शायद सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा शुरू हो रही है। पहले की राहुल गांधी की यात्रा को लेकर लोगों के मन में बहुत



ज्यादा अपेक्षा नहीं थी। न कोई बहुत ज्यादा उम्मीद लगाए बैठा था। लोगों को लग रहा था कि राहुल कुछ नहीं कर रहे हैं तो यात्रा पर निकले हैं। लेकिन दोनों यात्राओं से राहुल गांधी की छवि बदली। कांग्रेस और उससे भी कहीं ज्यादा उनके सहयोगियों को फायदा हुआ। लोकसभा चुनाव में नतीजा भी नजर आया।

**उत्तर भारत में राहुल गांधी नरेंद्र मोदी का 'उत्तर' ढूढ़ने निकले:** पिछले दिनों नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। राहुल गांधी खास हमलावर तेवर दिखा रहे हैं। सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे है। वोट चोरी को सही मायनों में उन्होंने एक अखिल भारतीय मुद्दे में तब्दील कर दिया है। ऐसे में ये यात्रा क्या रंग लाती है। कांग्रेस और बिहार के गठबंधन को विधानसभा चुनाव में कैसे फायदा पहुंचाती है। 80 सीटों वाले यूपी, 48 सीटों वाले महाराष्ट्र और 42 सीटों वाले बंगाल में बीजेपी गिरी। लेकिन 40 सीटों वाले बिहार ने मोदी को बचा लिया। अगला युद्ध उसी बैटल ग्राउंड में है। जहां 90 के दशक के बाद कांग्रेस कभी उठ नहीं सकी है। राहुल जहां मोदी के साथ रेस लगाने के लिए उतरे हैं वहां की पॉलिटिकल पिक्चर पर थोड़ा नजर डालें तो । राहुल गांधी की बिहार यात्रा का मकसद बहुजन समाज को आकर्षित करना और नीतीश कुमार की जदयू व चिराग पासवान की लोजपा के वोट बैंक में सेंध लगाना है। राहुल ने जाति जनगणना, आरक्षण की सीमा हटाने, अत्याचारों को उजागर करने और धर्मनिरपेक्षता को मिलाकर एक नई पहचान गढ़ी है। वो मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी और दीपंकर भट्टाचार्य की सीपीआईएमएल की लाइन पर हैं।

**संभावना दिखते ही सड़क पर उतर जाते हैं राहुल:** राजनीति में अपने शुरुआती दिनों में भी राहुल ने पश्चिम यूपी के भट्टा-पारसौल में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ पदयात्रा की थी। उनकी यात्रा को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के लिए एक और चुनौती के रूप में देखा गया था। राज्य सरकार ने युवा सांसद को 9 जुलाई को पड़ोसी अलीगढ़ जिले में किसानों की महापंचायत की अनुमति देने से इनकार कर दिया था, जो जबरन भूमि अधिग्रहण को लेकर इसी तरह के आक्रोश का सामना कर रहे थे। मंदिर में राहुल ने ग्रामीणों से कहा था कि मैंने आज तक एक भी किसान नहीं देखा जो विकास के खिलाफ हो। मगर विकास के नाम पर आपकी जमीन चोरी हो रही है।

**देवरिया से दिल्ली तक किसान यात्रा:** किसानों के मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने देवरिया से दिल्ली तक किसान यात्रा की। 30 दिनों के दौरान वह लगभग एक महीने में 2,500 किलोमीटर की दूरी तय किया था। राहुल देवरिया के पंचलारी गांव से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। यात्रा के दौरान पार्टी वर्कर्स घर-घर जाकर घरों के मुखिया से किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की थी। यात्रा के लिए 250 मिनी रथ तैयार किए गए। तब यूपी में कांग्रेस ने नारा दिया था कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ...समर्थन मूल्य का करो हिसाब।

**जहाँ मिली राहुल को आग जैसी ताक़त:** 2015 में उन्होंने केदारनाथ की यात्रा की। इसका मकसद यह बताना था कि 2013 में आई आपदा के बाद स्थितियां सामान्य हो चुकी हैं। पैदल चलकर केदार नाथ मंदिर पहुँचे राहुल गाँधी ने कहा था कि यहाँ आकर मुझे आग जैसी शक्ति मिली है। राहुल ने कहा कि मैं मंदिर में गया, मैंने कुछ मांगा नहीं, लेकिन जब मैं मंदिर के भीतर गया तो मुझे आग जैसी शक्ति मिली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब ये आपदा आई तो जो यहाँ अफ़सर काम करते हैं, जिन्होंने अपना ख़ून पसीना दिया, उनके बारे में काफ़ी नकारात्मक बातें कही गईं लेकिन आपदा आने के बाद से अफ़सरों ने, सेना ने, पुलिसवालों ने बहुत अच्छा काम किया।

**पिछली यात्रा से कितनी अलग :** भारत जोड़ो यात्रा से बहुत अलग है वोटर अधिकार यात्रा महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से काफी अलग है। भारत जोड़ो यात्रा में पूरा फोकस राहुल गांधी पर था। वहीं वोटर अधिकार यात्रा में महागठबंधन के नेता खासकर तेजस्वी यादव बराबरी से शामिल हैं। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल पूरी यात्रा के दौरान पैदल चले थे। वोटर अधिकार यात्रा में राहुल जीप में रहे और आम लोगों से सीधे मिलने नहीं गए। राहुल की ये यात्रा उस समय हो रही है जब सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की मांगों को स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि नए ड्राफ्ट रोल में जिनके नाम हटाए गए हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक की जाए। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं और उसके कुछ महीनों पहले जब अचानक से एसआईआऱ की प्रक्रिया शुरू हुई, तो तमाम संदेह उठने लगे।

**नए क्वेश्चन पेपर के साथ सामने आए राहुल:** राहुल गांधी 7 अगस्त को सामने आए और उनके हाथों में आयोग का दिया वोटर लिस्ट लिए मीडिया को 2024 पोल डेटा का एक ऑनलाइन प्रजेंटेशन करके दिखाया। राहुल गांधी ने दावा किया कि कैसे महाराष्ट्र में पांच महीने के अंदर 1 करोड़ नए वोटर्स को जोड़ा गया। चुनाव आयोग ने पोल डेटा का सॉफ्ट कॉपी देने से मना कर दिया। कांग्रेस को पेपर सीट निकालने पड़े। जो पेपर निकला भी वो ओसीआर यानी ऑप्टिकल कैरेक्टर मशीन से निकाल सकते हैं। राहुल गांधी ने ये भी बताया कि चुनाव आयोग चाहता है कि सीसीटीवी फुटेज को खत्म कर दिया जाए। जिससे एक्ट्रा वोटर गायब हो जाए और उस पर सवाल न उठे।

---

# सनातन की पुनर्स्थापना हेतु मिटाने होंगे दोहरे मापदण्ड

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

सनातन की दुहाई, वैदिक विधान की परम्परा और हिन्दुत्व का मुद्दा उठाने वालों को सबसे पहले आराधना स्थलों को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कदम उठाना चाहिये जहां आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक आधारों पर खुलेआम खाई पैदा की जा रही है। शक्ति पीठों, पौराणिक स्थलों और आस्था के केन्द्रों में आमजन के लिए प्रतिबंधों की लम्बी सूची है किन्तु उन्हीं प्रतिबंधों को प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा उत्तरदायी लोगों के सामने ही खुलेआम धूल-धूसित किया जा रहा है। लगभग सभी पावन स्थलों पर आम और खास के लिए अलग-अलग व्यवस्थायें की गई हैं जिनमें दर्शन करने, प्रसाद पाने, भेंट प्राप्त करने, अंगवस्त्र मिलने, फोटो खींचने, पूजा करने, प्रतिमा के नजदीक जाने, स्वागत - सत्कार पाने जैसे अनगिनत कृत्य सम्मलित हैं। आराध्य की एक झलक पाने की लालसा से पंक्ति में खडे श्रद्धालुओं पर प्रभावशाली व्यक्ति का रौब हावी हो रहा है। तीर्थों, धामों, पीठों सहित अन्य पावन स्थलों पर असमानता, अन्याय और दुर्व्यवहार की स्थितियां चरमसीमा पर हैं। भक्ति भाव पर अहंकार का निरंतर प्रहार हो रहा है। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका से जुडे लोगों के साथ-साथ बाहुबलियों, धनबलियों, भीडबलियों, पहुंचबलियों, जुगाडबलियों आदि के स्वागत में धार्मिक स्थानों का प्रबंध तंत्र न केवल पलक पांवडे बिछाता है बल्कि उनकी प्रत्येक इच्छा की पूर्ति के लिए भी तत्पर रहता है। फोटो प्रतिबंधित, प्रवेश प्रतिबंधित, पूजन प्रतिबंधित, शोर प्रतिबंधित स्थानों पर बलशालियों को मनमानी करने की छूट दी जा रही है। इन्हें गर्भगृह तक के दृश्यों को कैमरों में कैद कराने, पुजारी द्वारा विशेष प्रसाद दिलवाने, प्रतिमा की स्पर्श वस्तु प्रदान करवाने जैसे कृत्यों के लिए वहां का तंत्र स्वयं उपस्थित रहता है। ऐसे में आम भक्तों की भावनायें निरंतर आहत होकर आंसू के रूप में प्रकट हो रहीं हैं। जागरूक नागरिकों द्वारा समान व्यवहार की मांग पर उन्हें प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासन तक से दुर्व्यवहार का शिकार होना पडता है। भावुकता के वशीभूत होकर पंक्तिबद्ध पहुंचने वाले भोले-भाले श्रद्धालुओं को आराध्य के सम्मुख पहुंचते ही धक्के देकर आगे बढा दिया जाता है। वे भर नजर अपने परमात्मा के दर्शन भी नहीं कर पाते हैं। उनका कंठ अवरुद्ध हो जाता है, नेत्र नम हो जाते हैं और हो जाता है मन भारी। अनेक स्थानों पर धर्म के ठेकेदार के रूप में पैत्रिक कब्जा जमाने वालों का अपना अलग ही आतंक है। ज्यादातर श्रद्धा के केन्द्रों पर पहुंचते ही वहां पहले से मौजूद दलालों का आक्रमण होने लगता है। सामान बेचने वालों से लेकर दर्शन कराने का दावा करने वालों तक का प्रहार शुरू हो जाता है। आगन्तुक को घेराव जैसी स्थिति का सामना करना पडता है। अधिकांश धार्मिक स्थानों पर लम्बे समय से सक्रिय इन गिरोहों का अघोषित कब्जा हो चुका है। अनेक गिरोहों ने संगठन, समितियां और मंच जैसी संस्थायें पंजीकृत कराके वैधता प्राप्त कर ली है परन्तु ज्यादातर लोग स्वतंत्र रूप से अपनी गुण्डागिरी की दम पर ही सक्रिय देखे जा सकते हैं। ज्यादातर आस्था स्थलों पर तो वहां के तंत्र ने ही तीसरी व्यवस्था को मूर्त रूप दे दिया है जिसमें आस्था को धन की तराजू पर तौला जाता है। विशिष्ट दर्शन, विशिष्ट प्रसाद, विशिष्ट पूजा, विशिष्ट सम्मान के लिए अलग-अलग स्तरों पर अलग-अलग धनराशियां तक निर्धारित कर दीं गई है ताकि अहंकार में डूबे धनपशुओं को आराध्य के दरबार में भी विशिष्टता प्राप्त हो सके। इस संबंध में तर्क प्रस्तुत करते हुए वहां का तंत्र स्थान की व्यवस्था हेतु धनसंग्रह का आधार प्रस्तुत करता है परन्तु अधिकांश स्थानों पर स्वेच्छा से भारी धनराशि दान में निरंतर प्राप्त हो रही है, उन स्थानों के तंत्र का धनसंग्रह वाला तर्क गले नहीं उतरता। आस्थालयों में चल रही इस विभाजनकारी व्यवस्था ने हिन्दुत्व की एकता वाले नारे की धज्जियां उडाकर रख दी हैं। राजनैतिक दलों द्वारा जातिवाद के हथियार से वैमनुष्यता की खाई खोदना शुरू कर दी है। आरक्षण की माला से अयोग्यता का राज्याभिषेक हो रहा है। पैसों की धूल से कानून दफन किया जा रहा है। निरीहों पर जुल्म करके सबलता द्वारा विलासता के हिंडोले पर पैंगे बढाई जा रही है। धर्म निरपेक्षता की आड में जनसंख्यात्मक असंतुलन पैदा किया जा रहा है। अभिव्यक्ति की स्वाधीनता के नाम पर उत्तेजक संवादों की बाढ सी आ गई है। इन सभी कारकों का शिकार केवल और केवल सनातन धर्मावलम्बियों को ही बनाया जा रहा है। उनके पवित्र स्थानों, पवित्र ग्रन्थों, पवित्र आचरणों, पवित्र पर्वों, पवित्र त्यौहारों, पवित्र मान्यताओं पर निरंतर हो रहे कुठाराघात में वर्णशंकरों की एक बडी जमात शामिल है, जो समानता का राग अलाप कर परम्परागत मान्यताओं को समाप्त करने में लगी है। कभी न्यायालयों के दरवाजों पर दस्तक दी जाती है तो कभी आक्रान्ताओं के इतिहास की दुहाई दी जाती है। कभी बहुंसख्यकों का जुल्म बताया जाता है तो कभी अल्पसंख्यकों की निरीहता निरूपित की जाती है। हमारे घर के अन्दर बैठे जयचन्द ही जब परिवारजनों को खण्ड-खण्ड करने का बीडा लिये बैठे हैं तब उन्हें विरोधियों का साथ तो बिना मांगे प्राप्त होना, स्वाभाविक ही है। धार्मिक स्थानों की पारदर्शी व्यवस्था के लिए जन्म के आधार सनातन का कबादा ओढने वाले ही सबसे बडे अवरोध बनकर खडे हो जाते हैं जिन्हें स्वयंभू बुद्धिजीवियों की एक जमात का साथ, कुछ राजनैतिक दलों का समर्थन और विदेश में बैठे षडयंत्रकारियों से पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। ऐसे में पैसों की दम पर पीआर का सहारा लेकर अनेक धर्माचार्यों की लोकप्रियता का ग्राफ रातों रात आसमान पर पहुंचा दिया जाता है।

---

# आत्मनिर्भरता व स्वदेशी के मूल मंत्र से ही भारत होगा मजबूत व सुरक्षित

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कीर्तिमान एक साथ रच डाले। लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट तक बोलते हुए अपने राजनैतिक जीवन का सबसे लंबा भाषण दिया। अपने संबोधन में हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने के साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार से लेकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व की सभी संस्थाओं व केंद्रो की व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए वर्ष 2035 तक ऑपरेशन सुदर्शन चक्र जैसी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी हथियारों के बल पर आपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी को देशवासियों के समक्ष एक बार पुनः रेखांकित किया और साथ ही पाकिस्तान को फिर से अत्यंत कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सिंधु नदी का जल और खून मतलब आतंकवाद एक साथ नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कीर्तिमान एक साथ रच डाले। लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट तक बोलते हुए अपने राजनैतिक जीवन का सबसे लंबा भाषण दिया। अपने संबोधन में हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने के साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार से लेकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व की सभी संस्थाओं व केंद्रो की व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए वर्ष 2035 तक ऑपरेशन सुदर्शन चक्र जैसी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। साथ ही, देश के विभिन्न स्थानों में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यकी परिवर्तन की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर मिशन मोड में अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की है जो राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि लाल किले से उन्होंने विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा की और उसे सबसे बड़ा एनजीओ बताया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बार अपनी स्थापना के 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश वा समाज हित में किए गए संघ के कार्यों की चर्चा व प्रशंसा संघ के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन करनेवाला तो रहा ही साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच



कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी हथियारों के बल पर आपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी को देशवासियों के समक्ष एक बार पुनः रेखांकित किया और साथ ही पाकिस्तान को फिर से अत्यंत कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सिंधु नदी का जल और खून मतलब आतंकवाद एक साथ नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम हथियारों के मामले में आत्मनिर्भर ना होते तो क्या आप सोच सकते हैं कि इतना सफल ऑपरेशन सिंदूर संभव हो पाता। अमेरिका की शह पर अनर्गल प्रलाप करने वाले पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि अब भारत के साथ परमाणु हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलने वाली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की नीति अभी तक पहले हमला नहीं करने की रही है।

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना–** प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त के दिन से ही युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रूपये की योजना लागू करने की घोषणा कर दी। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवकों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 हजार रूपए दिये जायेंगे। यह योजना करीब-करीब साढ़े तीन करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बनाएगी।

**नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार–** पीएम मोदी ने इस दीपावली से जीएसटी सुधार के माध्यम से बड़ी राहत देने की घोषणा की है जिससे आम नागरिकों व छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

**हाई पावर डेमोग्रॉफी मिशन–** प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चिंता व चुनौती यह है कि सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है एक नये व गंभीर संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए देश के नौजवानों की रोजी रोटी छीन रहे हैं। झूठ बोलकर बहन बेटियों को अपना निशाना बना रहे हैं।ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। देश यह सहन नहीं करेगा जब-जब सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी परिवर्तन होता है तब-तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने देश को घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों व महापुरूषों ने त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत दिया है। हमने एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है जोकि इस भीषण संकट से निपटने के लिए कार्य करेगा। ज्ञातव्य है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण असम सहित अनेक सीमावर्ती राज्यों के जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदल गई है व बदल रही है। कई राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। झारखंड जैसे छोटे राज्यों में यह समस्या बहुत विकराल रूप ले चुकी है और गत चुनावों में यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी बना था।

**समुद्र मंथन–** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में समुद्र मंथन योजना की ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने जा रहा है। हम समुद्र से भारत के लिए तेल और गैस खोजने का अभियान प्रारंभ करने जा रहे हैं जिससे हम इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सकें ।इस अभियान को समुद्र मंथन नाम दिया गया है।

**सुदर्शन चक्र मिशन–** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 2035 तक देश के सभी सामरिक व सेना के साथ ही आस्था के सभी महत्वपूर्ण केंद्रो को स्वदेशी तकनीक आधारित व्यापक सुरक्षा कवच देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है और इस कवच का लगातार विस्तार होता जाएगा ताकि देश का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेकर हमने सुदर्शन चक्र की राह को चुना है। ये एक पावरफुल वैपन सिस्टम होगा जो दुश्मन के हमले को नष्ट तो करेगा ही करेगा साथ ही, कई गुना अधिक शक्ति से दुश्मन पर हिटबैक करेगा।

# बाढ़ पीड़ितों को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर दिया धरना

## छह सूत्री मांगों को लेकर दिया गया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** बड़हरा प्रखंड मुख्यालय पर महागठबंधन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को लेकर 6 सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना का आयोजन सोमवार को किया गया। अध्यक्षता राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, संचालन प्रखंड अध्यक्ष जयराम यादव ने किया। मांगों में बाढ़ प्रभावित लोगों का नया नाम जोड़ने, मुआवजा से वंचित बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने, बाढ़ में हुई मौत पर 25-25 लाख मुआवजा देने, जो पंचायत बाढ़ प्रभावित रहते हुए भी बाढ़ प्रभावित घोषित नहीं हुआ, उस पंचायत को बाढ़ क्षेत्र घोषित करने, बिजली की समस्या और लो-वोल्टेज की समस्या और अंचल, प्रखंड में घोर अनियमितता को ख़त्म करना शामिल है। मनोज सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के साथ साथ बड़हरा के विधायक जी भी अचेतावस्था में चले गए है, जिन्हें बाढ़ पीड़ितों और यहां के आम आवाम के परेशानियों से कोई मतलब नहीं रह गया है। आजतक बाढ़ पर विधायक सदन में एकबार भी आवाज नहीं उठाए अगर उठाए है तो जनता के प्लेटफॉर्म पर आकर बताना चाहिए। जनता जानना चाहती है और आपदा विभाग के प्रधान सचिव और मंत्री से मिले हो तो उन्हें बताना चाहिए। केवल दोष दूसरे के माथे पर मढ़ देना। केवल उनका काम फ़ेसबुक पर लाइव आकर झूठ बोलना रह गया है। एनडीए केवल जातपात, धर्म मजहब करके राजनीति चमकाने का काम करती है बाढ़ और विकास से उनको कोई मतलब नहीं रह गया है। बड़हरा की जनता आने वाले समय में विधानसभा के चुनाव में बाढ़ का हिसाब देगी। विनोद चंद्रवंशी ने कहा ये सरकार गरीबों, किसानों, दलितों की सरकार नहीं है। बाढ़ के नाम पर केवल लुट मचा रही है। भीम यादव ने कहा कि आपदा जब जब आता है। अधिकारियो, कर्मचारियों के लिए लुट खसोट का अवसर बन जाता है। जहां बाढ़ पीड़ित मुआवजा से वंचित रह जाते हैं। शालिक राय ने कहा बाढ़ केवल लुट पाट का अवसर है कर्मचारियों का। कमलेश्वर प्रसाद ने कहा सरकार जल्द से जल्द इसपर करवाई करे नहीं तो ये धरना और विकट रूप लेगी। जयराम यादव ने कहा बाढ़ राहत का पैसा बाढ़ पीड़ितों को जल्द से जल्द मिले। धरना में राजद अतिपिछड़ा जिला अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नन्द जी राय, पुर्व जिला परिषद वीर बहादुर सिंह, पूर्व मुखिया जय बाबू राय, जीप सदस्य भीम यादव, बड़हरा माले सचिव नन्द जी समेत सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

# आरा जनसभा में उमड़ेगा जनसैलाब : विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर नगर के नया टोला स्थित राजद प्रखंड कार्यालय में सोमवार को राजद कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अफ़ताब उर्फ भोला ख़ान ने की। कार्यक्रम का संचालन पीरो प्रखंड अध्यक्ष बृजबिहारी चौधरी ने किया। बैठक में स्थानीय विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया भी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 30 अगस्त को आरा में आयोजित होने वाली व्लवोटर अधिकार यात्रा और जनसभा को ऐतिहासिक व यादगार बनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के 36 पंचायतों और एक नगर पंचायत से कार्यकर्ताओं व आम जनों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु पंचायतवार जिम्मेदारी सौंपी। यह भी तय किया गया कि प्रत्येक पंचायत से यात्रा में शामिल होने के लिए छोटी-बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था की जाएगी। विधायक ने कार्यकर्ताओं से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विधायक रामविशुन सिंह उर्फ लोहिया ने कहा कि यह लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। लोकतंत्र को सशक्त बनाना हर समाज की जिम्मेदारी है, जबकि मौजूदा केंद्र सरकार बिहार की जनता को वोट के अधिकार से वंचित करना चाहती है। इस बार जगदीशपुर से सबसे बड़ी संख्या में लोग आरा की सभा में शामिल होंगे। मौके पर मौजूद रहे बैठक में विधायक प्रतिनिधि देव सुंदर यादव, हरिशंकर सिंह यादव, श्यामलाल, अनिल यादव, अजय यादव, मुंजी यादव, श्रीभगवान यादव, सलीम अंसारी, जितेन्द्र नट, भीम सिंह, श्रीराम सिंह, राजेश्वर पासवान, दसरथ राम, कलू कुशवाहा, सुनील शर्मा, गणेश राम, अमित यादव, मुन्ना सिंह, सुनील भट्ट, जमालुद्दीन अंसारी, खुर्शीद अंसारी, रवि यादव, दिवाकर यादव समेत सभी बूथ अध्यक्ष, बीएलए-1, बीएलए-2 और प्रकोष्ठों के सदस्य मौजूद थे।

# मटिहानी सीट लोजपा की होगी : इंदिरा देवी

## मटिहानी सीट को लेकर हलचल तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मटिहानी विधान सभा क्षेत्र में सोमवार को लोजपा (रामविलास) की नेत्री इंदिरा देवी ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि मटिहानी विधानसभा सीट पर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। यह सीट लोजपा (आर) का और उनका जीता हुआ सीट है। अब कोई जदयू में जाकर दौड़ लगाता है तो इससे फर्क नहीं पड़ता। इंदिरा देवी ने स्पष्ट कहा कि अगर यह सीट छोड़ी जाती है तो जनता का विश्वास टूटेगा। हम अगर-मगर की राजनीति में विश्वास नहीं करते। जदयू पहले ही यहां से हार चुकी है और अब कोई जदयू में जाकर दौड़ लगाता है तो उससे कुछ नहीं बदलने वाला। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए गठबंधन में यह सीट लोजपा (आर) के खाते में जाएगी। मटिहानी सीट हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में लोजपा (आर) के पास ही रहेगी। इंदिरा देवी के इस बयान के बाद मटिहानी सीट को लेकर एनडीए गठबंधन के भीतर हलचल तेज हो गई है। क्योंकि मटिहानी सीट को लेकर एनडीए गठबंधन में पहले से ही अंदरखाने चर्चा चल रही है।

# आशा फेसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के सभा भवन में रविवार को आशा फेसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अम्मुलाह ने की। बैठक में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ने आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, नियमित टीकाकरण, ड्यू लिस्ट का अद्यतन, सर्वे रजिस्टर का सही रख-रखाव तथा समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाने में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए घर-घर जनजागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ता समय-समय पर टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण से जोड़ें, ताकि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला छूट न पाए।बैठक में यूनिसेफ के प्रखंड कोऑर्डिनेटर विक्रम कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को समुदाय स्तर पर मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व और पोषण संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर आशा फ़ेसिलिटेटर दीपमाला, मेनका, वीणा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, शीला कुमारी सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद थीं। सभी ने मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए टीम वर्क और सामुदायिक सहयोग पर बल दिया। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और आशा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।


# नारी का सम्मान ही समाज की है वास्तविक प्रगति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** राजद नेत्री एवं समाजसेवी सोनाली सिंह ने कोईलवर प्रखंड के छोटकी चंदा गांव में महिला चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित हुईं और अपनी समस्याएं सोनाली सिंह के समक्ष रखीं। चौपाल में राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, बाढ़ राहत नाम में कटौती, दिव्यांग कार्ड, वोटर कार्ड में नाम कटौती, महिलाओं के विकास और सरकारी योजनाओं से जुड़ी कई प्रमुख समस्याओं को सामने रखा। सोनाली सिंह ने सभी शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि वह इन मुद्दों को जिले के आलाधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द समाधान के लिए पहल करेंगी। सोनाली सिंह ने कहा कि महिलाएं आधी आबादी हैं और उन्हें भी पुरुषों के बराबर वोट का अधिकार है। महिलाएं चारदीवारी के अंदर सीमित रह जाती हैं। उनकी आवाज उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती। इसलिए मैंने महिला चौपाल का माध्यम चुना है ताकि उनकी तकलीफों को सीधे सुनी जा सके और समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि केवल योजनाओं का नाम जानना काफी नहीं है जब तक जनप्रतिनिधि खुद जनता तक पहुंचकर जागरूकता नहीं फैलाएंगे तब तक लोग किसी योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे। सोनाली सिंह ने महिलाओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित भी किया जिससे उनके चेहरे खिल उठे। कहा कि जिस तरह महिला चौपाल में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी हो रही है।

# स्कॉर्टिस पब्लिक स्कूल में विशेष कक्षाएं शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर (अररिया) में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों हेतु आयोजित रविवार विशेष कक्षाएँ इस शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से लगातार हो रही हैं। इन कक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करना तथा बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए स्पष्ट रोडमैप प्रदान करना है। इसी कड़ी में रविवार को भी आयोजित विशेष कक्षा विज्ञान विषय के लिए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस सत्र का संचालन स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, कटिहार के अनुभवी विज्ञान शिक्षकों द्वारा किया गया। आगामी रविवारों में अन्य विषयों की विशेष कक्षाएँ भी इसी प्रकार आयोजित की जाएँगी। ये सभी कक्षाएँ विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क हैं तथा बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया के निदेशक श्री अनूप कुमार ने स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के संस्थापक डॉ. अविनाश एवं स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, कटिहार के निदेशक गीत अविनाश का विशेष आभार व्यक्त किया है, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से यह पहल

# थाना हाजत से आरोपित फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बछवारा थाना से रविवार की देर रात थाना हाजत में बंद आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद थाना परिसर सहित पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, फरार आरोपी की पहचान बछवारा थाना क्षेत्र के रसौली गांव वार्ड संख्या 9 निवासी गीता झा के पुत्र दिना झा के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने रविवार की रात मारपीट एवं अवैध हथियार रखने के मामले में गिरफ्तार किया था और हाजत में रखा गया था। इसी दौरान लापरवाही का फायदा उठाकर वह फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तेघरा डीएसपी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपित को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं हाजत की निगरानी में तैनात पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए विभागीय जांच शुरूकर दी गई है। इधर फरार आरोपी की पत्नी विभा देवी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात पुलिस उनके पति को गिरफ्तार कर ले गई थी। लेकिन कारण की कोई जानकारी नहीं दी गई। सुबह होते ही स्थानीय लोगों से जानकारी लेने के दौरान अचानक आधे दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी उनके घर में घुसकर छानबीन करने लगे। विभा देवी का कहना है कि जब उन्होंने सवाल किया कि रात में ही पति को गिरफ्तार कर ले गए हैं तो फिर सुबह घर में तलाशी क्यों ली जा रही है। तो पुलिस ने उन्हें डांट-फटकार लगाई और गाली-गलौज भी की। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि बछवारा थाना अध्यक्ष के माध्यम से सूचना मिली है कि हाजत में बंद एक आरोपी फरार हो गया है। आरोपी वारंटी था और उसका बेल टूटा हुआ था। उसी मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। चौकीदार के माध्यम से उसे वशरूम ले जाया गया, इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर वह फरार हो गया। एसपी ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अपराध पर अंकुश नहीं लगा तो लोग सड़क पर उतरने को होंगे बाध्य : अमिता भूषण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड की पूर्व विधायक अमिता भूषण ने जिले में बढ़ते अपराध में सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ सोमवार को गहरी नाराजगी जताई है। श्रीमती भूषण ने पिछले दो महीने के आपराधिक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा है कि सरकार बीमार है। स्थानीय प्रशासन सोशल मीडिया पर रील बनाने में व्यस्त है। ऐसे में अपराधियों का मनोबल बढ़ना स्वाभाविक है। एक सप्ताह के अंदर दो बड़ी हत्या हो गई। हर्रख निवासी राजद नेता के भतीजे पीयूष और भोला महतों की नृशंस हत्या से जिला दहशत में है। लेकिन प्रशासन खानापूर्ति में लगा है। श्रीमती भूषण आज मृतक के परिजनों से भी मिली। उन्होंने आगाह किया कि प्रशासन अगर अपराधियों पर अंकुश नही लगाती है तो लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। श्रीमती भूषण ने इसके बाद कई स्थानीय गांवों का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान आदर्श नगर निवासी कांग्रेस के जुझारू कार्यकर्ता सुनीत के निधनोपरांत उनके परिजनों से मुलाकात किए। गाड़ा निवासी नवीन के पिताजी के निधन, बीरपुर निवासी राहुल कुमार की माताजी के निधन, रजौरा मुखिया सरोज सिंह के माताजी के निधनोपरांत परिजनों से मुलाकात कर दुख की घड़ी में उनको संबल प्रदान किया। इस दौरान मोहनपुर, खम्हार आदि पंचायतों में भी पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर अभिषेक उज्ज्वल, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, कन्हैया सिंह,चंदन कुमार, बोकु सिंह, पप्पू सिंह, नेपो सिंह, अंजनी सिंह, मुकेश सिंह, श्रीकांत राय, हरेराम राय,रामानन्द सिंह, चुनचुन राय, जयप्रकाश गुप्ता, लसुरेंद्र महतो, अभय कुमार, कुमार रत्नेश टुल्लू, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

### केशव गांव से स्कॉर्पियो की चोरी

**जगदीशपुर/भोजपुर।** पीरो प्रखंड के केशव गांव निवासी राजनिश कुमार की स्कॉर्पियो गाड़ी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। राजनिश कुमार ने बताया कि उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी उनके ही दरवाजे पर खड़ी थी। बीती रात करीब 1:00 बजे अज्ञात चोर गाड़ी लेकर फरार हो गए।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया स्टेट हाइवे जाम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दीघा टोला गांव जाने वाले मोड़ के समीप सोमवार की सुबह सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पीरो-बिहिया स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। देखते ही देखते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीण सड़क पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उनका कहना था कि दीघा टोला जाने वाली करीब आधा किलोमीटर लंबी सड़क कई वर्षों से जर्जर पड़ी हुई है। आए दिन इस मार्ग पर राहगीर और बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पुलिस व प्रशासन हरकत में आया जाम की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना के सब इंस्पेक्टर इसराफिल अहमद मौके पर पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। उसके बाद सीओ विश्वजीत नीलांकर भी जाम स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क निर्माण की कार्रवाई शुरू कराई जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हुआ। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं हुआ तो वे पुनः आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि सरकार और प्रशासन केवल आश्वासन पर टाल देते हैं, लेकिन अब वे वास्तविक काम देखना चाहते हैं।

# किसानों के बिना ग्रामीण क्षेत्रों का विकास संभव नहीं : एमएलसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीटयूट अफ मैनेजमेंट एंड स्टडीज रमजानपुर में सोमवार को दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन हुआ। ग्रामीण विकास में स्वामी सहजानंद सरस्वती का योगदान विषय आयोजित सेमिनार का उद्घाटन विधान पार्षद सर्वेश कुमार, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो विजय बहादुर, श्री.ष्ण महिला कलेज की पूर्व प्रिंसिपल स्वप्ना चौधरी, टाटा मोर्ट्स जमशेदपुर से सेवानृवित्त सीनियर असिस्टेंट जेनरल मैनेजर प्रो. चंद्रेश्वर खां, जीजीआइएमएस की प्राचार्य डा. सुधा झा ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती पहले किसान नेता थे जिन्होंने यह सोचा कि किसान कैसे सु.ढ़ होंगे।उनका विकास कैसे होगा। बिना किसानों की बात किए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास नहीं हो सकता। हमें भी सोचना होगा कि ग्रैन्युल और केमिकल फर्टिलाइजर के उपयोग को कम करते हुए लिक्विड फर्टिलाइजर की उपयोगिता कैसे बढ़ाएंगे। हमें उस दिशा में काम करना होगा। श्री.ष्ण महिला कलेज की पूर्व प्रिंसिपल स्वप्ना चौधरी ने सेमिनार में कहा कि किसान जागेगा तो भारत जागेगा। यह आज के नेता के नहीं बल्कि स्वामी सहजानंद सरस्वती की भाषा है। स्वामी सहजानंद ने किसानों को केवल पहचान भर ही नहीं दिलाई। बल्कि उन्हें मजबूत आधार पर प्रदान किया। मंच संचालन प्रो परवेज युसूफ ने कार्यक्रम संयोजन प्रो सबाहत अंजुम और प्रो. विवेक कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डा. अभिजित कुमार ने किया।

# तारा कॉलेज में नाट्य कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन चेरियाबरियारपुर में रिवाइवल संस्था के सहयोग से 21 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। यह कार्यशाला 14 सितम्बर तक चलेगी। इस अवसर पर रिवाइवल संस्था के मुख्य संरक्षक सह सचिव नानू बाबु एजुकेशनल एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट राजकिशोर सिंह, अध्यक्ष अमिय कश्यप, सचिव रजनी कुमारी, कार्यशाला के निर्देशक कुमार अभिजीत सहित दीपक कुमार, रंगकर्मी सोनू कुमार, कला संस्.ति मंच के संयोजक पंकज कुमार, तारा कलेज के प्रिंसिपल ड संतोष कुमार सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। मंच सुचालन दीपक कुमार ने किया। इस अवसर पर रिवाइवल संस्था के मुख्य संरक्षक सह सचिव नानू बाबु एजुकेशनल एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट राजकिशोर सिंह ने कहा कि नाटक पंचम वेद है। नाटककार अतीत का गौरव गायक है। वर्तमान के सूक्ष्मद्रष्टा होते हैं। भविष्य के कुशल सारथी होते हैं। इसलिए समाज के दर्पण के रूप में सर्वविदित होते हैं। नाटक से ना केवल अभिव्यक्ति का प्रकटीकरण होता है, भाषा, व्यवहार, संस्कार तथा साहस में भी वृद्धि होती है। कुमार अभिजीत ने नाटक को वेद से जोड़कर जीवन जीने की शैली कहा। अमित रोशन ने कहा कि नाटक है तो जीवन है नाटक है सभी संस्कार नाटक है तो भाषा है नाटक के बिना जीवन अधूरा है। अमिय कश्यप ने 21 दिनों तक चलने वाले कार्यशाला में अनुशासन, धैर्य और लगन से रहने के लिए कहा तभी सफलता प्राप्त होगी। रंगकर्मी दीपक कुमार ने कहा कि रंग से ही जीवन है और रंगमंच से ही जीवन में रंग आता है। कलेज के प्राचार्य ड संतोष कुमार सिंह ने नाटक को जीवन पद्धति कौर शिक्षक प्रशिक्षण से जोड़कर समझने का प्रयास किया।इस अवसर पर कलेज के तमाम शिक्षक छात्र छात्राओं सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।


पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एएसएन-सीओएन - टीआरडी - 176 - आई - 2025-एनआईटी दिनांक: 21.08.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (सीओएन), पूर्व रेलवे, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713 301 द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता और पर्याप्त अनुभव वाले अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल-एएसएन - सीओएन - टीआरडी - 176 - आई - 2025; कार्य का नाम:** "पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल पर कालीपहाड़ी डीएफसीसी चेनेज 205.778 (केपीके सहित केएम 205) किमी 205) से प्रधानखुंटा डीएफसीसी चेनेज 261.135 (पीकेए-किमी-260.2) तक मल्टी ट्रैकिंग डीएफसीसीआईएल कार्य के संबंध में 2X25 केवी एसी सिंगल फेज ओवरहेड उपकरण, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर, एल्यूमीनियम फीडर वायर, एईसी अर्थिंग और बीईसी अर्थिंग का डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग"। **निविदा मूल्य:** रु. 94,92,48,475.64; **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य; **बयाना राशि:** रु. 48,96,300.00; **समापन तिथि एवं समय:** 11.09.2025 को 15:00 बजे; निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित निविदा समापन तिथि और समय पर या उससे पहले इस निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित "निविदा दस्तावेज की लागत" और "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। इस निविदा के लिए सभी प्रकार से पूर्ण और ऊपर बताए गए सभी दस्तावेजों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसे सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/सीओएन, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713301 के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। (CON-34/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



पूर्व रेलवे

**सं. एफ/एमएफजी/एमआईजी-एमएजी/ईएसएबी/एएमसी/2025 दिनांक: 23.08.2025**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एमएफजी), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 निविदा सं. एफ/एमएफजी/एमआईजी-एमएजी/ईएसएबी/एएमसी/2025 के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। बोलीदाता अपनी बोलियाँ केवल समापन तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है एवं प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के विरुद्ध बोली सुरक्षा के लिए केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान विधियों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है। **निविदा सूचना सं. एफ-एमएफजी-एमआईजी-एमएजी-ईएसएबी-एएमसी-2025 दिनांक:23.08.2025, कार्य का नाम:** "77 एमआईजी/एमएजी वेल्डिंग मशीन, मेक-ईएसएबी का ओईएम/ओईएम के अधिकृत विक्रेता द्वारा दो वर्ष के लिए एएमसी।" **कार्य का स्थान :** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार). पिन-811214; **विज्ञापित मूल्य :** रु.1,28,96,727.82;**निविदा दस्तावेज की लागत:** 00.00; **बोली सुरक्षा:** रु. 2,14,500.00; समापन की अवधि: 2 (दो) वर्ष; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 20.09.2025 को 12.00 बजे; **निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय:** 26.08.2025 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन; **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है (www.ireps.gov.in www.er.indianrailways.gov.in के साथ हाइपरलिंक किया गया है)** एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एमएफजी) कार्यालय, पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में किसी भी कार्य दिवस पर। (MISC-179/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चीन की एवरग्रांडे कंपनी पर लगा ताला!

## कभी प्रॉपर्टी मार्केट में मचाई थी धूम, अब कर्ज इतना कि चाइनीज सिस्टम भी हिल गया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन की सबसे बड़ी प्रॉपर्टी कंपनी एवरग्रांडे का अंत हो गया है। एक समय था जब यह कंपनी चीन की आर्थिक शक्ति का प्रतीक थी। अब यह इतिहास बन चुकी है। एवरग्रांडे को सोमवार को हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज से हटा दिया गया। यह खबर बिना किसी शोर-शराबे के आई।

16 साल पहले इस कंपनी ने हांगकांग में कारोबार शुरू किया था। तब चीन में निवेशकों के लिए मुनाफे की उम्मीदें थीं। एवरग्रांडे सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रॉपर्टी डेवलपर कंपनी थी। लेकिन अब इसे दुनिया की सबसे ज्यादा कर्ज वाली कंपनियों में से एक के तौर पर याद किया जाएगा। इसके डूबने से चीन का वित्तीय सिस्टम खतरे में आ गया था।

इस कंपनी ने बीजिंग की बहुत बड़ी है, डूबने नहीं देंगे वाली नीति को चुनौती दी। चीन सरकार बड़ी कंपनियों को बिना सोचे-समझे कर्ज देने के खिलाफ थी। एवरग्रांडे ने इस नीति को तोड़ दिया। साल 2021 में एवरग्रांडे 300 अरब डॉलर से ज्यादा के कर्ज में डूब गई। इससे चीन की अर्थव्यवस्था की कमजोरी सामने आ गई। पता चला कि चीन की अर्थव्यवस्था रियल एस्टेट पर कितनी निर्भर है।

अब इस कंपनी का सिर्फ ढांचा बचा है। 280 से ज्यादा शहरों में 1300 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं। लाखों लोग अपने घरों का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा कई कर्जदार हैं। चीन में काम करने वाली कंपनियों से लेकर लंदन और न्यूयॉर्क के निवेशकों तक, सभी अपने पैसे का इंतजार कर रहे हैं। एवरग्रांडे के हाल ही में जारी किए गए दस्तावेजों से पता चलता है कि कितनी मुश्किलें हैं। कर्जदारों ने चीन में एवरग्रांडे के प्रोजेक्ट्स के खिलाफ सैकड़ों कानूनी कार्रवाई की है। कई संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं। कुछ मामलों में निवेशकों या स्थानीय सरकारों ने प्रोजेक्ट्स को अपने हाथ में ले लिया है। एवरग्रांडे का बिजनेस बहुत जटिल है। इसकी हजारों सहायक कंपनियां हैं। इसलिए हांगकांग के लिक्विडेटर्स के लिए दूसरी संपत्तियां हासिल करना मुश्किल हो रहा है।

एवरग्रांडे से पैसा निकालने के लिए लिक्विडेटर्स को एक-एक करके सभी सहायक कंपनियों पर नियंत्रण करना होगा। अब तक 100 से ज्यादा कंपनियों और 3.5 बिलियन डॉलर की संपत्तियों पर नियंत्रण कर लिया गया है। हांगकांग के कर्जदारों को 45 अरब डॉलर मिलने हैं। इसमें से सिर्फ 255 मिलियन डॉलर ही मिल पाए हैं। लिक्विडेटर्स ने चेतावनी दी है कि जब्त की गई संपत्तियों का मूल्य भी संदिग्ध है। उन्होंने कहा है कि कंपनी के कर्जदारों को कितना पैसा मिल पाएगा, इस पर गंभीर संदेह है।

## ओला इलेक्ट्रिक शेयरों की कीमतों में 4.7 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव 4.7 प्रतिशत की उछाल के बाद 49.40 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। इस तेजी के पीछे की वजह नीति आयोग से जुड़ी एक रिपोर्ट है। हिंदू बिजनेस लाइन की रिपोर्ट के अनुसार नीति आयोग टू-व्हीलर्स बनाने वाली कंपनियों के साथ एक हाई लेवल मीटिंग करने जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार नीति आयोग के अधिकारी हीरोमोटो कॉर्प, बाजाज ऑटो, टीवीएस मोटर, ओला इलेक्ट्रिक, एथर और रेवोल्ट के एक्जिक्यूटिव के साथ मीटिंग करने जा रहे हैं।

## एनएसई की रिपोर्ट: उत्तर भारत के निवेशकों का दबदबा, संख्या 4.3 करोड़ के पार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई 2025 तक उत्तर भारत ने देश के इन्वेस्टर्स में अपना दबदबा बनाए रखा है। इस क्षेत्र में रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 4.3 करोड़ से भी अधिक हो गई है। साथ ही, इसमें साल-दर-साल 20 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई है, जो बाजारों में छोटे निवेशकों की मजबूत भागीदारी और बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। एनएसई ने यह भी बताया कि निवेशक आधार के विस्तार की रफ्तार सालों में काफी तेज हुई है। एक्सचेंज को अपने पहले करोड़ निवेशकों तक पहुंचने में 14 साल लगे थे, लेकिन उसके बाद के हर करोड़ निवेशक बहुत तेजी से जुड़े हैं। सबसे ताजा करोड़ निवेशक तो सिर्फ साढ़े सात महीने में ही जुड़ गए, जो भारत के शेयर बाजार में भागीदारी की बढ़ती गहराई को दिखाता है। रिपोर्ट में देश के विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े भी सामने आए हैं। उत्तर भारत के बाद पश्चिम भारत दूसरे नंबर पर है जहां 3.5 करोड़ निवेशक हैं। दक्षिण भारत में 2.4 करोड़ और पूर्वी भारत में 1.4 करोड़ निवेशक रजिस्टर्ड हैं। साल-दर-साल वृद्धि के मामले में उत्तर और दक्षिण भारत, दोनों ने 20 प्रतिशत से अधिक की शानदार बढ़त दर्ज की है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो जुलाई 2025 के अंत तक एनएसई पर रजिस्टर्ड निवेशकों की कुल संख्या 11.8 करोड़ पर पहुंच गई। सिर्फ जुलाई महीने में ही 15.1 लाख नए निवेशक जुड़े, जो पिछले छह महीनों में सबसे ज्यादा है। यह पिछले कुछ महीनों की तुलना में 19 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी थी, जो बाजार में भागीदारी के नए जोश को दिखाती है।

## 1 सितंबर से हजारों अस्पताल बंद कर देंगे 2 बीमा कंपनियों की कैशलैस सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैशलेस पॉलिसी पर बीमा कंपनी और अस्पतालों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। देशभर के 15 हजार से अधिक अस्पतालों ने दो बीमा कंपनियों की कैशलैस सुविधा एक सितंबर से बंद करने का ऐलान किया है। इन कंपनियों में बजाज आलियांज और केयर हेल्थ शामिल हैं। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने यह जानकारी दी। एएचपीआई का कहना है कि संबंधित बीमा कंपनियों ने इलाज खर्च की दरों (सीमा) को बदला नहीं है, जबकि इलाज खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इतना ही नहीं, भुगतान में कंपनियों द्वारा अनावश्यक देरी की जाती है और गैर जरूरी पेपर मांगे जाते हैं। इससे पॉलिसी से जुड़े भुगतान में तमाम दिक्कतें आ रही है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एएचपीआई के आह्वान पर देशभर के करीब 15,000 अस्पतालों ने एक सितंबर से कैशलेस इलाज देने से इंकार किया है। उधर, एएचपीआई ने केयर हेल्थ को भी नोटिस जारी किया गया है कि वह मरीजों के कैशलेस बिल भुगतान से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करें। अन्यथा की स्थिति में एक सितंबर से कैशलेस इलाज की सुविधा को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। अस्पतालों का आरोप है कि बजाज एलायंज ने पुराने अनुबंध की दरों को बढ़ाने से मना कर दिया है। शर्तों के तहत इलाज खर्च की दरें हर दो वर्ष में संशोधित की जाती है लेकिन कंपनी इसके लिए तैयार नहीं है। उल्टा कंपनी द्वारा मरीज के भर्ती होने पर दवाई, जांच और अस्पातल के रूम शुल्क में बिना कोई कारण बताए कटौती करनी शुरू कर दी गई।

# जरूरी दवाओं पर जीएसटी घटाने का आईएमए ने किया स्वागत

## स्वास्थ्य सेवाओं पर और अधिक छूट देने की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कैंसर से संबंधित और अन्य आवश्यक दवाओं पर सरकार की जीएसटी राहत का स्वागत किया है। उन्होंने इसे देश के लाखों रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा को और अधिक किफायती बनान के लिए एक जरूरी कदम बताया है। आईएमए ने आगे जोर देकर कहा कि चिकित्सा उपकरण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने से अस्पतालों और क्लीनिकों की परिचालन लागत कम होगी। इस निर्णय से कैंसर, क्रोनिक किडनी रोग और गंभीर संक्रमण जैसी जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे परिवारों पर वित्तयी बोझ कम होने की उम्मीद है। आवश्यक दवाओं पर पूर्ण जीएसटी की छूट की अपील इसके साथ ही एसोसिएशन ने सरकार से जीवनरक्षक और आवश्यक दवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर पूर्ण जीएसटी छूट की अपील की। इसमें कीमोथेरपी और इम्यूनोथेरपी में इस्तेमाल होने वाली कैंसर-रोधी दवाएं, इंसुलिन जैसी मधुमेह-रोधी दवाएं, साथ ही हृदय संबंधी दवाएं, उच्च रक्तचाप-रोधी दवाएं और अस्थमा व सीओडीपी जैसी पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों के उपचार शामिल हैं। हीमोफीलिया और मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम जैसी दुर्लभ स्थितियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर भी छूट की जरूरत पर जोर दिया। एसोसिएशन ने अपनी राज्य और स्थानीय शाखाओं को जीएसटी और टैक्स डिडक्शन अकाउंट नंबर (ञ्चह्) पंजीकरण में आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया है। संगठन का कहना है कि नामकरण संबंधी समस्याओं की वजह से ये प्रक्रियाएं जटिल हो रही हैं। इस पर ध्यान देने की मांग करते हुए एसोसिएशन ने काउंसिल से अपील की है कि देशभर में अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल और सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।



# ठगों की चाल, मुनाफे का जाल

## झांसे से बचें, सिर्फ सेबी रजिस्टर्ड सलाहकार पर भरोसा करें



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया जानकारी साझा करने के साथ निवेश की दुनिया में भी बड़ा असर डाल रहा है। फेसबुक, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर हजारों ग्रुप और चैनल निवेशकों को बाजार में मोटे मुनाफे का सपना दिखा रहे हैं। खुद को 'स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट' या 'रिसर्च एनालिस्ट' बताने वाले सलाह के नाम पर निवेशकों को लुभाते हैं। फिर मोटे मुनाफे का झांसा देकर उनसे पैसे ऐंठ लेते हैं। सोशल मीडिया पर ठग खुद को मार्केट एक्सपर्ट, ब्रोकर या सेबी रजिस्टर्ड रिसर्च एनालिस्ट बताकर ग्रुप बनाते हैं। वे निवेशकों को ग्रुप में जोड़कर फ्री टिप्स देते हैं। शुरुआती दौर में छोटी-छोटी सफलता दिखाकर भरोसा जीतते हैं। विश्वास बढ़ने पर निवेशकों को प्रीमियम ग्रुप में शामिल होने या सीधे निवेश करने का लालच दिया जाता है। यहां मोटे मुनाफे की गारंटी का दावा किया जाता है।

बाजार में लंबे समय में ही अनुशासन और सही रणनीति से प्रॉफिट कमाया जा सकता है। लेकिन सोशल मीडिया पर सक्रिय ठग एक-दो हफ्ते में पूंजी दोगुनी होने का लालच देते हैं। बाजार की चाल कई आर्थिक, वैश्विक और राजनीतिक कारकों पर निर्भर करती है। निवेशक जब मोटे मुनाफे की चाह में समझदारी छोड़ देते हैं, तब वे ठगी का शिकार हो जाते हैं।

**अगर फंस जाएं तो ये कदम उठाएं:** कोई निवेशक ऐसे जाल में फंस जाए तो पहले संबंधित प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज कराए। साइबर क्राइम पोर्टल व पुलिस स्टेशन में शिकायत करें। सेबी के हेल्पलाइन नंबर 18002667575 और स्कोर्स प्लेटफॉर्म पर भी रिपोर्ट दर्ज कराएं। किसी भी ट्रांजेक्शन या चैट का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। बाजार में निवेश व निवेश के मंत्र सीखना, दोनों अलग प्रक्रियाएं हैं। शिक्षा का मतलब बाजार की समझ बढ़ाना। रिस्क का आकलन करना व वित्तीय लक्ष्यों को तय करना। जब लोग सीखने और निवेश करने की प्रक्रिया को मर्ज कर लेते हैं, तो वे ठगी का शिकार बन जाते हैं।

# रिलायंस के 44 लाख निवेशकों की उम्मीद पूरा करेंगे मुकेश अंबानी?

## एजीएम पर है सबकी निगाहें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी इस शुक्रवार, 29 अगस्त को रिलायंस इंडस्ट्रीज की सालाना आम बैठक में 44 लाख शेयरधारकों को संबोधित करने वाले हैं। इस बात पर सबकी निगाहें टिकी हैं। निवेशकों को बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं। लेकिन एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी कुछ बड़ी घोषणा कर सकते हैं। रिलायंस दुनिया का सबसे बड़ा टेलीकॉम आईपीओ ला सकती है जिसका निवेशकों को बेसब्री से इंतजार है। बोफा सिक्योरिटीज ने कहा कि एजीएम में ज्यादातर जरूरी घोषणाएं होती हैं। इसलिए कई निवेशक आईपीओ की संभावित समय-सीमा के बारे में अपडेट चाहते हैं। यानी लोग जानना चाहते हैं कि देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी जियो का आईपीओ कब आएगा। 2019 की एजीएम में अंबानी ने शेयरधारकों से कहा था कि वह टेलीकॉम और रिटेल कारोबार को पांच साल में आईपीओ के ज़रिए लिस्ट कराएंगे। उसके बाद से इस बारे में कोई अपडेट नहीं है। रिलायंस के शेयरधारक जियो आईपीओ के बारे में जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

इस बीच बाजार जियो के आईपीओ के लिए बेहतर हो गया है। टेलीकॉम कंपनियों का मुनाफा बढ़ रहा है और खर्च कम हो रहा है। बीएनपी पारिबा के एनालिस्ट्स का मानना है कि अगली दो तिमाहियों में टैरिफ बढ़ सकते हैं। जियो ने हाल ही में कुछ सस्ते प्रीपेड प्लान बंद कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनी मुनाफा कमाने पर ध्यान दे रही है। इसके अलावा सेबी ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा है। इसके अनुसार जिन कंपनियों का आईपीओ के बाद मार्केट कैप ?5 लाख करोड़ से ज्यादा ज़्यादा होगा, उन्हें सिर्फ 2.5 प्रतिशत इक्विटी ही जारी करनी होगी। अभी यह सीमा 5 प्रतिशत है। ष्टद्यह्लद्ब के अनुसार रिलायंस जियो की वैल्यू .120 बिलियन (?10.4 लाख करोड़) से ज्यादा है।

### टारगेट प्राइस

सिटी के एनालिस्ट सौरभ हांडा और प्रेरणा गोयनका ने कहा कि 5 प्रतिशत पब्लिक ऑफर से 6 अरब से ज्यादा के शेयर बाजार में आएंगे। भारतीय बाजार के लिए यह बहुत ज्यादा है। खासकर तब जब 35 प्रतिशत रिटेल इनवेस्टर्स के लिए आरक्षित हो। जियो के लिए 2.5 प्रतिशत पब्लिक ऑफर से 3 अरब से ज्यादा के शेयर बाजार में आएंगे। हमारा मानना है कि इससे आईपीओ के समय शेयरों की ज्यादा आपूर्ति की समस्या कम होगी। साथ ही रिलायंस के लिए होल्डिंग कंपनी डिस्काउंट की चिंता भी कम होगी। बोफा के सचिन सालगांवकर को लगता है कि माहौल अच्छा है। उन्होंने कहा कि इस साल अब तक निवेशकों से बातचीत और स्टॉक परफॉर्मेंस के आधार पर हमें लगता है कि निवेशकों की उम्मीदें कम हैं। इसलिए कुछ अच्छा होने की संभावना है। उन्होंने रिलायंस के शेयर को बाय रेटिंग दी है और टारगेट प्राइस ?1,660 रखा है। रिलायंस के शेयर 2025 में अब तक लगभग 15 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। शुक्रवार को बीएसई पर यह 1 प्रतिशत गिरकर ?1,409.3 पर बंद हुआ। सोमवार को यह 1409.50 रुपये पर फ्लैट ट्रेडिंग कर रहा था।

# कमाई में 2025 के टॉप-10 अरबपति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व के टॉप अरबपतियों की संपत्ति में इस साल रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिनमें टेक सेक्टर के दिग्गजों का दबदबा रहा। नेटवर्थ में सबसे ज्यादा उछाल लैरी एलिसन, मार्क जुकरबर्ग और जेन्सन हुआंग जैसे टेक उद्योगपतियों ने दर्ज किया। यानी इस सेक्टर के अरबपतियों पर डॉलर की बारिश हो रही है। एशिया के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी की संपत्ति भी इस साल 10.30 अरब डॉलर बढ़ी है। उनकी कुल संपत्ति 101 अरब डॉलर है। यानी एलिसन करीब-करीब इतनी संपत्ति इस साल अपने नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। दुनिया के सबसे रईस शख्स एलन मस्क इस साल के टॉप लूजर हैं। इन्होंने 53 अरब डॉलर की दौलत गंवाई है। नेटवर्थ के मामले में लैरी एलिसन (288 अरब डॉलर) दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं, जबकि मार्क जुकरबर्ग (265 अरब डॉलर) तीसरे स्थान पर हैं। जेन्सन हुआंग की संपत्ति में एआई बूम के कारण भारी वृद्धि हुई, जिससे वे दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों में शामिल हो गए।

# चाय बेची, दिहाड़ी मजदूरी तक की... फिर ऐसा किया कमाल कि अब करोड़ों का टर्नओवर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के छोटे से गांव चमरहा के राज यादव ने सफलता की शानदार कहानी लिखी है। राज अपने गांव से पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर बने। यही नहीं, उन्होंने करोड़ों का कारोबारी साम्राज्य खड़ा किया। उनकी सफलता की कहानी 2012 में शुरू हुई। तब उन्होंने लखनऊ में 18 पिक्सेल्स नाम की एक सॉफ्टवेयर कंपनी खोली। यह बेहद सफल साबित हुई। लेकिन, उन्हें सबसे बड़ी सफलता 2021 में मिली। राज ने ग्रामिक नाम से एक कंपनी की नींव रखी। यह कंपनी किसानों को कृषि उत्पाद, उपकरण और सलाह देती है। आज ग्रामिक अकेले 100 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाती है। आइए, यहां राज यादव की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

राज यादव का बचपन अभावों में बीता। यूपी के जौनपुर जिले के एक गांव में जन्मे राज के पिता भूमिहीन किसान थे।

# एक साल में 20 प्रतिशत बढ़ गया अडानी ग्रुप का कर्ज

## अडानी ग्रुप का जून 2025 के अंत तक रुपये में लिए गए कर्ज का हिस्सा 50 प्रतिशत हो गया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की भारतीय बैंकों पर निर्भरता बढ़ गई है। भारत के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी की अगुवाई वाला यह ग्रुप अब भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थानों से पहले के मुकाबले ज्यादा कर्ज ले रहा है। ग्रुप का लगभग आधा कर्ज (2.6 लाख करोड़ रुपये) घरेलू बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिया गया है। एक साल पहले यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था। आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की है जिससे भारत में कर्ज लेना सस्ता हो गया है। साथ ही क्रेडिट रेटिंग अच्छी होने से भी कर्ज आसानी से मिल रहा है। पिछले 12 महीनों में जून 2025 तक अडानी ग्रुप का कुल कर्ज 20 प्रतिशत बढ़ गया है।

अडानी ग्रुप का जून 2025 के अंत तक रुपये में लिए गए कर्ज का हिस्सा 50 प्रतिशत हो गया है। यह डॉलर में लिए गए कर्ज के बराबर है। सरकारी बैंकों का अडानी ग्रुप में एक्सपोजर बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले साल 13 प्रतिशत था। इसी तरह एनबीएफसी और वित्तीय संस्थानों का एक्सपोजर भी बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया है जो एक साल पहले 19 प्रतिशत था। डॉलर बॉन्ड, जो कभी 31 प्रतिशत थे, अब घटकर 23 प्रतिशत रह गए हैं। विदेशी बैंकों से डॉलर में लिए गए कर्ज भी 28 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत हो गए हैं। प्राइवेट बैंकों ने अपना हिस्सा 2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। अडानी एयरपोर्ट ने बार्कलेज, डीबीएस, फर्स्ट अबू धाबी बैंक और एमयूएफजीसे .150 मिलियन का सिंडिकेटेड लोन लिया है। वहीं अडानी पोर्ट्स ने एमयूएफजीसे .125 मिलियन का कर्ज लिया है। एयरपोर्ट यूनिट ने घरेलू बैंकों से जो कर्ज लिया था, उसे भी रिफाइनेंस किया गया है। फाइनेंशियल ईयर 2025 में अडानी ने



89,806 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड एबिटा दर्ज किया, जो पिछले साल के मुकाबले 8.2 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान ग्रुप का प्रॉफिट 40,565 करोड़ रुपये रहा और पूंजीगत खर्च बढ़कर 1.26 लाख करोड़ रुपये हो गया। लिक्विडिटी और नेट डेट-टू-एबिटा रेश्यो 2.6 रहने से कर्ज नियंत्रण में रहा। ग्रुप की 90 प्रतिशत से ज्यादा कमाई -रेटेड या उससे बेहतर एसेट्स से है। इस कारण ग्रुप को कम ब्याज दरों पर कर्ज मिल रहा है और घरेलू तथा विदेशी दोनों तरह के पूंजी तक उनकी पहुंच बनी हुई है।

### ग्रुप का कैश रिजर्व

सिर्फ दो साल में अडानी ग्रुप में भारतीय बैंकों का एक्सपोजर .15 अरब (लगभग ऋह्य 1.3 लाख करोड़) बढ़ गया है। इससे पता चलता है कि ये बैंक अडानी ग्रुप को कर्ज देने में कितनी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। अडानी ग्रुप ने निवेशकों को बताया है कि उसे पोर्ट और पावर जैसे क्षेत्रों में लंबे समय के कॉन्ट्रैक्ट करके अपनी कमाई को स्थिर किया है। साथ ही कर्ज को उद्योग के औसत से कम रखा है। ग्रुप के पास 60,000 करोड़ रुपये का कैश रिजर्व भी है जो उसके कर्ज का एक चौथाई है।

# सोनाक्षी सिन्हा की साउथ फिल्म 'जटाधरा' का हिस्सा बनीं दिव्या खोसला



**साउथ फिल्में अब पैन इंडिया के लिए बन रही हैं। जल्द ही साउथ के नामी कलाकारों के साथ 'जटाधरा' फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा दिव्या खोसला भी नजर आएंगी। मेकर्स ने दिव्या के लुक का एक पोस्टर शेयर किया है। साथ ही उनके किरदार के नाम की जानकारी भी दी है।**

'जटाधरा' फिल्म में मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें दिव्या साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साथ ही पोस्टर पर उनके किरदार का नाम सितारा लिखा है। वह पोस्टर में कहीं खोई सी नजर आ रही हैं। इस फिल्म में साउथ एक्टर सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। वह एक शिव भक्त का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं।

### जटाधरा में अलग है सोनाक्षी का लुक

साउथ फिल्म जटाधरा का टीजर भी हाल ही में रिलीज हुआ। इसमें सोनाक्षी सिन्हा का लुक काफी चर्चा में बना रहा। फिल्म के टीजर में वह रौद्र अवतार में देखीं। सोनाक्षी जो किरदार फिल्म में निभा रही हैं, वह हटकर है। टीजर में इस किरदार के माथे पर लाल तिलक नजर आया, भारी-भरकम गहने पहने और हाथ में तलवार लिए वह दिख रही हैं। साथ ही वह क्रोध में अपने दुश्मनों पर हमला करती नजर आ रही हैं।

### वीएफएक्स का हुआ है खूब इस्तेमाल

फिल्म जटाधरा एक पौराणिक कहानी पर आधारित है। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शानदार वीएफएक्स देखने को मिलेगा। यह फिल्म इस साल के आखिर में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।




# बिना प्रोस्थेटिक्स निभाई 100 साल की महिला की भूमिका

विवेक अग्निहोत्री और पल्लवी जोशी की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' अपनी रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। कोलकाता में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में काफी हंगामा हुआ था। अब फिल्म की प्रोड्यूसर और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने अमर उजाला से खास बातचीत में फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे की अपने किरदार के लिए तैयारी।

### 100 साल की महिला के किरदार में नजर आएंगी पल्लवी

'द बंगाल फाइल्स' में पल्लवी जोशी ने एक 100 साल की महिला का किरदार निभाया है। जब उनसे किरदार की तैयारी और चुनौतियों को लेकर सवाल किया गया, तो अभिनेत्री कहा कि यह रोल मेरे लिए बहुत अनोखा और चुनौतीपूर्ण था। एक सदी का सफर झेल चुकी महिला की आत्मा को पकड़ना आसान नहीं था। डर भी लगता था कि मैं इसे सही तरह से निभा पाऊंगी या नहीं। उन्होंने कहा कि मैंने विवेक से भी कई बार कहा था कि इस रोल के लिए सही कास्ट होनी चाहिए, वरना यह फिल्म के लिए सही नहीं होगा। लेकिन आखिरकार मुझे ही करना पड़ा और जब ऑडियंस की प्रतिक्रिया देखी, तो लगा कि मेहनत सफल रही। सबसे खास बात ये है कि पल्लवी ने अपने किरदार के लिए प्रोस्थेटिक्स का इस्तेमाल नहीं किया है। इसके पीछे की वजह के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि हम चाहते थे कि यह किरदार बहुत नेचुरल लगे, जैसे हमारी दादी या बुआ होती थीं। प्रोस्थेटिक्स से अक्सर चेहरे के भाव सीमित हो जाते हैं। हॉरर शोज में वह ठीक है, लेकिन हमें एक सहज, घरेलू और प्यारी महिला चाहिए थी। साथ ही सच कहूं तो बड़े-बजट वाले प्रोस्थेटिक आर्टिस्ट हायर करना हमारे लिए संभव नहीं था। बंगाल जाकर शूटिंग भी नहीं कर पाए, इसलिए बड़ा सेट बनाना पड़ा जिससे लागत और बढ़ गई। ऐसे में मेकअप और वीएफएक्स के साथ ही किरदार को गढ़ा गया। हमारी कोशिश थी कि किरदार की आत्मा झलके।




# टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 4 को लेकर सामने आई बड़ी जानकारी


बॉलीवुड के सबसे चर्चित एक्शन फ्रेंचाइजी बागी की चौथी किस्त का इंतजार दर्शकों को लंबे समय से है। टाइगर श्रॉफ अपने दमदार स्टंट्स और हाई-ऑक्टेन एक्शन के लिए जाने जाते हैं। अब उनकी अपकमिंग फिल्म बागी 4 को लेकर जानकारी सामने आ रही है कि इसका ट्रेलर कब लॉन्च होगा और किस अंदाज में दर्शकों के सामने इसे पेश किया जाएगा।

### भव्य कार्यक्रम में होगा ट्रेलर लॉन्च

रिपोर्ट के मुताबिक बागी 4 का ट्रेलर 30 अगस्त 2025 को एक बड़े इवेंट में लॉन्च किया जाएगा। खास बात यह है कि फिल्म की रिलीज डेट यानी 5 सितंबर 2025 से सिर्फ एक हफ्ते पहले यह ट्रेलर सामने आएगा। यानी ट्रेलर लॉन्च के साथ ही फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी जाएगी। एक दिन पहले ही टाइगर श्रॉफ ने बागी 4 के लेटेस्ट गाने बहली सोहनी को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है... और वाइब हिट हो जाता है.. यह अब केवल संगीत नहीं है – यह बहली सोहनी है।

### बागी 4 के बारे में

पांच साल के ब्रेक के बाद बागी फ्रैंचाइजी अपनी चौथी किस्त लेकर आ रही है। इस बार फिल्म में भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। साजिद नाडियावाला की इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के अलावा सोनम बाजवा, हरनाज संधू और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है। जबकि फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अक्षय और सैफ की 18 साल बाद एक साथ पर्दे पर वापसी



अभिनेता अक्षय कुमार और सैफ अली लगभग 18 सालों के बाद स्क्रीन पर एक साथ नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'हैवान' की शूटिंग शनिवार से शुरू हो गई है। अभिनेता अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक बीटीएस वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह और सैफ और निर्देशक प्रियदर्शन के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। वीडियो पोस्ट कर अक्षय ने इसे कैप्शन दिया, हम सब ही हैं, थोड़े से शैतान। कोई ऊपर से संत है और कोई अंदर से हैवान। आज से फिल्म हैवान की शूटिंग शुरू कर रहा हूं, और वो भी अपने पसंदीदा डायरेक्टर प्रियदर्शन सर के साथ। लगभग 18 साल बाद सैफ के साथ काम करने का मौका मिला है। चलिए अब हैवानियत शुरू करते हैं! बता दें, सैफ और अक्षय आखिरी बार साल 2008 में फिल्म टशन में एक साथ नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस में ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थी। यश राज फिल्म्स बैनर तले इस फिल्म का निर्देशन विजय कृष्ण आचार्य ने किया था। इसमें सैफ और अक्षय के अलावा करीना कपूर खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे। अक्षय के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्म जॉली एलएलबी 3 रिलीज होगी। मेकर्स ने इसका टीजर जारी कर दिया है, जिसमें अक्षय कुमार, अरशद वारसी के साथ ही सौरभ शुक्ला की भी कमाल की कॉमिक टाइमिंग नजर आ रही है। यह फिल्म 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जिसका निर्देशन सुभाष कपूर ने किया है। यह 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण स्टार स्टूडियोज, कांगड़ा टॉकीज और केप ऑफ गुड फिल्म्स ने मिलकर किया है।

# अक्षय की जॉली एलएलबी 3 के साथ नहीं होगा क्लैश



**बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल इन दिनों अपनी वेब सीरीज द ट्रायल-प्यार, कानून, धोखा के दूसरे सीजन को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में मुंबई में आयोजित ट्रेलर लॉन्च के दौरान काजोल ने मीडिया से बातचीत की।**

काजोल ने अक्षय की फिल्म पर दिया रिएक्शन
मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेत्री से यह सवाल किया गया कि उनकी सीरीज और अक्षय कुमार की फिल्म जॉली एलएलबी 3 दोनों ही कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित हैं और दोनों एक ही दिन यानी 19 सितंबर को रिलीज होने जा रही हैं। ऐसे में क्या दोनों प्रोजेक्ट्स के बीच क्लैश होगा? इस पर काजोल ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया ङ्क यह किसी भी तरह का क्लैश नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि अक्षय की फिल्म भी चलेगी और मेरी सीरीज भी लोगों को पसंद आएगी। दोनों की अपनी-अपनी ऑडियंस है और दोनों के लिए जगह भी है।

### नयनिका संग काजोल का रिश्ता

इस सीरीज में काजोल वकील नयनिका सेनगुप्ता का किरदार निभा रही हैं। नयनिका एक ऐसी महिला है जो परिवार और करियर दोनों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती है। इस किरदार को लेकर काजोल ने कहा कि उन्हें नयनिका से गहरा जुड़ाव महसूस होता है। उनके मुताबिक हर महिला अपनी जिंदगी में कभी-न-कभी ऐसे फैसले लेती है, जहां परिवार और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच चुनाव करना पड़ता है। काजोल ने कहा, मैंने अपने आस-पास की महिलाओं से बहुत प्रेरणा ली है और कोशिश की है कि नयनिका को सच्चाई के साथ पर्दे पर उतार सकूं। सीरीज का निर्देशन उमेश बिस्ट ने किया है और इसे बनिजय एशिया ने प्रोड्यूस किया है। इस बार काजोल के साथ जिशु सेनगुप्ता, सोनाली कुलकर्णी, शीबा चड्ढा, अली खान, कुबरा सैत, गौरव पांडे और करणवीर शर्मा जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

### डिजिटल बनाम थिएटर पर बोलीं

काजोल की द ट्रायल 2 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी, जबकि अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी 3 सिनेमाघरों में रिलीज होगी। काजोल का मानना है कि थिएटर और ओटीटी की ऑडियंस अलग है और दोनों प्लेटफॉर्म्स पर एक ही दिन रिलीज होना किसी भी तरह का नुकसान नहीं है, बल्कि दर्शकों के लिए ज्यादा विकल्प लेकर आता है।

### पहले सीजन से नई शुरुआत

द ट्रायल का पहला सीजन 2023 में आया था और इसका निर्देशन सुपर्ण वर्मा ने किया था। उस वक्त यह दिखाया गया था कि कैसे एक हाउसवाइफ अपने पति के जेल जाने के बाद दोबारा करियर शुरू करती है और वकालत की दुनिया में कदम रखती है। नया सीजन वहीं से आगे बढ़ता है जहां नयनिका अब और मजबूत होकर नए मुकदमों, चुनौतियों और विश्वासघात का सामना करती है।



# 'सैयारा' ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

## कृतिका ने बताया निभाना चाहती हैं कैसा किरदार

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है। कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। हाल ही में अमर उजाला से बातचीत में कृतिका ने अपने नए शो, एक्टिंग सफर और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की।

**सीरीज को लेकर दर्शकों की ढेरों प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनमें से सबसे ज्यादा किस बात ने आपको छुआ?**

मुझे सबसे अच्छा यह लगा कि ऑडियंस ने शो की सोच और इरादे को समझा। यह कोई स्टीरियोटाइप या बनावटी कहानी नहीं थी, बल्कि भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को ईमानदारी और बैलेंस के साथ दिखाने की कोशिश थी। यह देखकर सुकून मिला कि लोग इस नजरिए को पहचान भी रहे हैं और सराह भी रहे हैं।

**पत्रकार फातिमा को निभाते वक्त आपके लिए मुश्किल हिस्सा क्या था?**

किरदार में उतरना मेरे लिए मुश्किल नहीं था, क्योंकि मैं ऐसे लोगों को जानती हूं जिनकी सोच फातिमा जैसी है। भारत में कई पत्रकार हैं जो अलोकप्रिय होने के बावजूद सच बोलने से पीछे नहीं हटते। उन्हें देखकर भरोसा हुआ कि हर देश में ऐसे जिम्मेदार लोग होते हैं। हां, असली चुनौती थी उस दौर का अंदाज पकड़ना। इसके लिए मैंने 70 के दशक के कई इंटरव्यू देखे, उनकी बोलने की रफ्तार और लहजा समझा, ताकि डायलॉग्स उस समय जैसे लगें।

**'कितनी मोहब्बत है' से लेकर 'सारे जहां से अच्छा' तक आपकी जर्नी और इंडस्ट्री का बदलाव कैसा रहा?**

मैं हमेशा से यही कोशिश करती आई हूं कि खुद को न दोहराऊं। इंडस्ट्री अक्सर आपको एक ही तरह के रोल में बांध देती है, लेकिन मैंने अलग-अलग किरदार चुनने का रिस्क लिया। कभी-कभी डर भी लगा कि लोग इसे पसंद करेंगे या नहीं, लेकिन अब तक रिस्क अच्छा साबित हुआ है। सबसे अच्छी बात यह है कि आज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नई कहानियों और एक्सपेरिमेंट्स की गुंजाइश बहुत है। कलाकार को अपनी रेंज एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है।

**किसी भी रोल को चुनते समय आपकी प्राथमिकता क्या होती है?**

मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है, लेकिन मैं मेकर्स की ईमानदारी भी देखती हूं। आखिर में यह सब मिलकर बनने वाला विजन सबसे महत्वपूर्ण होता है।

**'मटका किंग' में आपका किरदार चर्चा में है। इस प्रोजेक्ट में आपको क्या खिंचाव महसूस हुआ?**

'बंबई मेरी जान' में मैंने गैंगस्टर का रोल किया था और वही दोहराना मुझे पसंद नहीं। 'मटका किंग' 70 के दशक में मटका जुए की शुरुआत और उसके फैलाव की कहानी है। यह सिर्फ जुए तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महत्वाकांक्षा, नैतिकता, सफलता और उसकी कीमत की कहानी भी है। अभी मैं अपने रोल के बारे में ज्यादा नहीं बता सकती, लेकिन इतना कह सकती हूं कि यह बहुत अलग और नया अनुभव होगा।

### क्या कोई जॉनर है, जिसे आप अभी तक एक्सप्लोर नहीं कर पाईं

हां, बिल्कुल। मेरा करियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब 'सैयारा' की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें।

# ड्रीम-11 ने टीम इंडिया की स्पॉन्सरशिप छोड़ी, 358 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट तोड़ा

## बीसीसीआई बोला- अब किसी ऑनलाइन गेमिंग कंपनी के साथ नहीं जुड़ेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** ड्रीम-11 ने टीम इंडिया की स्पॉन्सरशिप से अलग होने का फैसला ऑनलाइन गेमिंग बिल पास होने के बाद लिया है। बिल में गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को बैन किया गया है।एशिया कप 2025 से पहले ड्रीम-11 ने भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया है। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार (25 अगस्त) को इसकी जानकारी दी।उन्होंने कहा- ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने वाला बिल पास हो गया है। लिहाजा बीसीसीआई और ड्रीम-11 अब साथ नहीं रहेंगे। बीसीसीआई भविष्य में ऐसी किसी भी (ऑनलाइन गेमिंग) कंपनी के साथ नहीं जुड़ेगा। बिल में ड्रीम-11 जैसे रियल-मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को बैन किया गया है। ड्रीम-11 ने 2023 में बीसीसीआई के साथ 358 करोड़ रुपए में तीन साल का स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था।




### 2026 में खत्म होना था कॉन्ट्रैक्ट

- ड्रीम 11 इस डील के तहत बीसीसीआई को हर घरेलू मैच के लिए 3 करोड़ रुपए देता था।
- विदेशों में खेले गए हर मैच के लिए बीसीसीआई को 1 करोड़ रुपए मिलते थे।
- कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद बीसीसीआई अब नए स्पॉन्सर के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।

### स्पेशल क्लॉज के कारण डील तोड़ने पर भी जुर्माना नहीं लगेगा।

ड्रीम 11 को बीसीसीआई के साथ अपने स्पॉन्सरशिप करार को समय से पहले खत्म करने के लिए जुर्माना नहीं देना होगा। इसका कारण यह है कि करार में एक स्पेशल क्लॉज शामिल है। ये कहता है कि यदि सरकार का कोई कानून स्पॉन्सर के मुख्य बिजनेस को प्रभावित करता है, तो उन्हें कोई जुर्माना नहीं देना पड़ेगा। सरकार के नए कानून ने रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो ड्रीम11 के कोर बिजनेस को प्रभावित करता है। इस वजह से ड्रीम 11 स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर सकता है।

### टाटा-रिलायंस जैसी कंपनी बन सकती है नई स्पॉन्सर

टाटा ग्रुप, रिलायंस और अडाणी ग्रुप जैसी पुरानी कंपनियां मजबूत दावेदार के रूप में उभर रही हैं। टाटा पहले से ही आईपीएल का ऑफिशियल स्पॉन्सर है। रिलायंस जियो स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप और प्रसारण अधिकारों में शामिल है। अडाणी ग्रुप ने भी स्पोर्ट वेंचर्स में निवेश किया है।

### ड्रीम 11 की 67 प्रतिशत कमाई रियल मनी सेगमेंट से होती थी

ड्रीम 11 का रियल मनी गेमिंग सेगमेंट कंपनी की कुल कमाई का 67 प्रतिशत हिस्सा है। यानी, कंपनी की ज्यादातर कमाई फैंटेसी क्रिकेट जैसे गेम्स से आती थी। यहां यूजर्स पैसे लगाकर अपनी टीमें बनाते थे और जीतने पर कैश प्राइज पाते थे। नए बिल के तहत ये गेम्स अब गैरकानूनी हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के सीईओ हर्ष जैन ने कर्मचारियों को बताया कि नए कानून के तहत रियल मनी गेमिंग को जारी रखने का कोई कानूनी रास्ता नहीं है।

# शाकिब टी-20 में 500 विकेट लेने वाले 5वें गेंदबाज बने



- कैरेबियन प्रीमियर लीग मैच में 3 विकेट लिए
- फाल्कन्स ने पैट्रियट्स को 7 विकेट से हराया

**कैरेबियन (एजेंसी)।** बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी-20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। शाकिब ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल 2025) में रविवार को सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ एंटिगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स की ओर से खेलते हुए यह अचीवमेंट हासिल की। शाकिब ने दो ओवर की गेंदबाजी में 11 रन देकर 3 विकेट झटके। उनके गेंदबाजी से फाल्कन्स ने 7 विकेट की जीत हासिल की। टीम पॉइंट टेबल में टॉप पर बरकरार है। इस मैच से पहले शाकिब को 500 विकेट पूरे करने के लिए सिर्फ एक विकेट की जरूरत थी, जो उन्होंने अपनी छठी गेंद पर हासिल कर लिया।

### पैट्रियट्स टीम के 4 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पैट्रियट्स की टीम 133/9 बना सकी। पैट्रियट्स की बल्लेबाजी शुरू से ही लड़खड़ा गई। मोहम्मद रिजवान (30 गेंदों पर 26 रन) और एविन लुईस (31 गेंदों पर 32 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। टीम के चार बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए, जबकि तीन बल्लेबाज रन आउट हुए।

### फाल्कन्स की पारदी को करिमा गोर ने संभाला

134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाल्कन्स को मुश्किल पिच पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करिमा गोर ने नाबाद 52 रन बना कर टीम को जीत दिलाई। जब शाकिब आउट हुए तब फाल्कन्स को 28 रन चाहिए थे। इसके बाद करिमा गोर ने पारी को संभाला और कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर दबाव कम किया। गोर ने न केवल अपनी अर्धशतकीय पारी पूरी की, बल्कि आखिरी बाउंड्री लगाकर फाल्कन्स को दो गेंद शेष रहते जीत दिलाई। फाल्कन्स ने इस मैच को 7 विकेट से हराया।

### शाकिब 7000 से ज्यादा रन बना चुके हैं

शाकिब ने न केवल गेंद से, बल्कि बल्ले से भी अपनी काबिलियत दिखाई। टी-20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले अन्य चार गेंदबाजों के पास शाकिब के 7574 रन नहीं हैं। इस मैच में शाकिब ने 18 गेंदों पर 25 रन बनाए, जिसमें उन्होंने अश्मीद नेद की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर छक्का और अगली गेंद पर रिवर्स स्वीप से चौका जड़कर फाल्कन्स की जीत को आसान बना दिया।

# विमेंस वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

**● फातिमा सना कप्तान, 7 नई क्रिकेटर्स को मौका दिया ● 2 अक्टूबर को बांग्लादेश से पहला मैच**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने जा रहे विमेंस वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। सोमवार को जारी इस टीम में 7 नई खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

नई खिलाड़ियों में ऐमान फातिमा, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार और सैयदा अरूब शाह शामिल हैं। विमेंस वर्ल्ड कप का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर के बीच होगा। पाकिस्तान की टीम 2 अक्टूबर को बांग्लादेश से पहला मैच खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 5 अक्टूबर को भारत से होगा।




● **पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे** - पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ मैच शामिल हैं।

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम

फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी (उप-कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमान फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर) और सैयदा अरूब शाह। ट्रैवलिंग रिजर्व- गुल फिरोजा, नजीहा अल्वी, तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

# इंदौर में एमपी का पहला क्रिकेट म्यूजियम

**यहां 18वीं सदी से अब तक की 300 दुर्लभ खेल सामग्री, ब्रैडमैन-सचिन के बैट भी रखे**



**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में मध्यप्रदेश का पहला क्रिकेट म्यूजियम शुरू हो गया है। इस म्यूजियम में 18वीं सदी से लेकर अब तक के क्रिकेट इतिहास की तमाम घटनाओं और खेल में इस्तेमाल 300 से ज्यादा सामग्रियों को रखा गया है। इस म्यूजियम को मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और ब्लेड्स ऑफ ग्लोरी क्रिकेट म्यूजियम ने 6 साल में तैयार किया है। इसका उद्घाटन 7 जुलाई को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया था। 15 जुलाई से यह लोगों के लिए ओपन कर दिया गया है।

### क्रिकेट की बाइबल 'विजडन' के एडिशन भी रखे

इंदौर के होलकर स्टेडियम में बने क्रिकेट म्यूजियम में 18वीं सदी से लेकर 2024 तक का इतिहास है। क्रिकेट की बाइबल कही जाने वाली विजडन मैगजीन के स्पेशल एडिशन भी यहां मौजूद हैं।म्यूजियम में विजडन के 1952 से लेकर अब तक के सभी महत्वपूर्ण एडिशन हैं। यह मैगजीन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को कवर करती थी, लेकिन धीरे-धीरे इसने पूरी दुनिया के क्रिकेटरों को जगह देनी शुरू कर दी। विजडन मैगजीन, जिसमें 2017 में कवर पेज पर विराट कोहली को रखा गया था।



# नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन में जीत के साथ की शुरुआत

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन के पहले दौर में उत्साही किशोर लर्नर टिएन को हराकर प्रतियोगिता के दूसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम की रोशनी में रविवार रात खेले गये पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने 19 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी को दो घंटे 25 मिनट में 6-1, 7-6(3), 6-2 से हराया। विंबलडन के बाद पहली बार खेल रहे 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और 24 मिनट के शुरुआती सेट में केवल एक गेम गंवाया। हालांकि रात्रि सत्र में पदार्पण कर रहे टिएन ने जोकोविच को कड़ी टक्कर देते हुए दमदार बेसलाइन खेल और घरेलू दर्शकों के समर्थन से वापसी की और दूसरे सेट में एक सेट प्वाइंट भी हासिल किया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मुझे लगता है कि दूसरे सेट में संयम बनाए रखना और टाईब्रेकर में जीत हासिल करना मेरे लिए बेहद जरूरी था। इसके बाद मुझे बेहतर महसूस होने लगा। मुझे पता है कि मैं हमेशा बेहतर कर सकता हूं, लेकिन इस साल के अभियान की शुरुआत करने का यह एक शानदार तरीका है। इस जीत के साथ ग्रैंड स्लैम में पहले दौर में दबदबे का जोकोविच का शानदार रिकॉर्ड और भी मजबूत हो गया है। 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से उन्होंने किसी भी बड़े टूर्नामेंट के पहले दौर का मैच नहीं गंवाया है। उनकी लगातार 75 जीत है।

# संजू सैमसन ने केरल क्रिकेट लीग में शतक लगाया

### एशिया कप के प्लेइंग इलेवन के लिए दावेदारी पेश की, कोचि ब्लू टाइगर्स 4 विकेट से जीता




**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** एशिया कप से ठीक पहले संजू सैमसन ने डोमेस्टिक टी-20 लीग केरल क्रिकेट में शतक लगा दिया है। उन्होंने इस शतक से भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। एशिया कप 9 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। संजू ने कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से खेलते हुए सिर्फ 51 गेंदों में 121 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उन्होंने 16 गेंदों पर हाफ सेंचुरी पूरी की जबकि 42 गेंदों पर शतक पूरा किया। इस मैच में वह ओपनिंग करने उतरे थे। संजू की टीम कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने एरीज कोल्लम सेलर्स को 4 विकेट से हराया।

**एरीज कोल्लम सेलर्स ने 236 रन बनाए** - टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एरीज कोल्लम सेलर्स ने 20 ओवर में 236 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज विश्नु विनोद ने 94 रन (41 गेंदों पर) और सचिन बेबी ने 91 रन (44 गेंदों पर) की शानदार पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 66 गेंदों में 143 रनों की साझेदारी की। एरीज ने शुरुआती 6 ओवर में 1 विकेट पर 100 रन बनाकर टूर्नामेंट का रिकॉर्ड बनाया।

**डिविलियर्स ने दिए संकेत**

# आरसीबी में हो सकते हैं शामिल, इस भूमिका में आएंगे नजर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक अलग क्षमता में संभावित वापसी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है, उन्होंने भविष्य में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ कोचिंग या मेंटरिंग की भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की है। डिविलियर्स ने अपने आईपीएल करियर का अधिकांश हिस्सा आरसीबी में बिताया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की और 2011 में आरसीबी में शामिल होने से पहले तीन सीजन तक उनके लिए खेला। साल 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने कहा कि लीग के लिए पूर्णकालिक पेशेवर प्रतिबद्धता की संभावना नहीं है। लेकिन, आरसीबी के साथ उनका रिश्ता मजबूत बना हुआ है और अगर बेंगलुरु स्थित फ्रैंचाइजी को लगता है कि टीम के साथ जुड़ने के लिए उनके लिए कोई भूमिका है, तो वह तैयार हैं। डिविलियर्स ने कहा, हो सकता है कि मैं भविष्य में किसी अलग भूमिका में फिर से आईपीएल से जुड़ जाऊं, लेकिन पेशेवर रूप से पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्ध होना वाकई मुश्किल है और मुझे लगता है कि वो दिन अब बीत चुके हैं।

**एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप**

# 25एम पिस्टल स्पर्धा में पदक से चूकी मनु भाकर, जूनियरों ने मारी बाजी

**शिमकेंट (एजेंसी)।** दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पदक से चूक गई और चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा। भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही।



मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया।

# ऐश्वर्य ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीता

**अद्रियान का जूनियर पुरुष 3पी में एशियाई रिकॉर्ड; 25 गोल्ड के साथ भारत टॉप पर**

**कजाकिस्तान (शिमकेंट) (एजेंसी)।** भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 16वें एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के 50 मीटर मेंस राइफल 3 पोजीशन (3पी) इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में 462.5 स्कोर किया।कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही चैंपियनशिप में ऐश्वर्य ने शुरू से ही बढ़त बना ली। पहले पांच शॉट्स (नीलिंग पोजीशन) के बाद वे आगे निकल गए और फिर लगातार अपनी बढ़त को मजबूत करते रहे। 13वें शॉट के बाद झाओ और ऐश्वर्य के बीच केवल 0.3 अंकों का अंतर था।ऐश्वर्य ने 14वें शॉट में 10.8 का स्कोर बनाकर फिर से एक अंक से ज्यादा की बढ़त हासिल की, जो अंत तक बनी रही। उन्होंने 0.5 अंकों के अंतर से गोल्ड मेडल जीता। जापान के नाओया ओकाडा (448.8) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि चैन सिंह (435.7) और अखिल श्योरान (424.9) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 462.5 स्कोर के साथ गोल्ड जीता।





### भारत के तीनों शूटरों ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

पुरुष 3पी स्पर्धा में भारत के तीनों निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। ऐश्वर्य ने 584 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर सबसे ऊंचा क्वालिफिकेशन स्कोर बनाया। अनुभवी निशानेबाज चैन सिंह 582 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप ब्रॉन्ज मेडल विजेता अखिल श्योरान ने 581 अंकों के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया।

चीन के भी तीनों निशानेबाज फाइनल में पहुंचे, जबकि जापान और कोरिया के एक-एक शूटर फाइनल के लिए क्वालिफाई किए। हालांकि, भारत को टीम गोल्ड मेडल से चूकना पड़ा। भारत का कुल स्कोर 1747 रहा, जो चीन के 1750 से तीन अंक कम था।

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट में गलती पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करना अन्याय: दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि भर्ती परीक्षाओं की ओएमआर शीट में रोल नंबर बबलिंग की मामूली त्रुटि के आधार पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करना अन्यायपूर्ण है। हाईकोर्ट के इस फैसले से छह साल तक चली कानूनी लड़ाई के बाद अब याचिकाकर्ता महिला अभ्यर्थी कुसुम गुप्ता को न्याय मिला है। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की डिवीजन बेंच ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) को यह आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता कुसुम गुप्ता को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (विशेष शिक्षक) के पद पर आठ सप्ताह के भीतर नियुक्ति पत्र जारी किया जाए। साथ ही उन्हें आनुमानिक वरिष्ठता और अन्य सेवा लाभ देने के निर्देश दिए गए, हालांकि बकाया वेतन-भत्ते नियुक्ति की तिथि से ही देय होंगे। बेंच ने पाया कि याचिकाकर्ता महिला कुसुम गुप्ता की ओएमआर शीट का मूल्यांकन हुआ था और वह परीक्षा में सफल घोषित की गई थीं। यहां तक कि ई-डॉसियर अपलोड करने के लिए भी बुलाया गया था। इसके बावजूद उनकी उम्मीदवारी रद्द करना नियमों का कठोर और अनुचित प्रयोग है। वकील अनुज अग्रवाल के माध्यम से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने माना कि अभ्यर्थी ने परीक्षा के प्रत्येक चरण को पार किया है, ऐसे में मामूली तकनीकी त्रुटि उसकी उम्मीदवारी खत्म करने का आधार नहीं हो सकती। दरअसल, डीएसएसएसबी ने 2017 में टीजीटी स्पेशल एजुकेशन टीचर्स के लिए विज्ञापन निकाला था। कुसुम गुप्ता ने लिखित परीक्षा पास कर ली, लेकिन फरवरी 2019 की फाइनल लिस्ट से उनका नाम हटा दिया गया। जब उन्होंने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि ओएमआर शीट में रोल नंबर गलत बबल हुआ। छह साल की कानूनी लड़ाई के बाद अब उन्हें न्याय मिला है। हालांकि, राहत सीमित अभ्यर्थियों को दी गई है पर यह फैसला भर्ती परीक्षाओं में तकनीकी आधार पर उम्मीदवारी खारिज करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने वाला अहम आदेश माना जा रहा है।

### ताऊ की बेटी से शादी, तीन दिन बाद ही जान दी, सुसाइड से पहले वीडियो जारी कर बताया कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी में मेरठ के रहने वाले जिम ट्रेनर ने ताऊ की बेटी से शादी के तीन दिन बाद ही गाजियाबाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या करने से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर प्रेमिका के साथ बनाई गई वीडियो और एक मैसेज पोस्ट किया। यह पोस्ट वायरल होते ही परिजनों और जानने वालों के बीच हड़कंप मच गया। युवक के सुसाइड का पता लगते ही आननफानन में परिजन गाजियाबाद पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहां से शव लेकर रविवार शाम परिजन मवाना स्थित घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। मवाना के एक मोहल्ला निवासी पुनीत लंबे समय से जिम ट्रेनर का काम कर रहा था। कुछ समय पहले वह गाजियाबाद जाकर रहने लगा था। युवक के पिता भाजपा से जुड़े बताए जा रहे हैं। पहले युवक मेरठ में अपना जिम चलाता था। कुछ माह पहले ही वह गाजियाबाद में बॉडीगार्ड का काम करने लगा था। इस दौरान उसका अपने ही ताऊ की बेटी से प्यार हो गया था। दोनों ने तीन दिन पहले ही शादी की थी। शादी के तीन दिन बाद ही उसने गाजियाबाद में जिस कमरे में किराए पर रहता था उसी में फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में युवक ने सुसाइड का कारण भी बताया है। युवके के अनुसार ताऊ की बेटी से ही शादी के बाद से वह समाज और परिवार के सामने शर्मिंदा महसूस कर रहा था। इसी के बोझ तले इतना दब गया कि उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मौत से कुछ घंटे पहले युवक ने दो वीडियो पोस्ट किए।

# 28 सड़कों का जाम दूर करने को गूगल मैप की मदद ले रही ट्रैफिक पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा जाम लगने वाली 28 सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस गूगल की मदद से यातायात चला रही है। इन सड़कों पर गूगल मैप से निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान सड़क के जिस हिस्से में जाम दिखता है, उसके पास मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तुरंत इसकी जानकारी दी जाती है। वह तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने का काम करते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी गूगल मैप के जरिये इन सड़कों पर निगरानी रखी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में ट्रैफिक जाम एक बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए पुलिस ने 'ए श्रेणी' की 28 प्रमुख सड़कों को चिन्हित किया है, जहां सबसे ज्यादा जाम लगता है। खासतौर पर सुबह और शाम के व्यस्त समय में इन मार्गों पर स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में अधिकारियों के निर्देश पर अब गूगल के जरिये रियल-टाइम मॉनिटरिंग शुरू की गई है। इससे जाम की स्थिति का तुरंत पता चल सकेगा और मौके पर मौजूद टीम तुरंत राहत कार्य कर सकेगी। इसके लिए पब्लिक इंटरफेस यूनिट ट्रैफिक पुलिस में बनाई गई है। इनका काम सुबह और शाम के समय इन 28 सड़कों को गूगल मैप पर देखना है और जाम वाले स्थानों को वॉट्सऐप ग्रुप में डालना है। इस ग्रुप में ट्रैफिक के सभी इंस्पेक्टर और वरिष्ठ अधिकारी जुड़े हैं।

इस तस्वीर के ग्रुप में आते ही संबंधित ट्रैफिक इंस्पेक्टर वहां मौजूद अपने पुलिसकर्मी को जाम की जगह पर भेजकर उसे खुलवाने का काम कर रहे हैं।



आमतौर पर अवैध पार्किंग, रास्ता बंद होने, गाड़ी खराब होने आदि कारणों की वजह से जाम लगता है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर इन समस्याओं का समाधान करता है।

एक वरिष्ठ ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन सड़कों पर जाम को लेकर शुरू की गई इस नई योजना से पहले के मुकाबले सुधार देखने को मिल रहा है। इन सड़कों पर जाम अभी भी लग रहा है, लेकिन वाहन चालक इसमें से पहले के मुकाबले कम समय में निकल रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में इसमें और सुधार देखने को मिलेगा। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, गूगल से निगरानी करने के साथ ही ट्रैफिक पुलिस इन 28 कॉरिडोर पर बाइक से भी गश्त रही है। इस दौरान यह देखा जाता है कि सड़क पर किसी प्रकार की बाधा तो नहीं है। अगर किसी ने गाड़ी खड़ी कर रखी है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा अगर कोई गाड़ी खराब है तो क्रेन की मदद से उसे हटवाया जाता है।

## निक्की मर्डर केस: घटना के वक्त घर में नहीं था विपिन? वायरल वीडियो ने उलझाई हत्या की गुत्थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
निक्की भाटी मर्डर केस में निक्की के ससुर और जेठ की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन, एक नए वीडियो के सामने आने से मर्डर की गुत्थी उलझती हुई दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर वायरल हो रहे वीडियो में दावा किया जा रहा है कि घटना के दौरान आरोपी पति विपिन घर में मौजूद नहीं था। इस आधार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं, जब विपिन घर में मौजूद नहीं था, तो हत्या उसने कैसे की?

सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर एक और वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि घटना के समय आरोपी पति विपिन घर पर मौजूद नहीं था। वह अपने घर के बाहर पिता के पास दुकान पर था। वह दुकान से घर की तरफ भागता हुआ दिखाई दिया है। वीडियो वायरल करने वाले का दावा है कि जब विपिन घटना के समय घर पर ही नहीं था तो उसने आग कैसे लगा दी। उधर मारपीट वाले वीडियो को पुराना बताया गया है। बताया गया कि उसे एडिट करके दिखाया गया है।



पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरोपियों की पहचान सतवीर भाटी (55) और रोहित भाटी (28) के रूप में हुई है, जिन्हें कासना पुलिस ने एक गुप्त सूचना और खुफिया जानकारी के आधार पर सिरसा टोल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। निक्की का पति विपिन भाटी, जेठ रोहित, सास और ससुर उन लोगों में शामिल हैं जिनका नाम प्राथमिकी में आरोपियों के रूप में दर्ज है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चारों के खिलाफ 22 अगस्त को कासना पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 61(2) (आजीवन कारावास या अन्य दंडनीय अपराध करने का प्रयास करना) के तहत मामला दर्ज किया गया था।पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद से ही रोहित फरार था। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश है।

## केंद्र सरकार के लाए पीएम-सीएम वाले बिल पर विपक्ष खुश नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार के लाए पीएम-सीएम वाले बिल पर विपक्ष खुश नहीं है। इस बिल को फिलहाल जेपीसी में भेज दिया गया है,लेकिन वहां भी कांग्रेस- आम आदमी पार्टी इसका हिस्सा नहीं होंगे। आज अमित शाह ने 130वें संशोधन बिल पर कई बातें कहीं। शाह के बयान पर अब कांग्रेस नेता उदित राज ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि बिल में प्रधानमंत्री भी कटघरे में आ सकते हैं,लेकिन पीएम को कौन छू सकता है। सारा सिस्टम उनका गुलाम है। उदित राज ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष के बहुत से लोग नैतिकता के आधार पर समर्थन करेंगे पर एनडीए में भी बहुत लोग हैं जिन्हें यह बिल पसंद नहीं है। यह बिल विपक्ष के खिलाफ है। इस बिल का प्रधानमंत्री पर कोई असर नहीं होगा। जब पूरा सिस्टम उनका गुलाम बन चुका है तो प्रधानमंत्री को कौन छू सकता है? उदित राज ने आगे पूछा कि 11 साल हो गए सरकार चलाते,कितने कैबिनेट मिनिस्टर, चीफ मिनिस्टर या और




कोई बीजेपी नेता के खिलाफ केस हुआ? यह विपक्ष को फंसाने के लिए और दुरुपयोग होने के लिए ये बिल लाया गया है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के पीएम रहते मंत्री,विधायक और सांसदों के खिलाफ कार्रवाई होती थी। अजीत पवार सरीखे लोगों पर आरोप थे पर आपने तो उन्हें डिप्टी सीएम बना दिया। अमित शाह ने इस बिल का बचाव किया और कहा कि इसका उद्देश्य संवैधानिक नैतिकता और जनता के विश्वास को बनाए रखना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह बिल सत्तारूढ़ पार्टी सहित सभी नेताओं पर समान रूप से लागू होगा। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि यह बिल पास

## बरसात के बीच एक और टेंशन, दिल्ली में 40% बढ़ गए हेपेटाइटिस ए और ई के केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में बारिश और उसके बाद कई जगह जमा पानी बीमारियों को भी जन्म दे रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में हेपेटाइटिस ए और ई के मामलों में काफी वृद्धि हुई है। उनका कहना है कि दूषित पानी और भोजन के सेवन के कारण पीलिया, पेट दर्द, उल्टी और थकान के मामलों में 30-40त की बढ़ोतरी हुई है। हेपेटाइटिस ए और ई दोनों ही पानी से होने वाले संक्रमण हैं और इनके मामले मानसून के दौरान बढ़ जाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना ??है कि जलजमाव और खराब स्वच्छता दूषित पानी और भोजन के मुख्य कारण हैं। उनका कहना है कि ये संक्रमण, जो लिवर को प्रभावित करते हैं, आमतौर पर असुरक्षित पानी या अस्वच्छ भोजन, खासकर सड़क किनारे विक्रेताओं द्वारा बेचे जाने वाले भोजन के सेवन से फैलते हैं।

फोर्टिस अस्पताल, नई दिल्ली की डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि पिछले सालों में उनके अस्पताल में आमतौर पर हेपेटाइटिस के एक या



दो मामले आते थे, जो इस साल बढ़कर तीन से चार हो गए हैं।सर गंगा राम अस्पताल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सह-अध्यक्ष डॉ. पीयूष रंजन ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में, उनके आउटपेशेंट डिपार्टमेंट में आने वाले 40त मरीज हेपेटाइटिस से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस ए और ई ऐसी बीमारियां हैं जो अपने आप ठीक हो जाती हैं, लेकिन पूरी तरह ठीक होने में दो से छह हफ्ते लग सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बिलीरुबिन का स्तर तुरंत कम नहीं होता है, तो मरीजों को धैर्य रखना चाहिए।

आकाश हेल्थकेयर, द्वारका में लिवर-जीआई रोग और ट्रांसप्लांटेशन सेंटर के निदेशक डॉ. सौरभ सिंघल ने कहा कि लोग अक्सर संक्रमण को रोकने में साफ-सफाई और खान-पान की मूल बातों की भूमिका को कम आंकते हैं। उन्होंने कहा कि बिना धोई हुई सब्जियां, बिना फ़िल्टर किया हुआ पानी और हाथ न धोना इस वायरस के फैलने में काफी योगदान देता है। सीके बिड़ला अस्पताल, नई दिल्ली की आंतरिक चिकित्सा विभाग की डॉ. मनीषा अरोड़ा ने कहा, इस साल, हम हेपेटाइटिस के मामलों में असामान्य वृद्धि देख रहे हैं। सावधानी पर जोर देते हुए, डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनका पीने का पानी दूषित न हो। डॉ. अरोड़ा ने कहा, बाहर का खाना खाने से बचना सबसे अच्छा है, लेकिन घर पर भी आपको यह जांचना चाहिए कि आपके वॉटर प्यूरीफायर का पानी दूषित तो नहीं है और अगर फ्रिज में खाना ज्यादा देर तक रखा है।

## पहले 1971 के कत्लेआम पर लिखित में माफी मांगो..., पाकिस्तान के विदेश मंत्री की बांग्लादेश में हुई बेइज्जती

**ढाका, एजेंसी।** साउथ एशिया में अलग-थलग पड़ चुका पाकिस्तान अब बांग्लादेश की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है। लेकिन बांग्लादेश ने साफ कर दिया है कि किसी भी समझौते से पहले साल 1971 के नरसंहार के लिए पाकिस्तान को माफी मांगनी होगी।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के नरसंहार के लिए औपचारिक माफी मांगने की मांग की है। यह मांग बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने रविवार को ढाका में हुई एक द्विपक्षीय बैठक में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के सामने रखी।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान में कहा, 1971 में पाकिस्तान की ओर से किए गए नरसंहार के लिए औपचारिक माफी, संपत्तियों का बंटवारा, 1970 के चक्रवात पीड़ितों के लिए दी गई विदेशी



सहायता का ट्रांसफर और फंसे हुए पाकिस्तानियों की स्वदेश वापसी जैसे लंबे समय से लंबित ऐतिहासिक मुद्दों को जल्द हल करने की जरूरत है। इनके समाधान से ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों की नींव रखी जा सकती है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री का बांग्लादेश दौरा पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार 23 से 24 अगस्त तक बांग्लादेश के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर थे। यह दौरा बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार के न्योते पर हुआ। इस दौरान डार ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से भी मुलाकात की। दोनों देशों ने इस दौरे के दौरान एक द्विपक्षीय समझौते और पांच सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह रविवार दोपहर ढाका में हुआ, जिसमें बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार मौजूद थे। दोनों देशों के बीच हुए समझौते में सरकारी और राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट शामिल है।इसके अलावा, पांच सहमति पत्रों में दोनों देशों के बीच व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह का गठन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विदेश सेवा अकादमियों के बीच सहयोग, राज्य समाचार एजेंसियों के बीच सहयोग, और बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज और पाकिस्तान के इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद के बीच सहयोग की बात हुई।

## ब्रिटेन में अपराधियों पर नया शिकंजा, नहीं मिलेगी पब और स्पोर्ट्स इवेंट में एंट्री

**लंदन एजेंसी।** ब्रिटेन सरकार की ओर से रविवार को घोषित नये दंड नियमों के तहत अपराधियों के पब जाने, संगीत समारोहों में शामिल होने और खेल स्पर्धाओं को देखने पर प्रतिबंध रहेगा। नये उपायों के तहत देश के न्यायाधीश अपराधियों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा सकेंगे तथा उन पर ड्राइविंग प्रतिबंध, यात्रा प्रतिबंध और निशिद्ध क्षेत्रों तक सीमित रहने जैसे प्रतिबंध भी लागू कर पाएंगे। ब्रिटेन के कानून मंत्रालय ने कहा कि इन परिवर्तनों से सामुदायिक दंड को कठोर बनाया जाएगा, जिससे अपराध दोबारा करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और अपराधियों को पुनः सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। ब्रिटेन की कानून मंत्री शबाना महमूद ने कहा, ''न्यायाधीशों के पास उपलब्ध दंड उपायों को कठोर बनाना अपराध में कमी लाने और सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए हमारी परिवर्तन योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''जब अपराधी समाज के नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए। समाज में सजा काट रहे लोगों की आजादी पर भी पाबंदी होनी चाहिए। इन नयी सजाओं से सभी अपराधियों को याद दिलाया जाएगा कि इस सरकार के तहत आपराधिक गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जेल से बाहर आने वाले और परिवीक्षा सेवा की निगरानी में रहने वाले अपराधियों को भी इसी तरह के प्रतिबंधों और विस्तारित अनिवार्य दवा परीक्षण व्यवस्था का सामना करना पड़ेगा।

### सारे बुझे हुए कारतूस इकट्ठे होकर बम बनने की तैयारी कर रहे; 'वोटर अधिकार यात्रा' पर भाजपा सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बिहार में चल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सारे बुझे हुए कारतूस इकट्ठे होकर बम बनने की तैयारी कर रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनका गठबंधन मतदाता पुनरीक्षण सूची पर सवाल उठा रहा हैं, तो क्या बिहार के लोग इतने मूर्ख हैं कि कोई उनका वोट चोरी कर लेगा और उन्हें समझ में भी नहीं आएगा। बीते दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भाजपा को चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत करके बिहार के लोगों से उनका मताधिकार छीनने की अनुमति नहीं देगा। कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' के पांचवें दिन मुंगेर में भारी बारिश के बीच एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि 'वोट चोरी' संविधान पर हमला है।

## रूस से तेल खरीद पर अड़ा भारत, अमेरिका को दिया कड़ा जवाब- जहां 'सबसे अच्छा सौदा मिलेगा वहीं से खरीदेंगे

**मास्को/वाशिंगटन एजेंसी।**
रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारतीय कंपनियां वहां से तेल खरीदना जारी रखेंगी जहां भी उन्हें ''सबसे अच्छा सौदा मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नयी दिल्ली अपने ''राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाले कदम उठाना जारी रखेगी। रविवार को रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास को दिए साक्षात्कार में कुमार ने कहा कि नयी दिल्ली की प्राथमिकता देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

उनकी यह टिप्पणी भारत द्वारा रियायती दरों पर रूस से कच्चा तेल खरीदे जाने की अमेरिका द्वारा




आलोचना किए जाने के बीच आई है। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि व्यापार ''व्यावसायिक आधार पर होता है, कुमार ने कहा, ''भारतीय कंपनियां, जहां कहीं भी उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा, वहां से खरीदारी जारी रखेंगी। तो वर्तमान स्थिति यही है।झ्र रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया, ''...हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमारा उद्देश्य भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है और कई अन्य देशों की तरह रूस के साथ भारत के सहयोग से वैश्विक तेल बाजार में स्थिरता लाने में मदद मिली है। कुमार ने कहा कि भारत और रूस के बीच व्यापार आपसी हितों तथा बाजार कारकों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह ''भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य के साथ किया जाता है।

### भारत पर सेकेंडरी टैरिफ इसलिए लगाया क्योंकि..., जेडी वेंस ने बताया क्या है डोनाल्ड ट्रंप का सीक्रेट प्लान

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। भारत द्वारा रूस से तेल खरीदे जाने के कारण अमेरिका ने भारत पर ये शुल्क लगाया। इस बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की प्रतिक्रिया सामने आई है।

दरअसल, इस मसले पर जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को यूक्रेन पर हमला रोकने के लिए आक्रामक आर्थिक दबाव का रुख किया है। इसी वजह से भारत पर भी टैरिफ लगाया गया है। बता दें कि एनबीसी न्यूज के एक कार्यक्रम में बात करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका द्वारा उठाए जा रहे इन कदमों का उद्देश्य रूसी की तेल अर्थव्यवस्था से होने वाली कमाई को कम करना है। उन्होंने कहा इससे रूस कमजोर पड़ेगा और युद्ध रोकने में मदद मिलने की संभावना है। जेडी वेंस ने यह भी कहा कि हाल के दिनों में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात सार्थक रही है। हालांकि, उन्होंने माना कि इस मुलाकात के बाद दोनों के बीच कुछ अड़चने भी पैदा हुई हैं। इसके बावजूद भी अमेरिका रूस -यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। वहीं, एक सवाल के जवाब में जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार रूस पर कड़ा आर्थिक दबाव बना रहे हैं। उन्होंने उदाहरण के साथ समझाते हुए भारत पर लगाए गए टैरिफ की बात की।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 25-08-2025 22:24 Page 1



# जिला समन्वय समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा क्रम में जिले के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय, पानी और बिजली की व्यवस्था की जानकारी ली। इस क्रम में वैसे विद्यालयों -आंगनबाड़ी केंद्रों को चिन्हित करते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा। उन्होंने कहा कि आवश्यक कार्यों के लिए विभागीय आवंटन के साथ-साथ जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसब्लिटी (सीएसआर) मद से भी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए समाज कल्याण विभाग को आवंटन संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्तांतरित करने और इस कार्य को आगामी 05 नवंबर 2025 तक हर हाल में पूरा करने का सभी बीडीओ को निर्देश दिया। कहा कि बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए।बैठक के क्रम में सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसरों का नियमित निरीक्षण करें। इस क्रम में सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई का भी जायजा लें और व्यवस्था को दुरूस्त रखें। महिलाओं और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए अतिरिक्त शौचालय चिन्हित करें, जरूरत हो तो निर्माण के लिए जिला को प्रस्ताव भेजें।

गोमिया प्रखंड के हुरलुंग में नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर को अगले एक सप्ताह के भीतर हैंडओवर की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने किसी भी भवन अगर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो, संबंधित विभाग को हैंडओवर की प्रक्रिया को बिना किसी विलंब के पूरा करने को कहा।

उपायुक्त ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों का पंजीकरण अभियान चलाकर करने का जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने आगामी 05 दिनों में कम से कम लक्ष्य का 70 प्रतिशत प्राप्त करने को कहा। किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए संबंधित विभागों कृषि झ्र सहकारिता आदि को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया।

सभी प्रखंडों में शिविर लगाकर प्रि-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने का उपायुक्त ने डीईओ झ्र डीएसई झ्र डीडब्ल्यूओ को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने सभी बीडीओ को सत्यापन कार्य - छात्रवृत्ति वितरण में किसी भी प्रकार की देरी नहीं करने को कहा। जिला स्तर पर टीम गठित कर शैक्षणिक संस्थाओं का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सितंबर माह में तिथि निर्धारण कर आधार सीडिंग और सत्यापन कार्य करने को कहा।

बैठक क्रम में शिक्षा विभाग को मर्जर (विलय) के बाद खाली पड़े विद्यालय भवनों की सूची जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इन भवनों का उपयोग आजीविका योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आने वाले में किया जाएगा, जिससे ग्रामीण युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।उपायुक्त ने कहा कि आगामी दिनों में धानकटनी महोत्सव का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित विभाग इसके लिए भी से ही तैयारी में जुट जाएं। धान अधिप्राप्ति प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। अक्टूबर माह में धान अधिप्राप्ति शुरू होगी। उन्होंने किसानों के पंजीकरण कार्य को अभियान चलाकर तेजी से किया जाए और निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करें। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों/ कार्यालयों बीडोओ गोमिया, कल्याण, बीडीओ नावाडीह, पशुपालन, जेएसएलपीएस,ग्रामीण विकास शाखा, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया जाए। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन कर प्रतिवेदन शिकायत निवारण कोषांग में ससमय समर्पित करने को कहा।

मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी मारूति मिंज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रखंडों के बीडीओ सीओ आदि उपस्थित थे।

## डीलरों को मिला प्रशिक्षण

**धनबाद।** एडीएम (सप्लाई) जियाउल अंसारी की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में जिले के 650 से अधिक पीडीएस डीलरों को स्मार्ट पीडीएस सिस्टम का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर एडीएम सप्लाई ने कहा कि स्मार्ट-पीडीएस सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत सरकार की एक तकनीकी पहल है। इसका उद्देश्य लीकेज को रोकना, सब्सिडी वाले खाद्यान्नों का समय पर वितरण सुनिश्चित करना तथा आवंटन और पारदर्शी वितरण के वास्तविक समय के माध्यम से डिजिटल शासन को बढ़ावा देना है। इसके लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और ईपीओएस (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल) लेनदेन जैसी नई तकनीकों को एकीकृत करके सेवा वितरण में सुधार करना है।इस अवसर पर रांची से आए विजन टेक कंपनी के इंजीनियर मंतोष कुमार ने नई सिस्टम पर सभी पीडीएस डीलरों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि यह पहले से काफी एडवांस है और इसमें रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है। इसमें हिंदी के अलावा अंग्रेजी भाषा में भी काम किया जा सकता है।

## मृत कर्मचारी की पत्नी को मिला नियुक्ति पत्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो बोकारो स्टील प्लांट के यातायात विभाग के मृत कर्मचारी प्रदीप गोस्वामी की पत्नी को बोकारो स्टील प्रबंधन ने नियुक्ति पत्र दिया है। ऑफर लेटर मृतक की पत्नी को धनबाद के सांसद ढूंलू महतो ने प्रदान किया। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता दिनेश नायक अविनाश सिंह के सभी लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील के ट्रैफिक विभाग के कर्मचारी प्रदीप कुमार गोस्वामी की रविवार को लम्बी बीमारी के बाद मौत हो गई थी। पिछले दो वर्ष से बीमारी के कारण ड्यूटी नहीं जा रहे थे। बोकारो स्टील प्रबंधन के लापरवाही के कारण मेडिकल बोर्ड की बैठक नहीं हुई थी जिसके कारण उन्हें अनफिट घोषित नहीं किया गया था जिसके कारण उनके जीते जी उनके आश्रित को नियुक्ति पत्र नहीं मिली थी। इस बात की जानकारी मिलने पर धनबाद सांसद श्री महतो ने इस मामले को गंभीरता से लिया तथा बोकारो स्टील प्रबंधन से बातचीत किया एवं अपने प्रतिनिधि को वार्ता करने का निर्देश दिया वार्ता मैं आश्रित को नियुक्ति पत्र देने की सहमति बन गई तथा सांसद ने स्वयं अपने हाथों से मृतक की पत्नी को नियुक्ति का ऑफर लेटर प्रदान किया।

# गणित विज्ञान मेले में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी-अपनी प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय स्तर पर गणित विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए गणित विज्ञान संबंधी विभिन्न विषयों पर आकर्षक प्रदर्शों की प्रस्तुति की। मेला का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी के सह सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान का संबंध नित्य नए उपयोगी खोजों से है। सतत खोज एवं परिश्रम के पश्चात ही वैज्ञानिक जो निष्कर्ष निकलते हैं वह सिद्धांत विज्ञान की दृष्टि में सिद्ध होता है । उन्होंने भैया - बहनों के प्रदर्शन को देखा और उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।



विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि विद्या भारती इस प्रकार के मेले के माध्यम से बालकों के अंदर गणित एवं विज्ञान विषयों के प्रति रोचकता बढ़ाने का कार्य करती आ रही है। भैया - बहनों ने इस प्रदर्शनी में वैज्ञानिक सोच के आधार पर गणित एवं विज्ञान से संबंधित प्रदर्श बनाए हैं । प्रदर्श मॉडल एजुकेशन की वैज्ञानिक प्रस्तुति है ।इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के सर्वांगीण विकास का पथ प्रशस्त होता है। यहां से जो भैया - बहन चयनित होंगे वह प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर क्षेत्र और उसके बाद अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। हमें विश्वास है कि हमारे बालक इन प्रदर्शन के माध्यम से विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

इस कार्यक्रम के प्रमुख विज्ञान के आचार्य हेमंत मंडल ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में शिशु ,बाल,किशोर और तरुण वर्गों में हो रही है ।,जिसमें ऊर्जा संरक्षण कचरा प्रबंधन , जल प्रबंधन , सौर्य ऊर्जा, जीवाश्म ईंधन, सेंसर बेस्ड मॉडल , नवाचारित प्रदर्श, सम बहुभुजों के गुण धर्म पर आधारित प्रदर्श, क्षेत्रमितीय आधारित, त्रिकोणमिति पर आधारित प्रदर्श आदि प्रस्तुत किए गए।

चारों वर्गों से गणित एवं विज्ञान के कुल 103 मॉडल प्रदर्शित किए गए जिसमें सभी विषयों से प्रत्येक वर्ग के सभी विषयों से प्रथम आए प्रदर्श को आगे की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित किया गया है ।वे पुनः अपनी तैयारी में लगकर आगे की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार रहेंगे। वही इस मेले में कक्षा द्वादश कॉमर्स के भैया - बहनों ने फूड स्टॉल भी लगाया जिसमें बालको एवं अभिभावकों ने रुचि दिखाई। जहां लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर स्वाद लिया।

इस अवसर पर अभिभावक प्रतिनिधि विनोद प्रजापति, विद्यालय के प्रभारी चंदन सरकार, विज्ञान के आचार्य सुभाष कुमार ,सुजीत चौहान , नीलिमा पांडे, राजकुमार , नटवर कुमार एवं समस्त आचार्य दीदी, कर्मचारी बंधु भगनी उपस्थित रहे।

## जिले में शिक्षकों की उपस्थिति में धनबाद दूसरे स्थान पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की निरंतर समीक्षा व मॉनिटरिंग तथा पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रोत्साहित करने व उनका मार्गदर्शन करने के बाद धनबाद के शिक्षा विभाग ने अप्रत्याशित प्रगति हासिल की है।

विगत जुलाई माह में धनबाद के सरकारी विद्यालयों में जहां शिक्षकों की उपस्थिति औसतन 50% थी, वह अगस्त माह में औसतन 85% रही। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति में 35% प्रगति से धनबाद जिला ने अगस्त माह में पूरे झारखंड राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को ऐसी ही लगन से अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने का अनुरोध किया। साथ ही छात्रों की उपस्थिति में भी वृद्धि करने का निर्देश दिया।

# साझा संकल्प संवाद में जस्ट ट्रांजिशन और आजीविका पर हुई चर्चा

## समाज और अर्थव्यवस्था का भी ध्यान रखना जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क, सहयोगिनी, और पंच सफर के संयुक्त तत्वावधान में आज बोकारो के सहयोगिनी विवेकानंद सभागार में ₹साझा संकल्प संवाद₹ का आयोजन किया गया। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य जस्ट ट्रांजिशन (न्यायसंगत बदलाव) और आजीविका के मुद्दों पर चर्चा करना था।

इस संवाद में बोकारो जिले के विभिन्न संस्थानों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ताओं ने जस्ट ट्रांजिशन के महत्व पर जोर दिया, खासकर उन समुदायों के लिए जिनकी आजीविका खनन और औद्योगिक गतिविधियों से प्रभावित होती है।

कार्यक्रम में पंच सफर संस्था के गुलाब चंद्र, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर, और सुबोध सिंह पवार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। अन्य वक्ताओं में मुन्ना सिंह, प्रीति रंजन, श्याम कुंवर भारती, मुखिया पुष्पा देवी, योगो पूर्ति, विजय कुमार, और जुबा प्रीतम शामिल थे।

वक्ताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि जस्ट ट्रांजिशन केवल पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इसमें समाज और अर्थव्यवस्था का भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था में बदलाव होते हैं, तो यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि किसी भी व्यक्ति या समुदाय को पीछे न छोड़ा जाए।

इस संवाद ने जस्ट ट्रांजिशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भविष्य में सहयोग की राह खोलने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। यह आयोजन बोकारो और झारखंड के लिए एक बेहतर भविष्य की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वयं सेवी संस्था से पिंकी देवी ,रीना कुमारी, मरियम कुमारी ,समीना खातून ,मनोज सिंह ,प्रकाश कुमार महतो, सूरजमानी देवी ,विनोद कुमार यादव ,विनीता देवी ,विजय कुमार महतो, विजय एक्वा ,गिरीश मिश्रा ,सदानंद मुखर्जी, सनी कुमार, अभय कुमार सिंह, रवि कुमार राय आदि उपस्थित थे।

# लॉ कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर लॉ कॉलेज धनबाद मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में कानून के विद्यार्थियों को जमानत तथा रिमांड से संबंधित प्रावधानों के विषय में जानकारी दी गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव शाह अवर न्याधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि लॉ कॉलेज धनबाद मे एकदिवसीय कार्यशाला सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ. कमल किशोर , असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.विक्टोरिया मुर्मू , डॉ भोपल कुमार महतो , जितेंद्र कुमार राय सहायक एलएडीसीएस कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति , अधिकार मित्र श्याम कुमार झा द्वारा लॉ कॉलेज की शिक्षिका एवं छात्राओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013, की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कोई घटना संज्ञान में आती है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से निशुल्क विधिक सहायता के तहत कानूनी सहायता ले सकते है ।

# बोकारो विधायक ने अपनी ही सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के नाम पर रजिस्टर टू में जमाबंदी दर्ज करते हुए नाम दर्ज करने पर बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने अपने ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बोकारो विस्थापित अधिकार संघ के बैनर को लेकर आज विधायक श्वेता सिंह ने विस्थापित और अपने समर्थकों के साथ बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर मांग पत्र भी जिला प्रशासन को सौपा।



बोकारो जिला प्रशासन के द्वारा 19 गांव को पंचायत में शामिल करने को लेकर बहाल करने के बाद बोकारो स्टील के नाम पर रजिस्टर टू में बोकारो स्टील का नाम दर्ज कर दिया गया किसी के खिलाफ विस्थापितों में आक्रोश देखा जा रहा है और इसी आक्रोश को देखते हुए विधायक ने इसका विरोध शुरू किया है।

विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है। उन्हें इस गांव को पंचायत में शामिल करना इसके लिए अगर हमें विधायकी भी कुर्बान करनी पड़ेगी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। अधिकारियों ने विस्थापितों के साथ छल किया है जिसको लेकर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के सामने भी मामले को उठाने का काम करूंगी। भाई झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य हीरालाल मांझी ने कहा कि जिले के अधिकारी बोकारो स्टील के जमीन के मामले को लेकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। बिना लड़ाई के कभी कुछ हासिल नहीं हुआ है ।सरकार हमारी है लेकिन लड़ाई निर्णायक होगी।

## असहायों के बीच मच्छरदानी व बेड-शीट का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तेतुलमारी। सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समीप स्टाफ रिक्रिएशन क्लब के प्रांगण में 40 महिलाओं (दैनिक मजदूरों)के बीच दीक्षा महिला मंडल की सिजुआ इकाई के तत्वाधान में मच्छरदानी तथा बेड-शीट का वितरण किया गया। वितरण समिति की अध्यक्ष, शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रज्वला महिला मंडल की अध्यक्ष, शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा हमारी प्रज्वला महिला मंडल, हर दबे, कुचले, गरीब, असहाय तथा समाज के अंतिम व्यक्तियों तक मदद पहुंचाने का कार्य करती है, और आगे भी करती रहेगी।

ऐसे सामाजिक कार्य का कार्यक्रम दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष, श्रीमती मिली दत्ता के मार्गदर्शन में किया जाता है। इस अवसर पर भाषवती कुंडू, रेखा कुमार, आदि उपस्थित थी।

# डेकोरेटर एसोसिएशन धनबाद शाखा का चुनाव संपन्न

## 10 सितम्बर के चुनाव में 1300 मतदाता डालेंगे वोट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन, धनबाद शाखा का चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर शेखर वर्मा ने सजय तिवारी को हराकर अध्यक्ष नियुक्त हुए। सचिव पद नीरज कुमार शाहा ने निर्विरोध चुने गये थे। कोषाध्यक्ष पद पर संजय कुमार ने सुदीप्तो सिन्हा को हरा कर नियुक्त हुए। धनबाद जिला डेकोरेटर ऐसोंशियसन मे जिले भर में कुल 20 शाखा है। केन्द्रीय चुनाव अगामी तीन पदों के लिए 10 सितम्बर को न्यू टाउनहॉल में की जायेगी जिससे कुल 1300 वोटर वोट करेंगे।

# जिला सीएम एसओई व बीबीएमकेयू में कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय के अभियान के तहत आज धनबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में किया गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोवाडीह, बी.एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय, धनबाद, +2 उच्च विद्यालय, धनबाद एवं यू.एच.एस. कोला कुसमा, धनबाद के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये वित्तीय साक्षरता के प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा वर्तमान परिदृश्य में केंद्रीय बैंक के बुनियादी व विकासात्मक कार्यकलापों, बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग तथा सतर्कता और वित्तीय जन-जागरूकता के विभिन्न पहलुओं से छात्रों को परिचित कराया। कार्यक्रम में जादू के माध्यम से बैंकिंग, बजट, बीमा एवं निवेश आदि से जुड़े अनेक वित्तीय संदेशों को प्रसारित किया गया, जिसे सभी के द्वारा सराहा गया। उपस्थित प्रतिभागियों एवं शिक्षकों ने भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से क्षेत्रीय निदेशक की इस अभिनव पहल का स्वागत करते हुए इसे पूरे प्रदेश में वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन एवं जागरूकता को जन जन तक ले जाने की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम बताया। साथ ही क्षेत्रीय निदेशक के नेतृत्व में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में छात्राओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक में एक अच्छे करियर विकल्प के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 90 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय जागरूकता की दिशा में अनेक नवोन्मेषी पहलों के बारे में जानकारी दी गयी एवं छात्राओं के करियर संबंधी प्रश्नों का उत्तर दिया गया। दोनों कार्यक्रमों के अंत में प्रतिभागियों के लिए एक रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को क्षेत्रीय निदेशक एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# आवासों की मरम्मति को ले किया धरना-प्रदर्शन

## मार्च माह में मिला था आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित सेक्टर 12 के जर्जर आवासों को लेकर फूटा आक्रोश, नगर सेवा भवन के समक्ष स्थानीय लोगों ने धरना दिया।

जर्जर आवासो की मरम्मत और रिटेंशन बहाली की मांग को लेकर सोमवार को आवास बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। यह धरना नगर सेवा भवन, सेक्टर 4 के समक्ष आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी, सेवानिवृत्तजन, विधवाएं और प्रभावित परिवार शामिल हुए।



धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मार्च 2025 में हुए आंदोलन के बाद प्रबंधन ने 15 दिनों में मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन पाँच माह बीत जाने के बावजूद न तो कोई कार्ययोजना सामने आई और न ही कार्टरों की मरम्मत का कार्य धरातल पर प्रारंभ हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रबंधन बार-बार एनबीसीसी को ठेका देने की बात करता है, लेकिन आज तक न कोई योजना घोषित हुई और न ही ठोस कार्य दिखाई दिया। इस कारण सेक्टर 12 के परिवार आज भी असुरक्षित हालात में जीने को मजबूर हैं।

बोकारो से भाजपा के पूर्व विधायक बिरांची नारायण ने कहा कि प्रबंधन हठ धर्मिता छोड़ें सेक्टरों में हो रहे रिपेयर वर्क की तरह सेक्टर 12 में भी रिपेयर वर्क का काम शुरू हो, ताकि बरसों से रह रहे लोगों को तकलीफ का सामना नहीं करना पड़ेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK